संसेक्स 74,227.63 ▲ +350.81
डॉलर 83.409 ▼ -0.072

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 36.0 | 23.0 | 33.0 |
| धनबाद | 39.0 | 23.0 | 37.0 |
| जमशेदपुर | 43.0 | 24.0 | 40.0 |
| पलामू | 39.0 | 22.0 | 36.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास


# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



डालटनगंज (मेदिनीनगर), चैत्र कृष्ण पक्ष 11, विक्रम संवत 2080 डालटनगंज (मेदिनीनगर), शुक्रवार, 05 अप्रैल 2024, वर्ष-30, अंक- 167, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय नकली दवाओं से जीवन-रक्षा पर ... 08
डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
आज का भारत दुश्मनों को घर में ...12 देश/विदेश




## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 82925 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 82923 73444 संपर्क करें।

## पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 69,100
चांदी (किलो) 78,130

# एसीबी की बड़ी कार्रवाई, दो सरकारी बाबू रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार

### चतरा और पलामू में एंटी करप्शन ब्यूरो ने रिश्वत लेते दो को किया गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** चतरा और पलामू में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने भ्रष्टाचार के विरूद्ध कार्रवाई की है। एसीबी ने दो सरकारी कर्मचारियों को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। पहली घटना पलामू के पाटन की है जहां एक राजस्व कर्मचारी परवेज आलम को 7 हजार रुपये रिश्वत लेते पाटन ब्लॉक से गिरफ्तार किया गया है। जमीन म्यूटेशन के एवज में राजस्व कर्मचारी रिश्वत ले रहा था। पाटन से गिरफ्तार करने के बाद राजस्व कर्मचारी को मेदिनीनगर कार्यालय लाया गया।



यहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। राजस्व कर्मचारी को गिरफ्तार करने के साथ एसीबी पलामू ने इस वर्ष का पहला ट्रेप केस पूरा कर लिया है। दूसरी घटना चतरा की है। जहां पांच हजार रिश्वत लेते दारियातू पंचायत सेवक सह जनसेवक अजय साव को गिरफ्तार किया गया है। अजय साव की गिरफ्तारी पोस्ट ऑफिस के समीप से की गई। दअसल मामला ये है कि चतरा के दारियातू पंचायत के असाढीया देवी मंडप के पास पीसीसी सड़क निर्माण किया जा रहा है। सड़क निर्माण 15वें वित्त से 2 लाख 10 हजार की लागत से की जा रही है। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### रिश्वत लेते सीसीएल आम्रपाली के डिस्पैच अधिकारी समेत दो गिरफ्तार



**रांची।** सीबीआई ने 50,000 रुपये की रिश्वत लेने से संबंधित मामले में चतरा के सीसीएल आम्रपाली प्रोजेक्ट के एक डिस्पैच अधिकारी और ग्रेड-3 के एक क्लर्क सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, चतरा सीसीएल के आम्रपाली प्रोजेक्ट के डिस्पैट अफसर के खिलाफ शिकायतकर्ता ने सीबीआई के पास एक मामला दर्ज कराया था। इसमें आरोप लगाया गया था कि आरोपी ने चतरा सीसीएल आम्रपाली प्रोजेक्ट से डीओ नंबर 1002 और 1003 के खिलाफ कोयला उठाने की अनुमति देने के लिए 91,000 रुपये की रिश्वत की मांग की थी। शिकायतकर्ता की शिकायत पर सीबीआई ने मामले की कार्रवाई करते हुए जाल बिछाया और आरोपी प्रेषण अधिकारी के कहने पर शिकायतकर्ता से 50,000 रुपये की आंशिक रिश्वत राशि स्वीकार करते हुए ग्रेड-3 के उक्त क्लर्क को पकड़ लिया। जांच के दौरान जब आरोपियों के परिसर की तलाशी ली गई, तो वहां से कुछ दस्तावेज बरामद किए गए।

# जिले की पहली सीएनजी बस सर्विस शुरू
## डालटनगंज से औरंगाबाद तक कर सकेंगे सफर



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू में गुरुवार को पहली सीएनजी गैस द्वारा चलित बस का शुभारंभ हुआ। झारखंड गैस के टेरीटोरी मैनेजर चेतन कुमार मिश्रा ने इसे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर दुर्गा ट्रेवल्स एण्ड दुर्गा आटोमोबाइल के प्रोपराइटर अर्पण कुमार सिंह समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। जिले की यह पहली बस है जो सीएनजी गैस द्वारा चलेगी। अबतक पलामू से जितनी भी बसें दूसरे शहरों के लिए जाती हैं। सभी डीजल से चलती है। यह बस मेदिनीनगर से औरंगाबाद तक चलेगी। निकट भविष्य में इसका और विस्तार किया जाएगा। दुर्गा ट्रेवल्स के प्रोपराइटर अर्पण कुमार सिंह ने बताया कि बढ़ते प्रदूषण को ध्यान में रखते हुए इस सीएनजी गैस से चलने वाली बस का संचालन शुरू किया गया है। यह बस पूरी तरह से प्रदूषण मुक्त है। उन्होंने यात्रियों के लिए कहा कि यह बस सफर के लिए आरामदायक होगा।

### जमीन घोटाला मामले में हेमंत के सलाहकार ने कहा-

# सीएम के निर्देश पर कराया था जमीन का सत्यापन



### हेमंत के खिलाफ ईडी की चार्जशीट पर कोर्ट ने लिया संज्ञान

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित अन्य के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की दाखिल की गई चार्जशीट पर कोर्ट ने संज्ञान ले लिया है। ईडी की विशेष कोर्ट के न्यायाधीश राजीव रंजन की कोर्ट ने गुरुवार को आर्किटेक्ट विनोद सिंह, राजकुमार पाहन और हिलेरियस कच्छप के खिलाफ समन जारी किया है। इसके साथ ही इन तीनों की गिरफ्तारी की आशंका बढ़ गई है। इससे पहले, 30 मार्च को ईडी ने कोर्ट में बड़गाईं अंचल की 8.5 एकड़ जमीन घोटाले में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, आर्किटेक्ट विनोद कुमार, ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### ईडी के पास है पिंटू और उदय के बीच का चैट

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार रहे अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से कहा कि सीएम के निर्देश पर उन्होंने उदय शंकर को 8.86 एकड़ जमीन का सत्यापन करने को कहा था। सूत्रों के अनुसार, बीते 18 मार्च को हुई पूछताछ के दौरान ईडी ने अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू के बयान को पीएमएलए की धारा 50 के तहत दर्ज किया था। अपने ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### दरोगा मीरा सिंह पहुंची ईडी कार्यालय

**रांची।** दरोगा मीरा सिंह गुरुवार को रांची के एयरपोर्ट रोड स्थित क्षेत्रीय कार्यालय पहुंची। ईडी के अधिकारी मीरा सिंह से पूछताछ शुरू कर दी है। इससे पहले मीरा सिंह दो अप्रैल को ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय में पेश हुई थी। ईडी ने उनकी उपस्थिति में ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### दूसरे दिन भी पूर्व मंत्री योगेंद्र साव से हुई पूछताछ

**रांची।** पूर्व मंत्री योगेंद्र साव गुरुवार को रांची के एयरपोर्ट रोड स्थित ईडी कार्यालय पहुंचे। ईडी के अधिकारियों ने उनसे पूछताछ की। बालू के अवैध कारोबार सहित कई मामलों में ईडी ने योगेंद्र साव से कई अहम दस्तावेज मांगे थे। इसे लेकर पूर्व मंत्री ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# जेल में सीएम चंपाई और बसंत ने हेमंत सोरेन से की मुलाकात

### झामुमो के स्थापना दिवस पर हजारीबाग नहीं गए सीएम





नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से मिलने गुरूवार को सीएम चंपाई सोरेन और मंत्री बसंत सोरेन बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार होटवार पहुंचे। बताया जा रहा है कि लोकसभा चुनाव को लेकर तीनों नेताओं के बीच बातचीत हुई। जिसके बाद ही दुमका और गिरिडीह के प्रत्याशियों के नाम पर मुहर लगी। इससे पहले बीते 16 फरवरी को कैबिनेट के विस्तार से पहले बसंत सोरेन होटवार जेल गए थे।

**स्थापना दिवस पर शिरकत नहीं कर पाए सीएम :** हजारीबाग में झामुमो के 45वें स्थापना दिवस पर सीएम चंपाई सोरेन शिरकत नहीं कर पाए। सीएम चंपई सोरेन को कल्पना सोरेन के साथ स कार्यक्रम में शामिल होना था। लेकिन व्यस्ता के कारण वे शामिल नहीं हो सके और कल्पना राज्यसभा सांसद महुआ मांजी के साथ स्थापना दिवस में शामिल हुई । सीएम ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि कुछ अपरिहार्य कारणों से झारखंड मुक्ति मोर्चा के स्थापना दिवस के इस महत्वपूर्ण मौके पर आपके साथ नहीं हूं। लेकिन वहां न होते हुए भी, हर पल आपके साथ हूं। झारखंड राज्य आंदोलन के समय से ही हजारीबाग झामुमो का एक प्रमुख गढ़ रहा है और आज उस दौर की कई खट्टी-मीठी बातें याद आ रही है। इस माटी और यहां के लोगों ने हमेशा ही हमारी पार्टी को सहयोग एवं समर्थन दिया है। आगे लिखा है कि चुनावों के इस दौर में, आप सभी से अनुरोध है कि हर घर तक हमारी सरकार की योजनाओं को पहुंचाएं, ताकि जनता भ्रमित ना हो सके। बहुत जल्द आप सभी से मुलाकात होगी।

## एक नजर

### केजरीवाल को सीएम पद से हटाने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने की मांग वाली जनहित याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा, जब हम एक बार इस तरह की याचिका पर फैसला दे चुके हैं, तो दोबारा कैसे अपने फैसले को पलटें। हिंदू सेना के अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने यह ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## आज के मैच



समय : 05 अप्रैल, 7:30 बजे से
स्थान : हैदराबाद

## आजकल




धर्मेंद्र व्यास

# दुमका से नलिन सोरेन और गिरिडीह से मथुरा महतो झामुमो के प्रत्याशी घोषित



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** होटवार जेल में सीएम चंपई सोरेन और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा ने गुरुवार को दुमका और गिरिडीह लोकसभा सीटों से उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। दुमका से नलिन सोरेन और गिरिडीह से मथुरा प्रसाद महतो को उम्मीदवार बनाया गया है। पार्टी के महासचिव विनोद पांडेय ने विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी है। राजनीतिक गलियारों में ऐसी चर्चा थी कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल से ही दुमका लोकसभा का चुनाव लड़ सकते हैं पर अब इस घोषणा के बाद सभी प्रकार की अटकलों पर विराम लग गया है।

**6 सीटों पर गठबंधन के प्रत्याशी घोषित :** इसके पहले कांग्रेस ने तीन सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित किया था। अब झामुमो ने दो सीटों पर प्रत्याशी के नाम का ऐलान कर दिया है। इस तरह इंडी गठबंधन के मुख्य घटक दल कांग्रेस और झामुमो ने झारखंड में कुल पांच सीटों पर सीटों पर प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है। जिसमें लोहरदगा से सुखदेव भगत, खूंटी से कालीचरण मुंडा और हजारीबाग से जय प्रकाश पटेल को उम्मीदवार बनाया गया था। जबकि कोडरमा सीट से भाकपा माले के बगोदर विधायक विनोद सिंह को मैदान में उतारा गया है।

# झारखंड में वाहन चेकिंग के दौरान अबतक 2.20 करोड़ बरामद

### चुनाव आदर्श आचार संहिता लागू है और 50 हजार से अधिक रकम नगद ले जाने पर प्रतिबंध : एवी होमकर

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड में चुनाव आयोग की ओर से आधार आदर्श आचार संहिता लागू करने के बाद से उल्लंघन करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। झारखंड पुलिस ने आचार संहिता लागू होने से अब तक राज्य के अलग-अलग जिलों में चेकपोस्ट पर वाहन चेकिंग के दौरान 2.20 करोड़ रुपये बरामद किये हैं। आचार संहिता के दौरान किसी के पास 50 हजार से ज्यादा कैश मिलने पर इसके स्रोत की जानकारी पूछी जायेगी। अगर 10 लाख से अधिक कैश होगा तो यह आयकर विभाग की जांच के दायरे में आयेगा। आईजी अभियान सह राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर ने गुरुवार को बताया कि चुनाव आदर्श आचार संहिता लागू है और 50 हजार सें अधिक रकम नगद ले जाने पर प्रतिबंध है। राज्य के सभी जिलों के एसपी को लगातार सभी चेकपोस्ट पर चेकिंग करने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान अब तक 2.20 करोड़ बरामद किया गया है। इसके अलावा शराब सहित मादक द्रव्य पदार्थ बरामद किए गए हैं।



### इन जिलों से हुए रुपये बरामद

- 8 मार्च को धनबाद के मैथन में पुलिस ने कार से 2.91 लाख जब्त किये।
- 23 मार्च को बोकारो पुलिस ने चेकिंग के दौरान तीन कार से करीब 3.50 लाख बरामद किये।
- 24 मार्च को लातेहार एसपी के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाकर तीन लाख बरामद।
- मार्च को रामगढ़ एसपी ने बरलांगा मुख्य मार्ग पर चेकिंग के दौरान एक वाहन से 1.95 लाख जब्त किये।
- 27 मार्च को लातेहार के बारियातू में कार से 1.21 लाख बरामद।
- 27 मार्च को दुमका में चेकपोस्ट पर जांच के दौरान अलग-अलग वाहनों से 16.53 लाख जब्त।
- मार्च को लातेहार में वाहन चेकिंग के दौरान 21.95 लाख कैश बरामद।
- 31 मार्च को धनबाद के धनसार में ओला वाहन से पांच लाख जब्त।
- 01 अप्रैल को जमशेदपुर के कमलपुर में वाहन चेकिंग के दौरान 10 लाख बरामद। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### गिरिडीह पुलिस की बड़ी कार्रवाई में बस से 1.09 करोड़ बरामद

#### गया से कोलकाता ले जाया जा रहा था पैसा, पुलिस कर रही जांच

**गिरिडीह।** पुलिस ने गुरुवार की सुबह बिहार के गया से कोलकाता जा रही महारानी बस से एक करोड़ नौ लाख 50 हजार रुपये बरामद किए हैं। इस मामले की पुष्टि करते हुए गिरिडीह के एसपी दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि बुधवार की रात उन्हें यह सूचना मिली कि बिहार के गया से कोलकाता जा रही महारानी बस में एक करोड़ से अधिक राशि को रखा गया है। इस राशि से चुनाव को प्रभावित किया जाना है। गिरिडीह के एसपी ने कहा कि इस सूचना पर एफएसटी (फ्लाइंग स्कवॉड टीम) को सक्रिय किया गया। टीम में बगोदर बीडीओ अजय कुमार वर्मा, सरिया-बगोदर एसडीपीओ धनंजय कुमार राम ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर


## इंडिया

# भारत के अंदरूनी मुद्दों पर विदेशी टिप्पणी कितनी एकतरफा कितनी उचित?



सुनील बादल

**कश्मीर** सहित भारत के अंदरूनी मामलों में विदेशी हस्तक्षेप का इतिहास बहुत पुराना है पर मोदी की आक्रामक विदेश नीति और दो टूक फैसलों से यह सिलसिला रुक सा गया था जो अब लगता है चुनाव पूर्व मोदी और भारत कि वैश्विक छवि धूमिल करने के प्रयास फिर से तेज हो रहे हैं। कनाडा के आरोप लगाने के बाद पलटने के बाद अब अमेरिका द्वारा आम चुनाव से पहले मोदी सरकार के कार्यकलापों को लेकर चिंता व्यक्त किए जाने पर नई दिल्ली और वाशिंगटन आमने-सामने आ गए हैं। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता द्वारा पहली बार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर टिप्पणी करने के बाद, विदेश मंत्रालय (एमईए) ने दिल्ली में अमेरिकी दूतावास के कार्यवाहक उप प्रमुख को तलब किया और अमेरिका को भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने से बचने की सख्त हिदायत दी। जर्मनी द्वारा इसी किस्म के बयान के लिए एक जर्मन राजनयिक को भी फटकार लगाई गई थी। हालांकि जहां जर्मन सरकार ने बाद में अपनी टिप्पणियों को नरम कर दिया, वहीं अमेरिकी प्रशासन ने अपने तेवर दोगुना तीखे कर लिए हैं। 'निष्पक्ष, पारदर्शी, समयबद्ध कानूनी प्रक्रियाओं' की जरूरत संबंधी बयान को दोहराते हुए, उसने अपनी चिंताओं में चुनाव अभियान के दौरान कांग्रेस पार्टी के खातों को 'फ्रीज' करने की बात को जोड़कर एक और फटकार को न्योता दिया। सरकार की निंदा करने वाले संयुक्त राज्य अमेरिका के बयान नए नहीं हैं और नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, किसानों के विरोध, गैर सरकारी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई तथा विपक्षी राजनेताओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई को लेकर उसकी चिंताएं बढ़ रही हैं। मोदी सरकार ने स्पष्ट किया है कि भारत की जांच एजेंसियां और न्यायिक व्यवस्था स्वतंत्र है पर इसकी समीक्षा भी आवश्यक है कि इस टकराव से भारत-अमेरिका रिश्तों में बड़ी समस्या न हो । जब से संयुक्त राज्य अमेरिका ने खालिस्तानी अलगाववादी और भारत के आलोचक, गुरपतवंत सिंह पन्नून के खिलाफ एक कथित हत्या की साजिश में अभियोग की घोषणा की है, सार्वजनिक जुड़ाव की गुणवत्ता को झटका लगा है। भले ही द्विपक्षीय व्यापार, प्रौद्योगिकी




साझाकरण और सैन्य एवं रणनीतिक सहयोग मजबूत बना हुआ है। अब बुधवार को अमेरिका के विदेश विभाग की प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसके प्रवक्ता मैथ्यू मिलर फंसते नजर आए। एक पत्रकार ने अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर से पूछा कि अमेरिका, भारत में अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर मुखर है, लेकिन पाकिस्तान में इमरान खान की गिरफ्तार पर उसने चुप्पी क्यों साधी हुई है? सवाल के जवाब में मैथ्यू मिलर ने कहा कि मैं इससे सहमत नहीं हूं। हमने कई बार कहा है कि हम चाहते हैं कि पाकिस्तान में सभी लोगों के साथ कानून और मानवाधिकारों के मुताबिक बराबरी का व्यवहार किया जाए। दुनिया के किसी भी देश के मामले में हमारा यही स्टैंड है। जवाब से साफ है कि अमेरिकी विदेश विभाग ने जवाब से बचने की कोशिश की। उल्लेखनीय है कि दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया है, जिस पर अमेरिका, जर्मनी और संयुक्त राष्ट्र ने बयान जारी किया। इस पर भारत ने कड़ी आपत्ति जताई थी और भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने एक बयान में कहा कि हम एक संप्रभु राष्ट्र हैं और हम नहीं चाहते कि हम एक दूसरे के आंतरिक मामलों में दखल दें। विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर से जब गुरपतवंत सिंह पन्नू मामले को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि अमेरिका इस मामले की विस्तृत जांच कर रहा है और वे भारत में चल रही इस मामले की जांच पर भी नजर बनाए हुए हैं। मैथ्यू मिलर ने कहा कि हमने भारत सरकार को साफ कर दिया है कि हम इस मामले की विस्तृत जांच चाहते हैं और हम भारत की जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन अभी तक उनके पास इसे लेकर कोई अपडेट्स नहीं हैं। हाल ही में अमेरिका के भारत में राजदूत एरिक गासेर्टी ने कहा था कि कोई भी सरकार या सरकारी कर्मचारी किसी दूसरे देश के नागरिक की हत्या की साजिश में शामिल है तो यह बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं है और यह रेड लाइन है। अमेरिका का नागरिक गुरपतवंत सिंह पन्नू भारत में एक घोषित खालिस्तानी आतंकवादी है। बीते दिनों निखिल गुप्ता नाम के व्यक्ति को चेक गणराज्य में गिरफ्तार किया गया था। अमेरिका खुफिया एजेंसियों ने दावा किया कि निखिल गुप्ता ने गुरपतवंत सिंह को मारने की साजिश रची। ये भी दावा किया गया कि निखिल गुप्ता भारत सरकार के अधिकारी के संपर्क में था। इतना तो कहा जा सकता है कि भारत के ये कथित मित्र इसके हितैषी नहीं हैं और मौके की तलाश में रहते हैं।

### वाईएस. रमेश बने पलामू के डीआईजी



**रांची।** निर्वाचन आयोग ने जैप-1 के समादेष्टा राकेश रंजन को देवघर का एसपी बनाया है। अनूप विजय लक्ष्मी को दुमका जोन का आईजी और वाईएस रमेश को पलामू रेंज का डीआईजी बनाया गया है। खाली पड़े रांची ग्रामीण एसपी के पद पर सुमित कुमार अग्रवाल को पदस्थापित किया गया है। दूसरी तरफ कैलाश करमाली को रांची का ट्रैफिक एसपी बनाया गया है। निर्वाचन आयोग ने शिकायत मिलने पर देवघर एसपी को पद से हटा दिया था। वहीं, खाली पड़े दुमका रेंज के आईजी और पलामू डीआईजी को भरने के लिए पैनल मांगा था। इसके बाद राज्य सरकार ने करीब एक दर्जन आईपीएस का पैनल निर्वाचन आयोग को भेजा था, जिनमें से चार नामों पर आयोग ने मुहर लगा ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### पलामू में वित्तीय वर्ष 2023-24 में मिले 592 नये कुष्ठ रोगी

**मेदिनीनगर।** पलामू में वित्तीय वर्ष 2023-24 में 592 नये कुष्ठ रोगी मिले हैं। जिले में कुष्ठ रोगियों की संख्या में वृद्धि होती जा रही है। 2022-23 में जिले में 277 कुष्ठ रोगी थे। जिला कुष्ठ निवारण कार्यालय के कंसलटेंट डॉ मृत्युंजय कुमार मेहता ने कहा कि पिछले साल और इस साल के मिलाकर कुल कुष्ठ के 869 रोगी हैं। उसमें 481 कुष्ठ रोगी ठीक हो गए हैं,जिन्हें दवा मुक्त कर दिया गया है। फिलहाल जिले में 388 कुष्ठ रोगी ऑन टिटमेंट हैं। उन्होंने कहा कि पहले के तुलना में कुष्ठ की स्क्रिनिंग और टेस्टिंग बढ़ा है। इस कारण कुष्ठ रोगी अधिक मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले कुष्ठ रोगी समाज की लाज के कारण अस्पताल तक नहीं पहुंच पाते थे,परंतु अब कुष्ठ रोगी अस्पतालों तक पहुंचना शुरू कर दिये हैं। उन्होंने कहा कि पहले लोग कुष्ठ रोगी दैवी प्रकोप और पूर्व जन्म के पाप का कारण मानते थे,परंतु अब लोग कुष्ठ के बारे में जारूगरू हो गए हैं और कुष्ठ रोगी सामने आने लगे हैं। इस कारण कुष्ठ रोगियों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोग ऐसा क्रोनिक संक्रमण है जो आमतौर पर माइकोबैक्टीरियम लेप्रे या माइकोबैक्टीरियम लेप्रोमैटोसिस बैक्टीरिया के कारण होता है। उन्होंने कहा कि कुष्ठ की प्रारंभिक पहचान है कि चमड़े पर सुनहरे दाग और दाग में सुनापन होता है। उन्होंने कहा कि यदि समय पर कुष्ठ का इलाज शुरू हो जाए तो कुष्ठ बिल्कुल ठीक होने वाला बीमारी है। उन्होंने समय से इलाज नहीं कराने पर अपंगता तक हो सकता है। उन्होंने कहा कि पलामू के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कुष्ठ की स्क्रिनिंग की सुविधा उपलब्ध है। कुष्ठ रोगियों को अस्पतालों से निःशुल्क दवाईयां और सरकार की योजनाओं का भी लाभ दिया जाता है।

# 108 पशुओं के साथ पकड़े गए आठ तस्कर, जिम्मेनामा पर किसानों को मिला

### पांकी के रन्ने -भरी के रास्ते तस्करी के लिए दूसरे राज्यों में ले जा रहे थे सभी पशु



**नवीन मेल संवाददाता**


**मेदनीनगर।** पशु तस्करों के खिलाफ पांकी थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। गुप्त सूचना का आधार पर पुलिस ने गुरुवार की सुबह करीब 4:30 बजे 108 पशुओं के साथ आठ पशु तस्करों को पकड़ा है। पुलिस ने तस्करों के खिलाफ केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन को गुप्त सूचना मिली थी कि पांकी के भरी के रास्ते तस्करी के लिए बड़ी संख्या में पशुओं को दूसरे राज्यों में ले जाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार प्रशिक्षु आईपीएस गौरव गोस्वामी और पांकी थाना प्रभारी उत्तम तिवारी के नेतृत्व में टीम गठन किया गया। इस दौरान पुलिस ने पांकी के भरी इलाके से कुछ लोगों के द्वारा बड़ी संख्या में पशुओं को ले जाते देखा गया। पुलिस बल की टीम ने घेराबंदी कर सभी पशुओं को जब्त कर लिया। बताया जाता है कि पुलिस बल को देखते ही तस्कर भागने लगे थे। पुलिस जवानों ने दौड़ाकर आठ तस्करों को पकड़ा। वहीं, कई तस्कर भागने में सफल रहे। पकड़े गए सभी पशु तस्करों से पुलिस पूछताछ कर रही है। जबकि जब्त सभी पशुओं को किसानों के बीच वितरण कर दिया गया है। 108 पशुओं में दो भैंस और 106 बैल हैं। पांकी थाना प्रभारी उत्तम तिवारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पांकी के रन्ने - भरी इलाके से 108 पशुओं के साथ 8 तस्करों को पकड़ा गया है। पकड़े गए सभी पशु तस्करों से पुलिस पूछताछ कर रही है। अब तक की जांच में पुलिस को कई अहम जानकारी हाथ लगी है। पुलिस इस आधार पर जांच कर रही है। पशुओं को बिहार ले जाने की तैयारी की जा रही थी। पकड़े गए पशु तस्करों ने कई लोगों के नाम बताए हैं, जो पशु तस्करी का मास्टर माइंड है। पुलिस जल्द ही पूरे मामले की खुलासा करेगी। जब्त पशु को फिलहाल कई किसानों को जिम्मा दिया गया है। जरूरत पड़ने पर किसानों के पास से पशु को वापस करा लिया जाएगा। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पकड़े गए सभी पशु तस्कर धावाडीह निवासी अनीश अंसारी और तरहसी के गुरहा निवासी पप्पू खान के लिए काम करते हैं। चर्चा है कि सतबरवा के धावाडीह इलाके से पशुओं को जंगल के रास्ते तरहसी के गुरहा गांव लाया जाता है, फिर वहां से टैंकर या किसी बड़े वाहन से सभी पशुओं को लादकर बिहार या बंगाल देश तक पशुओं की तस्करी की जाती है। इस धंधे में तरहसी के गुरहा, पांकी के रन्ने - भरी और सतबरवा इलाके के कई बड़े लोग शामिल हैं।

### पशु लेने के लिए लोगों की उमड़ी भीड़



पुलिस द्वारा जब्त पशुओं को किसानों के बीच बांट दिया गया है। पांकी थाना प्रभारी उत्तम तिवारी ने बताया कि इतने बड़े पैमाने पर पशुओं को रखने के लिए उनके पास जगह नहीं है, जिसे फिलहाल पशुओं को देखरेख के लिए कई किसानों को जिम्मा दिया गया है। जिन्हें किसानों को पशु का जिम्मा दिया गया है उनसे आधार कार्ड जैसे उनके आवश्यक कागजात लिए गए हैं। इधर., पशु लेने के लिए भरी चौक पर लोगों की काफी भीड़ देखी गई । लोगों का भीड़ देख पुलिस बल के तैनाती में किसानों को दो-दो पशु की जिम्मेवारी दी गई है। कई लोग तो पशु लेने के लिए आधार कार्ड लेकर घुमते नजर आए।

## अघोषित बिजली कटौती से जन-जीवन अस्त व्यस्त, लोग परेशान



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में बिजली की अघोषित कटौती से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। लोगों की दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित हो रही है। भीषण गर्मी के उमस व मच्छरों के आतंक से रात की नींद हराम हो गई है। बिजली विभाग द्वारा बताया गया कि विगत दिनों आंधी तूफान के कारण सेंट्रल ग्रिड लहलहे -भागोडीह 220 केवीए संचरण लाइन के चार टावर क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण विद्युत आपूर्ति चरमरा गई है। जबकि सच्चाई यह है कि भागोडीह में टावर गिरने से हुसैनाबाद क्षेत्र के बिजली व्यवस्था पर कोई प्रभाव नहीं हुआ है। मुख्य कारण पंचम्बा ग्रिड को मिलने वाली बिजली में से गढ़वा के बी मोड़ ग्रिड को भी बिजली देने के कारण हुसैनाबाद क्षेत्र में लोड शेडिंग की समस्या उत्पन्न हो गयी है। इस संबंध में ग्रिड एसडीओ मनोज कुमार ने बताया कि हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में निर्वाध बिजली आपूर्ति के लिए 20 से 25 मेगावाट बिजली की जरूरत है, लेकिन भागोडीह में टावर क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण सोननगर से मिलने वाली पंचम्बा ग्रिड को 50 मेगावाट बिजली में से विभागीय निर्देश पर 10 मेगावाट बी मोड़ को और लगभग 25 मेगावाट रेलवे को दिया जा रहा है। इस कारण लोड शेडिंग की समस्या उत्पन्न हो गयी है और विभाग के निर्देश पर हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में 10 मेगावाट बिजली से काम चलाया जा रहा है। हुसैनाबाद में बिजली आपूर्ति बाधित रहने के कारण शहर में पेयजल आपूर्ति भी ठप हो गई है। इधर , मुस्लिम धर्मावलंबियों का पवित्र माह में रोजा का समय चल रहा है। ऐसी स्थिति में बिजली कटौती से पूरी व्यवस्था अस्त-व्यस्त हो गई है।

## हुसैनाबाद में आर्म्स एक्ट मामले का फरार आरोपी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के अधार पर आर्म्स एक्ट के मामले में फरार चल रहे एक अरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी मनीष यादव हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के लोटनिया गांव का रहने वाला है। इस संबंध में हुसैनाबाद थाना के एसआई शशि शेखर पांडेय ने बताया कि कुछ दिन पूर्व उक्त आरोपी द्वारा अवैध रूप से पिस्टल से फायरिंग कर रहा था। इसकी सूचना पर दंगवार ओपी प्रभारी संजय यादव दल बल के साथ उक्त स्थल पर जब पहुंचे, तो पुलिस को देखते ही वह भाग निकला था। पुलिस ने वहां से पिस्टल का खोखा बरामद की थी और इसके खिलाफ हुसैनाबाद थाना में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। घटना के बाद से वह फरार चल रहा था। हुसैनाबाद एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो को सूचना मिली थी कि मनीष यादव जपला स्टेशन के पास देखा गया है। उन्होंने इसकी तत्काल सूचना हुसैनाबाद थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह को दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे जपला रेलवे क्रॉसिंग के पास से धर दबोचा। पूछताक्ष के बाद उसे न्यायिक हिरासत में मेदिनीनगर जेल भेज दिया गया है।

## मोटरसाइकिल से अवैध विदेशी शराब जब्त, आरोपी गये जेल



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उत्पाद विभाग की ओर से लागातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार की अहले सुबह हरिहरगंज के बरवादोहरी इलाके में अभियान चलाया गया। इस दौरान मोटरसाइकिल में लदा हुआ कुल 103.68 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद किया गया। इस अवैध कार्य में संलिप्त विपिन यादव, रुपेश भुइयां, रंजन भुईयां, अखिलेश भुइयां को जेल भेजा गया। वहीं पवन पासवान के विरुद्ध फरार अभियोग दर्ज किया गया है। इस संबंध में उत्पाद अधीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि उपायुक्त शशि रंजन के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए यह अभियान चलाया जा रहा है।

### देसी शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**हरिहरगंज।** पुलिस ने बुधवार को एनएच 98 इंटरस्टेड चेक पोस्ट पर वाहन जांच के दौरान बाइक पर 45 लीटर महुआ शराब ले जाते हुए यश कुमार नामक युवक को गिरफ्तार किया है। उसे गुरुवार को जेल भेज दिया गया। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार युवक थाना क्षेत्र के भांवर गांव निवासी राम विमल बैठा का पुत्र है। इसके विरुद्ध हरिहरगंज थाना में उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज की गयी है। उन्होंने बताया कि अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

### पॉलिटेक्निक प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल होंगे 4257 परीक्षार्थी

**मेदिनीनगर।** झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगता परीक्षा पर्षद के तत्वावधान में सात अप्रैल को पॉलिटेक्निक प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा में 4257 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के सफल संचालन के मेदिनीनगर में आठ परीक्षा केंद्र बनाये गए हैं। परीक्षा सुबह साढ़े 10 बजे से प्रारंभ होगी। जो दोपहर एक बजे समाप्त होगी। परीक्षा को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिन आठ स्कूलों में परीक्षा केंद्र बनाये गए हैं,उसमें एमकेडीएवी स्कूल परीक्षा केंद्र में 657 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

### विश्रामपुर में आज आयेंगे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी

# कार्यकर्ताओं के साथ करेंगे बैठक, लोस चुनाव पर बनेगी रणनीति



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** लोकसभा चुनाव को लेकर विश्रामपुर नवाडीह कला स्थित आरसीयू स्टेडियम में दोपहर दो बजे से भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन होगा । सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी शामिल होंगे। इसके अलावा विश्रामपुर विस क्षेत्र के सभी दिग्गज नेता, कार्यकर्ता व बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सहित प्रदेश महामंत्री भाग लेंगे। इस बात की जानकारी भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर दी। अमित तिवारी ने कहा कि कार्यकर्ता सम्मेलन में भाजपा प्रत्याशी सह निवर्तमान सांसद विष्णु दयाल राम को भारी मतों से विजयी बनाने की रणनीति बनेगी। ताकि अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सके। डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने बताया कि सम्मेलन में श्री मरांडी भाजपा कार्यकर्ताओं को जीत की टिप्स देंगे और उनमें उत्साह का संचार करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता व कार्यकर्ता हर घर तक पहुंच, पार्टी के विचारों से लोगों को अवगत कराएंगे। प्रधानमंत्री मोदी का संदेश लोगों तक पहुंचाएंगे। उन्होंने सम्मेलन में पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील भी की। मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह प्रभारी विश्रामपुर ओमप्रकाश तिवारी, भाजपा नेता सह पूर्व जिला परिषद भोला सिंह, जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र चंद्रवंशी, इद्रीस हवारी भी मौजूद थे।

### हैदरनगर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की सभा सात को

**हुसैनाबाद।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सात अप्रैल को दिन के 11 बजे से हैदरनगर हाईस्कूल के मैदान में भाजपा की आमसभा होगी। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविन्द्र कुमार सिंह व मंडल अध्यक्ष उमेश चंद्र शिव ने बताया कि इस आमसभा को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पार्टी कार्यकर्ताओं सहित ग्रामीणों को संबोधित करेंगे। उन्होंने इस कार्यक्रम में सभी बूथों के कार्यकर्ताओं को समय से भाग लेकर उनकी चुनावी टिप्स को सुनकर लोकसभा चुनाव के दौरान अमल करते हुए अपने बूथों पर भाजपा को भारी बहुमत से जीत दिलाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम की सफलता के लिए पार्टी स्तर पर हैदरनगर हाईस्कूल के मैदान में जोर-शोर से तैयारी शुरू कर दी गई है।

### भाजपा का बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन सात को

**छतरपुर।** आगामी सात अप्रैल को भाजपा द्वारा बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन छतरपुर के हाई स्कूल के मैदान में आयोजित की गई है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथी सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष झारखण्ड के प्रथम मुख्यमंत्री श्री बाबूलाल मरांडी भाग लेंगे। कार्यक्रम की जानकारी विधानसभा छतरपुर के कार्यक्रम प्रभारी नरेंद्र कुमार पाण्डेय ने दिया। इस कार्यक्रम को लेकर छतरपुर भाजपा कार्यलय में भाजपाइयों की बैठक हुई जिसमे पलामू के वरिष्ठ नेता सह पूर्व सांसद मनोज कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अरविन्द सिंह, भाजपा छतरपुर मण्डल अध्यक्ष नरेश यादव, भारतीय जनता युवा मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष अजीत प्रजापती, पूर्व मण्डल अध्यक्ष चंदन यादव, भोला सिंह, प्रयाग विश्वकर्मा रामपुकार भुइयां समेत सैकड़ो भाजपाई मौजूद थे।

### नावाबाजार प्रखंड में मूंग बीज वितरण में विभागीय अनियमितता का आरोप

# बीज का किसान करते रहे इंतजार, बिचौलिए ले गए मूंग

### किसान हर रोज प्रखंड कार्यालय की दौड़ लगा रहे हैं

### किसानों को चिंहित करने की जिम्मेवारी किसान मित्र को दी गई है





**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** नावाबाजार प्रखंड में किसानों के बीच पर्यवेक्षण को उपलब्ध कराए गए मूंग बीज वितरण में अनियमितता बरती गई है। किसानों के बीच मूंग का वितरण न कर बिचौलिए को उपलब्ध कराया गया। किसान हर रोज प्रखंड कार्यालय की दौड़ लगा रहे हैं। लेकिन वहां कोई सुनने वाला नहीं। नतीजतन किसान विरोध को मूखर हो गए हैं।

जानकारी के अनुसार प्रखंड को पर्यवेक्षण के लिए मूंग बीज का वितरण के लिए उपलब्ध कराए गए हैं। नियमानुसार किसानों को चिंहित करने की जिम्मेवारी किसान मित्र को दी गई है। लेकिन प्रखंड में पदस्थापित एटीएम व बीटीएम नियमों को ताक पर रखकर अपने चहेतों को बीज उपलब्ध करा उपलब्धियां गिना रहे हैं। किसान मित्र से पूछे जाने पर बताया कि प्रखंड को कितना वितरण के लिए उपलब्ध कराया गया है यह जानकारी सांझा नहीं किया गया। केवल किसानों का आधार कार्ड सहित सूची की मांग की गई थी, जो उन्हें उपलब्ध करा दिया गया है। सिंचाई की व्यवस्था नहीं होने के कारण कहीं भी बीज वितरण नहीं किया गया है। प्रखंड के सैकड़ों किसान उपायुक्त को आवेदन देते हुए जांच कराने की मांग करेंगे। ताकि जिम्मेवार लोगों पर कार्रवाई हो सके। बसना पंचायत समिति सदस्य हरिशंकर दुबे ने कहा कि मूंग बीज संबंधित किसी को जानकारी नहीं दी गई। बीटीएम किसान मित्र के साथ मिलकर अपने चहेतों के बीच वितरण कर देते हैं। पंचायत समिति की बैठक में मामले को उठाया जाएगा। इधर प्रखंड कृषि पदाधिकारी नीरज कुमार से बात करने की कोशिश की गई। लेकिन बातचीत नहीं हो सका। ब्रहमोरिया गांव निवासी किसान अशोक पांडेय व सत्यनारायण ठाकुर ने बीज वितरण अभी तक नहीं किए जाने की बात कही।

## हरिहरगंज में रामनवमी पूजा की तैयारी शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** शहर में रामनवमी पूजा की तैयारी प्रारंभ हो गयी है। पूजा समिति के सदस्यों द्वारा शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर महावीरी झंडे लगाए जा रहे हैं। वहीं श्रद्धालुओं से धन संग्रह का कार्य भी शुरू कर दिया है। आयोजकों ने बताया कि बिहार सीमा से लेकर शहर से गुजरने वाली एनएच 98 के दोनों ओर हर दुकान व घर पर महावीरी झंडे लगाए जाएंगे। समिति द्वारा शहर को झंडों से पाटने का काम शुरू कर दिया गया है। इस कार्य में डॉ. प्रमोद कुमार, रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष सन्नी गुप्ता, सचिव चंदन जायसवाल, कोषाध्यक्ष साकेत कुमार, व्यवस्थापक दिलीप स्वर्णकार, सोनू जायसवाल, रविकांत, उपाध्यक्ष करण राजीवर, सत्येंद्र साव, मखन लाल, पवन, गोलू, अमित, सौरभ सहित समिति से जुड़े युवा काफी उत्साह के साथ कार्य में लगे हुए हैं।

**जयंती** | भोजपुरी दोगोला कार्यक्रम का हुआ आयोजन, झूमे श्रोता

# 'वीर बाबा चौहरमल के बताए मार्ग को अपनाने की जरूरत'



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** बाबा वीर चौहरमल पूजा समिति द्वारा नगर पंचायत क्षेत्र के गम्हरिया में वीर बाबा चौहरमल की जयंती मनायी गयी। लोगों ने उनकी प्रतिमा पर पूजा व माल्यार्पण की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिलेश पासवान ने की। संचालन दिनेश कुमार ने किया। इस अवसर पर भोजपुरी गायक विनय बिहारी व सिकंदर पासवान के बीच दो गोला सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व जिप सदस्य मदन पासवान, पूर्व नपं अध्यक्ष शशि कुमार, पंसस रीता देवी, मुखिया नरेश पासवान, बिमलेश पासवान आदि ने संयुक्त रूप से किया। यहां पूजा समिति के लोगों ने अतिथियों का ताजपोशी कर स्वागत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत गायक विनय बिहारी ने सरस्वती वंदना व वीर बाबा चौहरमल की भजन से की। इसके बाद दोनों कलाकारों ने चैती समेत कई गीतों की प्रस्तुति से श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि इस तरह के आयोजन से आपसी प्रेम को बढ़ाया जा सकता है। वीर बाबा चौहरमल के बताए मार्ग को अपनाने की जरूरत है। समाज की मजबूती व विकास के लिए शिक्षा व आपसी सहयोग की अति आवश्यकता है। मौके पर मुख्य रूप से दंगवार मुखिया अमरेंद्र ठाकुर, पंसस राजहंस, प्रदीप, बिमलेश, मिथिलेश पासवान, भोला पासवान,राम जवित पासवान, समिति अध्यक्ष विकास, कुंदन कुमार, जेके पासवान, मुन्ना कुमार देव, रंजीत कुमार पासवान, ललन, विहारी पासवान, शक्ति, रंजित, अनिकेत, रितेश, अंजन, अजय, नंदू पासवान, सुनील कुमार, गोविंद , रोहित कुमार, राहुल कुमार, विकास कुमार, दीपक कुमार, निरंजन कुमार, गोलू कुमार, जनक पासवान, अमित, नंद कुमार पासवान, सुधिर समेत समिति के लोग व काफी संख्या में श्रोता मौजूद थे।

### धूमधाम से मना वीर बाबा चौहरमल की जयंती समारोह



हरिहरगंज। शहरी क्षेत्र के भगत तेंदुआ स्थित वीर बाबा चौहरमल तथा दिवंगत रामविलास पासवान मंदिर स्थल पर गुरुवार को वीर बाबा चौहरमल की 711वीं जयंती समारोह हर्सोल्लास पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समिति के प्रमंडलीय अध्यक्ष सुनील पासवान, संरक्षक कामता पासवान, प्रमंडलीय सचिव जितेंद्र पासवान, जिला अध्यक्ष संदीप पासवान संहिता अन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से बाबा चौहरमल की तस्वीर पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि शिरोमणि चौहरमल जी ने समाज की पीड़ित व शोषित वर्ग के अधिकार के लिए जीवन पर्यन्त संघर्ष किया है। उनके विचार को आत्मसात करने की आवश्यकता है। इसके पहले सिमरवार गांव से जुलूस की शक्ल में सैकड़ो लोग कार्यक्रम स्थल पहुंचे। वहीं, व्यास जनार्दन पासवान द्वारा कार्यक्रम में कई गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर पूर्व प्रमुख रविंद्र पासवान, समिति के जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र पासवान, डॉ. संजय कुमार, अरविंद पासवान, भाजपा नेता राजीव रंजन, एनसीपी नेता मनीष सिंह, राजद नेता कमलेश यादव, आजसू जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी, जितेंद्र विश्वकर्मा, अजीत सिंह, गुप्ता पासवान, परीखा पासवान, विनय पासवान, डॉ. गणपत, डॉ. अनिल, नकुल, विजय, मिथिलेश, राणा, राजकुमार सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सुप्रभात पलामू



**पलामू वासियों को नमस्कार।**

लोकसभा चुनाव के इस महापर्व में सबकी सहभागिता जरूरी है। शत प्रतिशत मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करें ।

अजय कुमार सिंह, प्रधानाध्यापक, हरिहरगंज, पलामू।

## जमुने से पिकअप वैन की चोरी

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत पांकी रोड स्थित जमुने से अज्ञात चोरों ने पिकअप वैन की चोरी कर फरार हो गए।इस घटना को गुरुवार को चोरी ने इस घटना को अंजाम दिया है। पिकअप चोरी कर ले जाते चोर सीसीटीवी कैमरे में दिखे हैं। पिकअप को पांकी की ओर ले जाया गया है। ले जाने के क्रम में लेस्लीगंज और पांकी के बीच विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता के पेट्रोल पंप से चोरों ने गाड़ी में एक हजार रुपए का तेल भी भरवाया है। वाहन चोरी होने से संबंधित मामला सदर थाना में दर्ज करने के लिए आवेदन दिया गया है। साथ ही भुक्तभोगी द्वारा सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को मुहैया कराया गया है। मामला दर्ज होने के बाद से पुलिस वाहन चोरी से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है। जानकारी के अनुशार पिकअप जमुने के मंतोष कुमार मेहता की है। हर दिन की तरह छतरपुर से लौटने के बाद ड्राइवर ने पिकअप को मंतोष के घर के पास लगाया था।

# किराना स्टोर में शरारती तत्वों ने लगाई आग, लाखों की क्षति

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के तरहसी थाना क्षेत्र के बेदानी कला में स्थित एक किराना स्टोर में आग लगा दी गई। आग से करीब तीन लाख की संपत्ति जलकर नष्ट हो जाने की जानकारी दी गई है। इस संबंध में अंचल कार्यालय के साथ-साथ थाना में भी आवेदन देकर मुआवजा और घटना की जांच करने की मांग की गई है। दुकान में आग लगा देने की आशंका जताई है।किराना दुकान मालिक संदीप कुमार प्रत्येक दिन की तरह बुधवार की देर शाम आठ बजे दुकान बंद करके घर गए थे। रात 11 से 12 बजे के बीच आग लगा दी गई। मकान मालिक अत्ताउल्लाह अंसारी द्वारा इसकी जानकारी संदीप को दी गई। सूचना मिलने पर आसपास के ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे और करीब एक से डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से किरान II का सारा सामान जल कर बर्बाद हो गया।घटना की सूचना मिलने पर उदयपुर वन पंचायत के मुखिया महेंद्र पासवान समेत एक दर्जन से अधिक लोग गुरुवार की सुबह मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। दुकानदार ने बताया कि आग से दो से तीन लाख का नुकसान हुआ है। सारी खाद्य सामग्री जलकर नष्ट हो गई है। दुकान एक कमरे के खपड़ैल मकान में चलती थी। पीड़ित दुकानदार एवं उसके परिजनों ने मुआवजा की अपील की है। मुखिया ने कहा कि पीड़ित दुकानदार को हर संभव मुआवजा राशि दिलाने की कोशिश की जाएगी। मुखिया ने आशंका जताई है कि किसी शरारती तत्व द्वारा दुकान में आग लगा दी गई है। मुखिया ने इस मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने का आग्रह किया है, ताकि इस तरह की घटना दोबारा ना हो।



# बाबूलाल मरांडी का तीन दिवसीय पलामू दौरा आज से



**नवीन मेल संवाददाता**

मेदिनीनगर। भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने बताया कि आगामी पांच अप्रैल से सात अप्रैल तक झारखंड बीजेपी के अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी अपने तीन दिवसीय दौरे पर पलामू पहुंच रहे हैं। पलामू लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत 6 विधानसभाओं में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता बैठक को मरांडी जी संबोधित करेंगे एवं पलामू गढ़वा के कार्यकताओं एवं नेताओं को बूथ जीतने का मंत्र भी देंगे। 76 डाल्टनगंज विधानसभा में 5 अप्रैल दिन शुक्रवार पूर्वाहन 10:30 बजे से मेदिनीनगर स्थित चंद्रा रेजिडेंसी में आयोजित बूथ स्तरीय कार्यकर्ता बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री ऋमा० मरांडी के आगमन को लेकर कार्यकताओं में उत्साह है एवं कार्यक्रम की तैयारी की तैयारी को लेकर हुई बैठक में तय हुआ सभी बूथ कार्यकर्ता समय पर कार्यक्रम स्थल चंद्रा रेजिडेंसी बैरिया चौक मेदिनीनगर पहुंचकर मरांडी जी का स्वागत एवं अभिनंदन भी करेंगे।

## पुलिस ने 120 किलोग्राम जावा महुआ को किया नष्ट

**मेदिनीनगर।** नावाबाजार पलामू पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन के निदेर्शानुसार नावाबाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार के द्वारा खोखमा गांव में अवैध शराब निर्माण के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया। जहां लगभग 120 किलोग्राम जावा महुवा को नष्ट किया। साथ हीं शराब निर्माण के लिए प्रयुक्त की जाने वाली सामग्री को भी नष्ट कर दिया गया। गुप्त सूचना के आलोक में थाना प्रभारी को मिली जानकारी के अनुसार कई घरों तक पहुंच छापेमारी अभियान चलाया गया। जहां कई घरों से जावा महुआ सहित अन्य सामग्री बरामद की गई। थाना प्रभारी चिंटू कुमार ने कहा कि अवैध शराब निर्माण व बिक्री कानूनन अपराध है। सभी को चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसे कार्यों में संलिप्त लोगों के उपर कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### धूमधाम से मनाया गया विद्यालय का 20वां वार्षिकोत्सव

**हरिहरगंज।** विक्टोरिया मेमोरियल पब्लिक स्कूल सह कोचिंग सेन्टर हरिहरगंज, महाराजगंज का 20वां वार्षिकोत्सव गुरुवार को विद्यालय परिसर में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि राजद नेता कमलेश कुमार यादव, शिक्षक मोहन मिश्रा, कुमुद रंजन सिंह, मनान सर, पूर्व मुखिया गणेश शौंडिक, प्रधानाध्यापक अजय सिंह ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर पर पुष्प चढ़ाकर, दीप प्रज्वलित व फीता काटकर किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मुकेश शर्मा ने किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा का अंतिम उद्देश्य संपूर्ण विकास है। दुनिया का सबसे उत्तम दान विद्या दान है। वहीं विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक गीत, नृत्य, नाटक प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया।

# एसीबी की टीम ने राजस्व कर्मचारी को सात हजार रुपये घूस लेते किया गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

जमीन म्यूटेशन के एवज में राजस्व कर्मचारी रिश्वत ले रहा था। पाटन से गिरफ्तार करने के बाद राजस्व कर्मचारी को मेदिनीनगर कार्यालय लाया गया

मेदिनीनगर। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की पलामू प्रमंडलीय इकाई ने गुरुवार को जिले के पाटन अंचल के हल्का नंबर 10 के कर्मचारी परवेज आलम को सात हजार रुपये घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया। जमीन म्यूटेशन के एवज में राजस्व कर्मचारी रिश्वत ले रहा था। पाटन से गिरफ्तार करने के बाद राजस्व कर्मचारी को मेदिनीनगर कार्यालय लाया गया। यहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। राजस्व कर्मचारी को गिरफ्तार करने के साथ एसीबी पलामू ने इस वर्ष का पहला ट्रेप केस पूरा कर लिया है। जिले के नावाजयपुर थाना क्षेत्र के हरैयाखुर्द के रहने वाले नूर आलम, पिता-तबारक अंसारी एवं इनके भाई तस्कीम अंसारी के नाम से हरैयाखुर्द हल्का नंबर 10 के खाता नंबर 12, प्लॉट नंबर 692 में 5.90 डिसमिल जमीन लेयाकत हुसैन से 11.8.2023 को खरीदा था, जिसका म्यूटेशन कराने के लिए सारे कागजात ऑनलाइन किया गया था, जिसका केस नंबर 1411/2023-24 है, लेकिन म्यूटेशन नहीं हो पाया था। नूर आलम हल्का नंबर 10 के कर्मचारी परवेज आलम से मिले तो उन्होंने म्यूटेशन के लिए सात हजार रुपए रिश्वत की मांग की। काफी आग्रह करने के बाद भी राजस्व कर्मचारी बिना रिश्वत लिए काम करने को तैयार नहीं हो रहा था। इस संबंध में एसीबी के पलामू कार्यालय में शिकायत की गयी और इसका सत्यापन के बाद मामले को सही पाकर मामला दर्ज किया गया। गुरुवार को धावादल के द्वारा दंडाधिकारी एवं दो स्वतंत्र गवाह की उपस्थिति में परवेज आलम को पाटन से सात हजार रूपए रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया। परवेज आलम जिले के पांकी प्रखंड अंतर्गत तेतराई गांव के निवासी हैं।



एसीबी की गिरफ्त में रिश्वतखोर राजस्व कर्मचारी

## चैत्र नवरात्र अनुष्ठान को लेकर श्रद्धालुओं ने विचार-विमर्श किया

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर:** शहर के गायत्री मंदिर रोड सुदना स्थित प्राचीन देवी मंडप में श्रद्धालुओं की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता महंत अभिमन्यु ओझा ने की । बैठक में चैत्र नवरात्र अनुष्ठान के आयोजन को लेकर विचार विमर्श किया गया। मंदिर के पुजारी पंडित संजीव मिश्रा ने बताया कि इस वर्ष नौ अप्रैल से चैत्र नवरात्र शुरू हो रहा है,जिसका समापन 17अप्रैल को होगा.देवी मंडप में नवरात्र अनुष्ठान के आयोजन का निर्णय लिया गया। साथ ही इसकी तैयारी शुरू करने का निर्देश दिया गया। साथ ही तय किया गया कि नौ अप्रैल को कलश स्थापना के बाद मंदिर में विशेष पूजा अनुष्ठान शुरू होगा। महानवमी के दिन हवन के बाद कन्या पूजन एवं भंडारा होगा। मौके पर मिथिलेश मिश्रा, रामाकांत पांडेय, राजा पाठक,अंजनी पांडेय, अजय दुबे, मनीष उपाध्याय,नवल तिवारी, अनिल पांडेय, सुधीर सोनी, सुवन्श पाल, शिव पाल, कालिंदा ओझा, पूर्व जोन अध्यक्ष मधु ओझा, सिनू पाठक, शोभा दूबे, अनिता तिवारी, ब्यूटी पांडेय, प्रियंका सिंह,शोभा गुप्ता, अमृता पांडेय, रंजुला सिंहा, पायल जायसवाल, सरोज गुप्ता सहित कई लोग मौजूद थे।

## तीन यूनिट रक्तदान किया, कहा-सबसे बड़ा दान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के तीन सदस्यों ने सदर अस्पताल परिसर में रक्तदान किया। मौके पर वाहिनी के वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि निरंतर खून की कमी को देखते हुए संगठन के सदस्य रक्तदान कर रहे हैं। पूर्व में रक्तदान करने वाले ऐसे ही रक्तवीरों को राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी झारखंड प्रदेश कमेटी की ओर प्रदेश कार्यालय में सम्मानित किया गया। पूर्वडीहा निवासी भानू दूबे, कजरू पांडू निवासी अनुज पाण्डेय, तिरूआ निवासी छोटू पाण्डेय को प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, संरक्षक मनु प्रसाद तिवारी, संजय पाण्डेय, अनिल दुबे, प्रदीप दुबे, विकास दूबे ने पगड़ी बांध कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना एवं बधाई दी। मौके पर रक्तवीरों ने खून की कमी से किसी का जान नहीं जाने देने का संकल्प दुहराया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने बताया कि रक्त के निर्माण की कोई मशीन नहीं बनी है। मानवीय धर्म का पालन करने वाले रक्तवीरों को धन्यवाद है। राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी, झारखंड प्रदेश विप्र परिवार के दुख में खड़ा रहने के लिए कृत्संकल्पित है। युवा वाहिनी जरूरत पड़ने पर क्षमतानुसार सहयोग करती रहेगी। मौके पर आशुतोष पाण्डेय लकी, विक्रांत त्रिपाठी, राजेश चौबे, संतोष दुबे, निष्कर पाण्डेय, हिमांशु पाण्डेय, दिलीप तिवारी, सौरभ दुबे, अमित पाण्डेय, मिथलेश पाण्डेय, निकित तिवारी, अंकित उपाध्याय, समेत कई युवा वाहक मौजूद रहे।



## वाहन चालकों ने चलाया गया मतदान जागरूकता अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन एवं झारखंड राज्य ऑटो चालक महासंघ के केंद्रीय संगठन संयुक्त सचिव राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पलामू जिला अध्यक्ष रामाकांत दुबे के संचालन एवं पलामू उपायुक्त के निर्देश पर चुनाव कार्य प्रभारी राजीव कुमार के द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान के प्रति जागरूक बनाने हेतु पोस्टर,पंपलेट, संवाद आदि के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर मजदूर नेता राकेश सिंह के नेतृत्व में तमाम परिवहन एवं ऑटो चालकों द्वारा ऑटो आदि वाहनों में पोस्टर चिपका कर पंपलेट एवं संवाद वितरण कर जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मजदूर नेता राकेश सिंह ने ज्यादा से ज्यादा संख्या में मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। जागरूकता अभियान में टेंपो एवं टैक्सी स्टैंड, छः मुहान, कचहरी रोड आदि जगहों पर चलाया गया। इस अवसर पर विवेक कुमार सिंह, इम्तियाज खान, बिट्टू खान, यासीन अंसारी, नागेंद्र गुप्ता, मनदीप तिवारी, जनार्दन राम, सहित्य सैकड़ो ऑटो चालक शामिल थे।



## नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म मामले में डालसा ने लिया संज्ञान

**नवीन मेल संवाददाता**

मेदिनीनगर। पलामू जिला के छत्तरपुर अनुमंडल अंतर्गत एक शादी समारोह से आर्केस्ट्रा देखकर लौट रही 11 वर्षीय नाबालिग के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले में डालसा ने संज्ञान लिया है। डालसा के अध्यक्ष व पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर डालसा के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने गुरुवार को दुष्कर्म पीड़िता से मिलकर जिला प्रशासन से पीड़ित प्रतिकर की राशि शीघ्र दिलाने को ले कर पहल की। इसके तहत पीड़िता को तत्काल चार लाख रुपये प्रतिकर की राशि दी जायेगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि सामुहिक दुष्कर्म पीड़िता को तत्काल सहायता के रूप में लगभग 14 हजार रुपये का सामग्री उपलब्ध कराई गई है। इसके तहत कपड़ा, चप्पल ,सैंडल ,मच्छरदानी बेडशीट ,राशन इत्यादि उपलब्ध कराया गया है ।उन्होंने बताया कि इसके अलावा पीएलभी की सहायता से पीड़िता द्वारा पीड़ित प्रतिकर के तहत आवेदन किया गया है। जिस पर जिला प्रशासन से बार तत्काल चार लाख रुपये पीड़ित प्रतिकर की राशि दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। विदित हो कि पीड़िता चौथी कक्षा की छात्रा है। उक्त मामले में पुलिस ने तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया है। पीडीजे के निर्देश पर पीड़िता से मिले डालसा सचिव। सरकारी सहायता उपलब्ध कराया गया।




## जुगल किशोर ने संरक्षक पद से दिया इस्तीफा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पूर्व महावीर नवयुवक दल जनरल के अध्यक्ष जुगल किशोर चंद्रवंशी ने संरक्षक पद से इस्तीफा दे दिया है। जानकारी के अनुसार महावीर नवयुवक दल के जेनरल अध्यक्ष पंकज कुमार जायसवाल के नेतृत्व में जुगल किशोर चंद्रवंशी को कमेटी में संरक्षक का पद दिया जा रहा था। परंतु जुगल किशोर चंद्रवंशी अपने माता के इलाज के लिए शहर से बाहर जा रहे हैं।इसके वजह से उन्होंने संरक्षक पद लेने से इनकार कर दिया है। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जुगल किशोर चंद्रवंशी ने कहा कि 23 मार्च को उन्होंने महावीर नव युवक दल के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे चुका हूं। क्योंकि मेरे माता जी का तबीयत खराब है और मैं उन्हें इलाज के लिए शहर से बाहर लेकर जा रहा हूं। उन्होंने बताया कि महावीर नव युवक दल के मौजूदा अध्यक्ष पंकज जयसवाल हमे संरक्षक पद पर नियुक्त कर दिए थे। माता के इलाज को लेकर उन्होंने संरक्षक पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने रामनवमी महापर्व को लेकर पलामू के रथ और झंडा प्रेमियों शुभकामनाएं दी हैं।

## झारखंड में आम आदमी पार्टी का है उज्वल भविष्य, झारखंड को लेकर पार्टी जल्द लेगी बड़े और ठोस फैसले : संजीव

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर:** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन मंत्री से प्रदेश संयोजक डी एन सिंह के नेतृत्व में झारखंड टीम ने की मुलाकात। पाठक ने पलामू से बड़ी संख्या में लोकतंत्र बचाओ रैली में पहुँचने के लिए पूरी टीम को धन्यवाद दिया। पाठक ने कहा कि संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए जल्द ही पलामू क्षेत्र में कई राष्ट्रीय नेताओं का दौरा होगा और वहाँ के कार्यों की समीक्षा कर के पार्टी को गति देने की दिशा में और कदम बढ़ाये जाएँगे। पलामू के सांगठनिक ढाँचे के बारे में पलामू के प्रभारी सह झारखंड राज्य प्रवक्ता सौरभ श्रीवस्तव और कार्यकारी ज़िला अध्यक्ष राकेश तिवारी ने व्यक्तिगत स्तर पर भी संदीप पाठक को पलामू की स्थिति से अवगत कराया, जिस पर उन्होंने खुशी जाहिर की। केंद्र की ओर से झारखंड और पलामू में एक मजबूत टीम को देखते हुए , दिल्ली क्षेत्र में लोकसभा चुनाव में झारखंड की टीम पार्टी के लिए सक्रिय भूमिका निभाय जिसे टीम ने स्वीकार किया और यहाँ की टीम प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र चौबे* की अगुवाई में दिल्ली लोकसभा चुनाव के दौरान प्रचार की अहम ज़िमेदारी निभाएगी। मीडिया से बात करते हुए पलामू प्रभारी सौरभ श्रीवास्तव और कार्यकारी ज़िला अध्यक्ष राकेश तिवारी ने पार्टी के कद्दावर नेता सह राज्य सभा सांसद संजय सिंह की जमानत पर हर्ष जताया और कहा कि जल्द ही आप के सभी नेता जेल से बाहर होंगे, क्योंकि ये सब साज़िश के तहत जेल भेजे गये हैं और भाजपा और ईडी का षड्यंत्र अब न्यायालय के सामने आ चुका है। राकेश तिवारी ने कहा कि पलामू टीम के इस दिल्ली दौरे और पार्टी के वरीय पदाधिकारियों से मुलाकात से पलामू क्षेत्र में संगठन को गति मिली है और आने वाले दिनों में पार्टी इससे मजबूत होगी।



## ओबीसी के साथ हो रहा है सौतेला व्यवहार : विनय

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता अधिकार मंच झारखंड प्रदेश ने मेदिनीनगर के दो नंबर टाउन रेड़मा में प्रेस कांफ्रेंस किया। इस मौके पर विनय प्रसाद ने कहा कि सभी राजनीतिक पार्टियां ओबीसी के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। लोकसभा चुनाव में चतरा लोक सभा सीट पर ओबीसी समाज का हक बनता है। ओबीसी समाज को उचित भागीदारी नहीं मिलना काफी चिंता का विषय है। सुदामा प्रसाद ने कहा कि इस सीट पर ओबीसी समाज का प्रत्याशी एनडीए के द्वारा नही दिया गया। इंडी गठबंधन इस सीट पर ओबीसी प्रत्याशी उतारे। सौंडिक समाज के अध्यक्ष सतीश कुमार साहू ने कहा कि इस लोक सभा सीट पर ओबीसी निर्णायक है। यह लोक सभा क्षेत्र वैश्य बाहुल्य है। मौके पर रघुनाथ कुमार, संजय कुमार, नागेंद्र कुमार, राधेश्याम कुमार व अन्य लोग उपस्थित थे।



## हाल-बेहाल

### गर्मी बढ़ते ही शीतल पेय पदार्थों की बिक्री बढ़ी

# धूप से बचने के लिए दुपट्टा, गमछा व छाता का प्रयोग करें: डॉ उदय

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में गर्मी का तेवर अब सख्त होने लगा है। ऐसे में बाजार में कोल्डड्रिंक, खीरा ककड़ी समेत शीतल पेय पदार्थों की ब्रिकी शुरू हो गई है। मौसम के तेवर देख लोग परेशान होने लगे हैं। कहने को तो अभी अप्रैल का महीना ही चल रहा है। फिर भी शरीर को भेद देने वाली तेज धूप एवं उमस से लोगों को मई जून की याद दिला रही है । लोगों का कहना है कि अप्रैल महीने में यह हाल है तो मई-जून में क्या हाल होगा। गर्मी बढ़ने के साथ ही स्थानीय बाजारों में शीतल पेय पदार्थ गन्ने का रस, बेल का शर्बत, नीबू पानी, आम का जूस आदि की मांग बढ़ गई है। यही वजह है कि स्थानीय बाजार में इन पेय पदार्थो की दुकानें सज गई हैं और लोग खुद को गर्मी से राहत देने के लिए इसका सेवन भी कर रहे हैं। वही कुछ दिन पहले बारिश होने से मौसम में ठंडक थी। वहीं अब मौसम साफ होते ही गर्मी ने भी अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। इस समय लोग होटलों और दुकानों पर पेय पदार्थ के साथ, गन्ने, नींबू आदि के जूस का ज्यादा सेवन करते हुए देखे जा रहे हैं। शाम होते ही शीतल पेय पदार्थों की दुकानों पर अच्छी खासी भीड़ देखने को मिल रही है। सदर अस्पताल के डॉक्टर उदय सिंह ने बताया कि कार्बोहाईड्रेट की प्रचुर मात्रा होने के कारण गन्ने का रस तुरंत शक्ति व स्फूर्ति प्रदान करता है। इसमें ढेर सारे खनिज तत्व व ऑर्गेनिक एसिड होने के कारण इसका औषधीय महत्व भी है। गन्ने का रस पेट, दिल, दिमाग, गुर्दे व आंखों के लिए लाभदायक है। गन्ने का रस हमेशा ताजा व छना हुआ ही पीना चाहिए। एसीडिटी के कारण होने वाली जलन में भी गन्ने का रस लाभदायक होता है। गन्ने के रस का सेवन यदि नींबू के रस के साथ किया जाए तो पीलिया जल्दी ठीक हो जाता है। गर्मी से बचने के लिए सिर ढकने के लिए दुपट्टा, गमछा, छाता का प्रयोग करें।

**तेज धूप एवं उमस लोगों को मई -जून की याद दिला रही है**





शहर के धोबी मुहल्ला स्थित जलता हुआ ट्रांसफार्मर

# नाली के कीचड़ में डूबी पांकी बाजार की सड़क, नल जल योजना पाइपलाइन के बहाव से बढ़ी परेशानी



नवीन मेल संवाददाता

**सगालीम ।** पलामू जिले के पांकी प्रखंड मुख्यालय का हृदयस्थली कहे जाने वाले पांकी बाजार का मुख्य सड़क इन दिनों चलने लायक नहीं है। बाजार क्षेत्र का मुख्य सड़क रामजानकी मंदिर भी जाती है। पांकी मुख्य चौक शहीद भगत सिंह चौक से अंबेडकर चौक की सड़क से हर रोज हजारों राहगीर का आवागमन करते हैं। सड़क की स्थिति इतना खराब है, राहगीरों को पैदल चलने में भी उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सड़क पर नाली के गंदी पानी के बहाव होने से सड़क पूरी तरह से नाली के पानी से डूब गई है। बाजार का मुख्य सड़क पर बाइक या पैदल चलने वाले लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। यहां तक की पांकी बाजार क्षेत्र में रहने वाले लोगों को घर से बाहर निकलना दुर्भर हो गया है। पूजा पाठ करने मंदिर जाने वाले लोग भी इससे काफी परेशान हैं। बाजार की मुख्य सड़क पर गंदा पानी बहता रहता है। बताया जाता है कि जल जीवन मिशन के तहत पांकी बाजार क्षेत्र में कुछ माह पहले पाइप लाइन के लिए सड़क किनारे गड्ढा खोदा गया था। पाइप लाइन डालने के बाद सड़क को समतल भी नहीं किया गया। इससे नालियों का पांकी सड़क पर भरने लगा। पांकी बाजार क्षेत्र का मुख्य सड़क इन दिनों पूरी तरह नाली के पानी, कीचड़ व दलदल में तब्दील हो गई है। जिससे संक्रामक रोग, बुखार आदि बीमारी की स्थिति बन गई है। यहां सड़क पर बहता नाली के गंदा पानी प्रशासन की व्यवस्था की पोल खोल रहा है।

### सड़क पर बह रहे गंदे पानी में पैदल जाना पड़ता है मंदिर

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि पांकी बाजार का मुख्य सड़क पर बहती नाली की गंदी पानी में पैदल चलकर रामजानकी मंदिर में पूजा करने के लिए लोगों को आना पड़ता है। हर दिन सैकड़ों लोग दूर दराज से पांकी राम जानकी मंदिर में पूजा - अर्चना करने पहुंचते हैं। मंदिर जाने वाली सड़क पर बहती नाली के गंदा पानी में पैदल चलकर श्रद्धालुओं को मंदिर जाकर पूजा अर्चना करना पड़ रहा है। कई लोगों ने बताया कि वे घर से स्थान कर पूजा अर्चना के लिए मंदिर जाने के लिए निकलते हैं।

## एक नजर

### मच्छर भगाने को लेकर कवायद शुरू



**मझिआंव ।गढ़वा।** नगर पंचायत क्षेत्र के मुख्य बाजार में मच्छर एवं मलेरिया से बचाव हेतु नगर पंचायत कार्यालय द्वारा कोल्ड फायरिंग मशीन से दवा छिड़काव करने की कवायत शुरू कर दी गई है। मच्छर एवं मलेरिया से बचाव को लेकर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा नगर पंचायत वासियों ने सभी वार्डों में कोल्ड फायरिंग से दवा छिड़काव करने को मांग की गई हैं। इस संबंध में नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार ने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र के सभी वार्डों में कल फायरिंग मशीन से दवा छिड़काव किया जाएगा ताकि जनहित रोगों से एवम जहरीले कीड़े मकोड़े बैक्टीरिया से छुटकारा मिल सके।

### दो बाइक की टक्कर में एक मोटरसाइकिल सवार घायल

**गढ़वा ।** गढ़वा थाना क्षेत्र के कर्मडिह गांव निवासी अयोध्या महतो का पुत्र कुश कुमार 20 वर्ष मोटरसाइकिल की टक्कर में घायल हो गया है। उसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। घटना के संबंध में बताया गया की गढ़वा से कुछ काम करके वापस अपने घर की और लौट रहा था उसी बीच एक बाइक से टक्कर हो गया। घटना के बाद 108 एंबुलेंस की मदद से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में लाया गया। जहा उसका इलाज चल रहा है। घटना में घायल के शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट आई है।

### सदर अस्पताल में प्रसव के बाद नर्स मांगती हैं बख्शीश

**गढ़वा ।** हर एक-दो दिन पर बख्शीश लेने को लेकर प्रसव वार्ड में हंगामा होते रहता है पिछले दिनों एक अनुसार परिवार से बख्शीश लेने का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ कि उसी मामले में अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नवल कुमार ने सदर अस्पताल के प्रसव वार्ड का निरीक्षण किया। अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी ने प्रसव के बाद बख्शीश लेने के मामले की भी उन्होंने जानकारी लिया। उसे दौरान कई मरीज के परिजनों ने बताया कि डिलीवरी के बाद नसों के द्वारा बख्शीश मांगा जाता है। उस दौरान मरीज के परिजनों के साथ जबरदस्ती भी की जाती है अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी ने सभी मरीज के परिजनों का बयान को नोट किए।

## कीटनाशक खाकर महिला ने की आत्महत्या

**गढ़वा ।** गढ़वा थाना क्षेत्र के अशेया गांव निवासी कौशल कुमार चौधरी की पत्नी रानी देवी 21 वर्ष कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दी है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि घर में किसी बात को लेकर आपस में विवाद उत्पन्न हुआ था।इस बात से उग्र होकर रानी देवी ने कीटनाशक दवा खा ली।स्थिति बिगड़ने पर परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर अवस्था को देखते हुए रांची रेफर कर दिया। रांची ले जाने के क्रम में रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने शव को घर ले गए। मृतका के मायके पक्ष वाले के आक्रोश के बाद पुलिस ने गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया है।

## विद्यालय में दुर्लभ उल्लू का जीवित बच्चा जमीन पर गिरा मिला



नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा ।** घाघरा प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय ईचा में गुरुवार को दिन के साढ़े 12बजे अति दुर्लभ उल्लू का जीवित बच्चा गिरा हुआ जमीन पर मिला।जहां स्कूली बच्चों ने उक्त उल्लू के बच्चे को उठाकर पानी पिलाया। इसके बाद इसकी सूचना विद्यालय के प्रधानाध्यापक विजय कुमार साहू को दिया। इसके बाद विद्यालय के प्रधानाध्यापक विजय कुमार साहू ने इसकी जानकारी पत्रकार प्रवीण कुमार को दूरभाष पर दी।जहां पत्रकार प्रवीण कुमार के माध्यम से फॉरेस्टर शेखर सिंह को दूरभाष पर सूचना दी गई। वही 2 घंटे के बाद फॉरेस्ट गार्ड उक्त विद्यालय दोपहर 3 बजे पहुंचे। जहां उक्त दुर्लभ उल्लू के बच्चे को कब्जे में लिया।फॉरेस्टर शेखर सिंह द्वारा बताया गया कि उक्त उल्लू के बच्चे को कब्जे में लिया गया है जिसे वन क्षेत्र में सुरक्षित छोड़ दी जाएगी। उल्लू की प्रजाति कम होते जा रही है संरक्षण करना सभी का कर्तव्य है।

## गुरुकुल के प्रति क्षेत्र के नवजवानों का प्रेम व रुझान बढ़ रहा है : बृज किशोर



**भवनाथपुर।** युवाओं को रोजगार देने के लिए झारखण्ड सरकार ने कल्याण गुरुकुल संस्थान भवनाथपुर के झगराखाड के छात्रावास भवन में अप्रैल 2018 में गुरुकुल प्रशिक्षण केंद्र खोला गया। तब से लगातार यहां सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र के युवक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। गुरुकुल के प्रति क्षेत्र के नव जवानो को प्रेम बढ़ता जा रहा है। अब तक कल्याण गुरुकुल संस्थान से 39वां बैच तक के कुल 1207 युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर देश के विभिन्न कंपनियों में सेटरिंग, वेंडर आदि का कार्य कर रहे है। वही 40 वां बैच में 8 विद्यार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इससे ग्रामीण के घर परिवार का जीवन स्तर में भी बदलाव आया है। बाहर जाकर काम करने वाले कम से कम 15 हजार से अधिकतम 30 हजार रुपये मासिक प्राप्त करते हैं। इन्हें कंपनियों द्वारा जीपीएफ, इंश्योरेंस सहित अन्य सभी तरह की सुविधाएं दी जाती है ' सुबह से ही प्रशिक्षण प्रारंभ हो जाता है। ट्रेनर विजय शर्मा, रमेश उरांव, द्वारा कंस्ट्रक्शन से संबंधित सभी कार्यों को बारीकी से सिखाया जाता है। डेढ़ माह में सभी प्रशिक्षणार्थियों को दक्ष कर दिया जाता है। इसके उपरांत प्लेसमेंट के लिए देश के अन्य राज्यों में भेजा जाता है। इस कल्याण गुरुकुल प्रशिक्षण केंद्र में 25 सितंबर 2018 को तत्कालीन गढ़वा उपायुक्त हर्ष मंगला ने

### क्या कहते हैं प्राचार्य

गुरुकुल के प्राचार्य बृज किशोर ने कहा कि अभी 40वां बैच के 8 विद्यार्थी को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जो भी विद्यार्थी एडमिशन लेना चाहते हैं वें 6202538103 मोबाइल नंबर पर संपर्क कर जानकारी ले सकते हैं।अभी कल्याण गुरुकु इसके लिए हमने रंका, भंडरिया, रमुना, मेराल, कांडी प्रखंड में जाकर युवाओं को जागरूक किया।

## बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में डालसा ने लिया संज्ञान

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पीडीजे के निर्देश पर पीड़िता से मिले डालसा सचिव। सरकारी सहायता उपलब्ध कराया गया।मेदिनीनगर पलामू जिला अंतर्गत नवडीहा बाजार थाना अंतर्गत खैरादोहर पंचायत क्षेत्र में एक शादी समारोह में आर्केस्ट्रा देखकर लौट रही 11 बर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ हुए सामुहिक दुष्कर्म के मामले में डालसा ने संज्ञान लिया है।डालसा के अध्यक्ष व पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर डालसा के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने गुरुवार को दुष्कर्म पीड़िता से मिलकर जिला प्रशासन से पीड़ित प्रतिकर की राशि शीघ्र दिलाने को ले पहल किया।जिसके तहत पीड़िता को तत्काल चार लाख रुपये प्रतिकर की राशि दिया जाएगा।इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित




श्रीवास्तव ने बताया कि सामुहिक दुष्कर्म पीड़िता को तत्काल सहायता के रूप में लगभग 14 हजार रुपये का सामग्री उपलब्ध कराया गया है।जिसके तहत कपड़ा, चप्पल ,सैंडल ,मच्छरदानी बेडशीट ,राशन इत्यादि उपलब्ध कराया गया है ।उन्होंने बताया कि इसके अलावा पीएलभी की सहायता से पीड़िता द्वारा पीड़ित प्रतिकर के तहत आवेदन किया गया है। जिस पर जिला प्रशासन से बार तत्काल चार लाख रुपये पीड़ित प्रतिकर की राशि दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। विदित हो कि पीड़िता चौथी कक्षा की छात्रा है ।उक्त मामले में पुलिस ने तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने लिया लोस चुनाव की तैयारियों का जायजा



नवीन मेल संवाददाता

**विशुनपुरा ।** लोकसभा चुनाव को लेकर चल रही तैयारियों का जायजा लेने जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शेखर जमुआर गुरुवार को विशुनपुरा पहुंचे। प्रखंड कार्यालय सभागार में अधिकारियों के साथ चुनाव की समीक्षा की। डीसी ने इस दौरान सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, बीएलओ व सुपरवाइजर से शांतिपूर्ण और शत प्रतिशत मतदान कराने की तैयारियों की जानकारी ली।सेक्टर पदाधिकारियों को सप्ताह में दो दिन अपने-अपने बूथों का निरीक्षण करने को कहा गया। वरीय पुलिस अधीक्षक ने सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को विशेष निर्देश देते हुए कहा की चुनाव में किसी तरह का व्यवधान उत्पन्न नहीं हो, इसे सुनिश्चित करने होगा। सभी बूथों पर चौकसी बरतने की बात कही गयी। मौके पर बीडीओ हीरक मन्ना केरकट्टा, अंचल अधिकारी संदीप कुमार मधेसिया, सेक्टर मजिस्ट्रेट जीतेन्द्र कुमार, जय प्रकाश गुप्ता जगदीश राम सहित प्रखंड सह अंचल कर्मी के साथ अन्य लोग मौजूद थे।

## लोकसभा चुनाव की तैयारी के परिपेक्ष्य में एलआरडीसी ने की समीक्षा बैठक



नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** घाघरा बीडीओ के कार्यालय कक्ष में मंगलवार को लोकसभा चुनाव के तैयारी के परिपेक्ष्य में एलआरडीसी सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी राजीव कुमार ने किया समीक्षा बैठक किया। बैठक में एलआरडीसी सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी राजीव कुमार ने जितने भी विद्यालय में मतदान केंद्र संचालित है वहां पर न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं का समीक्षा किया । साथ ही जिस मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधा दुरुस्त नहीं हो पाया है उसमें यथाशीघ्र मूलभूत सुविधाओं बिजली, स्वच्छ पेयजल,स्वच्छ शौचालय एवम उसमें रनिंग वाटर की व्यवस्था करने ,व्हील चेयर का व्यवस्था करने का निर्देश दिए। साथ ही साथ पर्यवेक्षको को क्षेत्र भ्रमण एवं प्रतिदिन शाम को समीक्षात्मक बैठक करने हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी बीडीओ दिनेश कुमार को दिशा निर्देश दिया। ताकि किसी भी तरह की परेशानी का सामना चुनाव कर्मी और मतदान देने जाने वाले लोगों को भी ना हो ।मौके पर बीडीओ दिनेश कुमार, सीओ आशीष कुमार मंडल, कनीय अभियंता सतीश कुमार बंसल,पंकज कुमार साहू,अशोक कुमार सहित कई पर्यवेक्षक कर्मी उपस्थित थे।

## शत-प्रतिशत मतदान करने को लेकर निकाली गई जागरूकता रैली



**मझिआंव ।गढ़वा।** प्रखंड कार्यालय परिसर में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी सतीश कुमार भगत, अंचलाधिकारी शंभू राम, थाना प्रभारी आकाश कुमार, एवं नगर पंचायत के नगर प्रबंधक जितेश कुमार सभी अपने सहकर्मियों के साथ स्वागत किया। साथी प्रखंड कार्यालय परिसर में शत-प्रतिशत मतदान करने को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। इसके बाद सभी पदाधिकारी के देखरेख में जेएसपीएसएल की महिला समूह एवं स्थानीय गण्यमान लोगों एवं आम जनों के साथ मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली प्रखंड कार्यालय परिसर से होते हुए शत प्रतिशत मतदान करने को लेकर अनेक नारों का उद्घोष करते हुए लोहरपुरावा बाईपास मुख्य बाजार भ्रमण के साथ पुनः प्रखंड कार्यालय में रैली समापन किया गया। जानकारी देते हुए वीडियो सतीश कुमार भगत ने बताया कि सत प्रतिशत मतदान को लेकर लोगों को जागरूक करना शासन प्रशासन का कर्तव्य है जिसको लेकर आज नगर पंचायत क्षेत्र में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।

## रक्तदान कर मरीज की बचाई जान

**गढ़वा ।** जागृति युवा क्लब की ओर से सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में एक यूनिट रक्तदान कर मरीज का जान बचाया गया। क्लब के सचिव आशीष कुमार अग्रवाल को सूचना मिला की जयप्रकाश पाल को एक यूनिट रक्त की अति आवश्यकता थी। इसकी सूचना मिलने पर तत्काल जोबरिया गांव निवासी जागृति युवा क्लब के सदस्य हरि पाल तत्काल ब्लड बैंक पहुंचकर एक यूनिट रक्त दानकर रक्त उपलब्ध कराया है। उन्होंने बताया कि जागृति युवा क्लब की ओर से प्रत्येक वर्ष भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। जिसमें प्रत्येक वर्ष 50 से 100 यूनिट रक्तदान कर मरीज का जान बचाने का कार्य किया जाता है। इस वर्ष क्लब की ओर से यह निर्णय लिया गया है की जरूरतमंद लोगों को तत्काल ब्लड उपलब्ध कराया जाएगा। हमारे जागृति युवा क्लब के सारे सदस्य रक्तदान के लिए हमेशा तैयार रहेंगे।

## जमुने से पिकअप की चोरी, लेस्लीगंज में तेल भराते सीसीटीवी में दिखे चोर

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत पांकी रोड स्थित जमुने से अज्ञात चोरों ने पिकअप वैन की चोरी कर फरार हो गए।इस घटना को गुरुवार को चोरी ने इस घटना को अंजाम दिया है। पिकअप चोरी कर ले जाते चोर सीसीटीवी कैमरे में दिखे हैं। पिकअप को पांकी की ओर ले जाया गया है। ले जाने के क्रम में लेस्लीगंज और पांकी के बीच विधायक डा. शशिभूषण मेहता के पेट्रोल पंप से चोरों ने गाड़ी में एक हजार रुपए का तेल भी भरवाया है ।वाहन चोरी होने से संबंधित मामला सदर थाना में दर्ज करने के लिए आवेदन दिया गया है। साथ ही भुक्तभोगी द्वारा सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को मुहैया कराया गया है ।वही मामला दर्ज होने के बाद से पुलिस वाहन चोरी से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है। जानकारी के अनुशार पिकअप जमुने के मंतोष कुमार मेहता की है।

## बीडीओ व सीओ ने बिमरला व हेदमी मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



**गुमला ।** लोकसभा चुनाव के सफल क्रियान्वयन को लेकर गुरुवार को घाघरा प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार व अंचल अधिकारी आशीष मंडल ने घाघरा प्रखंड अंतर्गत हेदमी व बिमरला मतदान केंद्रों पर न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया ।इस क्रम में उन्होंने मतदान केंद्रों में रैंप को दुरुस्त करने,व्हील चेयर की व्यवस्था रखने,स्वच्छ शौचालय एवम उसमें रनिंग वाटर की व्यवस्था करने, शौचालय की दीवार पर महिला व पुरुष अंकित करने,इसके अलावा स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का दिया निर्देश । वहीं मतदान कक्ष में मतदान अधिकारी, पीठासीन पदाधिकारी व अन्य को बैठने एवं वीवीपैठ रखने की व्यवस्था की भी जानकारी लिया। उन्होंने मतदान केंद्रों पर न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं की कमियों को दूर करते हुए मतदाताओं के लिए मतदान प्रक्रिया सुगम बनाने का निर्देश दिया । मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार, अंचल अधिकारी आशीष मंडल,कनीय अभियंता सतीश बंसल, एवं शिक्षक उपस्थित थे।

## चैनपुर, डुमरी, जारी प्रखंडों के मतदान केंद्रों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई

**गुमला ।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के तैयारियों के निमित गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यर्थी की अध्यक्षता में चैनपुर प्रखंड कार्यालय सभागार में 68 गुमला विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंडों - चैनपुर,डुमरी,जारी की समीक्षा की गई जिसमें सभी प्रखंडों अंतर्गत मतदान केंद्रों में चुनावी तैयारियों को लेकर अद्यतन स्थिति की उपायुक्त ने समीक्षा की।

उपायुक्त द्वारा सभी प्रखंडों अंतर्गत सभी मतदान केंद्रों एवं क्लस्टरों में पानी, बिजली, पहुंच पथ,फर्नीचर,रैंप,शौचालय, जैसे प्राथमिक सुविधाओं से संबंधित जानकारी ली गई। उपायुक्त द्वारा सभी बूथों के रूट मैपिंग, पोलिंग पार्टी के ठहरने की व्यवस्था, परिवहन व्यवस्था,पीडब्ल्यूडी वोटर्स एवं पीवीटीजी वोटर्स के लिए सुविधा से संबंधित अद्यतन तैयारियों की भी



समीक्षा की गई। इस दौरान बैठक में विधि व्यवस्था से संबंधित तैयारियों के विषय में भी चर्चा की गई। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को अपने अपने मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते हुए वहां की प्राथमिक सुविधाओं की जांच करने हेतु निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने अपने क्षेत्र अंतर्गत पीडब्ल्यूडी वोटर्स को जागरूक करने हेतु स्वीप गतिविधि का आयोजन करने एवं जिला की पीडब्ल्यूडी स्वीप आइकन को उक्त कार्यक्रम में शामिल करने की बात कही।

जिन बूथों में पानी बिजली की सुविधा नहीं है वहां तत्काल पानी एवं बिजली की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही मतदान केंद्रों की आधार भूत संरचनाओं को भी अविलंब दुरुस्त करने का भी निर्देश दिया।

इसके अतिरिक्त बैठक में मॉक पोल एवं मतदान के समय से संबंधित भी जानकारी दी गई। उन्होंने एमसीसी वायलेंस एवं शैडो एरिया से संबंधित भी जानकारी ली।इसके अलावा उपायुक्त द्वारा अन्य कई बिंदुओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक के पश्चात उपायुक्त ने चैनपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण करते हुए सीएचसी सेंटर में स्वास्थ्य संबंधी मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान बैठक में पुलिस अधीक्षक गुमला, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता गुमला, परियोजना निदेशक पीडी आईटीडीए, अनुमंडल पदाधिकारी गुमला, डीआरडीए निदेशक, अनुमंडल पदाधिकारी चैनपुर, सिविल सर्जन गुमला, जिला कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

## अपने प्रेमी को पाने ओडिशा से नगर उंटारी के मंगरदह गांव पहुंची प्रेमिका

### प्रेमी के घर के सामने दिया धरना

**गढ़वा ।** अपने प्रेमी को पाने उड़ीसा से नगर उंटारी के मंगरदह गांव पहुंचकर प्रेमिका प्रेमी के घर घरने पर बैठ गयी। इस दौरान प्रेमिका जमुना विभार ने कहा कि जब तक प्रेमी और उसके घरवाले मुझे अपना नही लेते है तब तक मैं यही घर के बाहर बैठी रहूंगी। जमुना ने बताया कि वह उड़ीसा के खोरदा जटनी के स्टडी सोफिटरीम इंजीनियरिंग कॉलेज में बीसीए कोर्स कर रही थी। इसी कॉलेज में पढ़ने वाले मंगरदह निवासी नेपाली राम का पुत्र दीपू कुमार रवि ने उससे जान पहचान कर दोस्ती कर ली। धीरे-धीरे दोनों में प्यार हो गया। दीपू ने शादी करने के वादा कर कई बार शारिरीक संबंध भी बनाये। जिससे वह प्रेगडेंट भी हो गयी। लेकिन दीपू ने बहला फुसला व दवाब बनाकर गर्भपात करा दिया। उसने बताया कि इसी दौरान वह अपने घर आ गया। मोबाइल से बातचीत होते रही। हमेशा वह शादी



करने की बात कहते रहा। जनवरी 2024 में दीपू के घर के अन्य सदस्यों से जानकारी मिली कि वह किसी अन्य लड़की से शादी करने जा रहा है। इसके बाद मैंने दीपू से मोबाइल से बात किया तो उसने कहा कि जो करना है कर लो मैं तुमसे शादी नही कर पाऊंगा। इसके बाद मैं 7 मार्च को उसके घर मंगरदह पहुंची तो उसके घर वालों ने मेरे साथ मारपीट करते हुए मेरा मोबाइल छीन लिया। और मुझे भगा दिया। मैंने इस संबंध में लिखित शिकायत स्थानीय महिला थाने में की। लेकिन मुझे न्याय नही मिला। जिसके बाद मैं दुबारा यहां आयी हूं।

## एक नजर

### मानसिक तनाव में आकर युवक ने लगाई फांसी



**चंदवा।** शहर से सटे बुध बाजार स्थित दर्जी मुहल्ला में बुधवार की देर शाम एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक की पहचान दुलार रजक के पुत्र हैप्पी कुमार के रूप में हुई। फांसी लगाए जाने के बाद परिजन युवक को लेकर आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजनों के चीत्कार से अस्पताल का माहौल गमगीन हो गया। सूचना के बाद चंदवा पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है। हालांकि युवक ने आत्महत्या क्यों की इसका पता नहीं चल पाया है। मृतक के पिता बुधबाजार में ही लॉन्ड्री का काम करते हैं। युवक घर मे अकेला था। बता दे कि युवक चंदवा के मुख्य बाजार में जूता दुकान चलाता था।

### 5 हजार रुपये रिश्वत लेते जनसेवक गिरफ्तार

**चतरा।** एसीबी की टीम ने गुरुवार को रिश्वत लेते सदर प्रखंड अंतर्गत दारियातु पंचायत के जनसेवक को गिरफ्तार कर लिया। जनसेवक अजय साव को एसीबी ने जिला मुख्यालय स्थित पोस्टऑफिस चौक से 5 हजार रुपये घुस लेते गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को अपने साथ हजारीबाग ले गई एसीबी की टीम। चतरा जिले में लगातार एसीबी और सीबीआई की धमक से रिश्वतखोर अधिकारी और कर्मियों में हड़कंप मच गया है। बताया जाता है कि 15 वें वित्त के योजना को लेकर राशि की मांग जनसेवक द्वारा की जा रही थी। जिसकी शिकायत एसीबी से की गई और सत्यापन के उपरांत कार्रवाई की गई।

### बीएलओ सबिता ने कहा, मतदान निष्पक्ष करें

**बारियातू।** प्रखंड के सिबला पंचायत अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेंद्र मकरा में बीएलओ सबिता देवी की देख-रेख मे टिकाकरण के साथ मतदाता जागरूक किया गया। उपकेंद्र मे आए महिलाओं को रंगोली बनाकर बताया गया की मताधिकार का उपयोग आप सभी अवश्य करें।दारू मुर्गा व पैसे के प्रलोभन मे नहीं जाए। अपना मतदान निष्पक्ष करें।वहीं वीवीपैट वैलेट कंट्रोल सहित एवीएम के बारे मे जानकारी दी गई। मौके पर एएनएम अर्चना हस्सा, सीएचओ ममता कुजूर, एमपीडब्लू अनु भगत, सहिया किरन्ति देवी, पूनम देवी, रीता देवी, कुंती देवी, सहायिका पार्वती देवी, लालो देवी , आरती देवी, गेंदिया देवी सहित कई महिलाएं उपस्थित थे।

# गांव में पहुंचा पिता, पुत्र व पुत्री का शव, चीत्कार मार के रोए परिजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ ।** पुलिस अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत चमातू ग्राम के तिलैयाताड़ टोला में बुधवार को एक ही परिवार के पिता पुत्र और पुत्री का शव पुलिस ने संदेहास्पद स्थिति में डैम से बरामद की गई थी। जिसका लातेहार में पोस्टमार्टम के बाद बृहस्पतिवार को मृतकों का शव एंबुलेंस के माध्यम से तिलैयाताड़ स्थित घर लाया गया। जैसे ही एंबुलेंस गांव पहुंची आसपास के ग्रामीण एवं परिजनों का भीड़ इकट्ठा हो गया और लोग चीत्कार मार मार कर रोने लगे। घटना की सूचना पाकर बालूमाथ राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव मृतक के घर पहुंच घटना का जायजा लिया और घटना का घोर निंदा करते हुए कहा कि यह बहुत ही हृदय विदारक घटना है राजद परिवार



पीड़ित परिवार के साथ है उन्होंने लातेहार एसपी अंजनी अंजन से आग्रह करते हुए कहा कि यथाशीघ्र इस घटना का उद्भेदन हो। और दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो। मौके पर प्रखंड उप प्रमुख कामेश्वर राम ने कहा कि यह घटना से बहुत ही आहत हूं। प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि जिस संदेहास्पद स्थिति में शव मिली है ऐसा प्रतीत होता है कि कोई अपराधिक घटना है मामले की छानबीन कर पुलिस इस रहस्यमय घटना से पर्दा उठाएं। घटना की जानकारी पाकर पूर्व विधायक प्रकाश राम सहित कई भाजपा नेता ने मृतक के पैतृक आवास से घाट पहुंचे और घटना की निंदा की कहा मैं पीड़ित परिवार के साथ हूं पुलिस मामले का जल्द से जल्द उद्भेदन करें। बता दे कि मृतक विनोद उरांव सीसीएल में काम करता था वह अपने दो बच्चे प्रिया कुमारी और अंकित उरांव को मैक्लुस्कीगंज स्थित डॉन बॉस्को स्कूल हॉस्टल पहुंचने के लिए मोटरसाइकिल से रविवार को दोपहर लगभग 4:00 बजे निकला था तभी से वह गायब था 4 थे दिन बुधवार शाम को मृतक विनोद उरांव सहित उनके दो बच्चे का शव मोटरसाइकिल में रस्सी से बंधा हुआ तीनों का शव घर से कुछ दूर तीलियाताड़ स्थित डैम से बरामद की गई। लोग तरह-तरह से चर्चा मैं कह रहे हैं कि जैसे तीनों को कोई बेरहमी से मारकर मोटरसाइकिल में रस्सी से बांधकर डैम में फेंक दिया हो। इधर पिता पुत्र और पुत्री का ग्राम स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार बृहस्पतिवार शाम को कर दिया गया।

# बारियातू पुलिस ने छापामारी कर घर से डेढ़ किलो अफीम व दस बोरा डोडा बरामद किया

**नवीन मेल संवाददाता**

बारियातू । गुप्त सुचना के आधार पर बालूभांग पंचायत के ग्राम गुरुवे मे रंजीत गंझु के घर से छापामारी कर 10 बोड़ा सहित अवैध अफीम 1580 ग्राम अफीम बरामद करने मे बारियातू पुलिस सफलता पायी है। जानकारी देते हुए बारियातू थाना प्रभारी राजा दिलावर ने बताया की पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी की बालूभाँग के गुरुवे निवासी रंजीत गँझू अवैध अफीम का धंधा करता है।यदि अभी उसके घर मे छापामारी कि जाए तो उसके घर से अवैध अफीम एवं डोडा बरामद हो सकता है। इसकी सुचना वरीय पदाधिकारी को दी गई। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन लातेहार के निदेर्शानुसार अनुमडल पुलिस पदाधिकारी बालूमाथ आशुतोष कुमार सत्यम के नेतृत्व मे एक छापामारी दल गठन किया गया। जिसमे थाना प्रभारी राजा दिलवार, सअनि नीरज कुमार दुबे एवं सशस्त्रबल शामिल थे।



### 7.1 किलो डोडा के साथ एक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**पत्थलगडा(चतरा)।** नशे के सौदागरों व तस्करों के विरुद्ध पुलिस ने कार्रवाई करते हुवे पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत मेराल गांव से महज 7.100 केजी अवैध डोडा (पोस्ता छिलका) के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार तस्कर थाना क्षेत्र अंतर्गत मेराल पंचायत के पलाटीबेड़ा निवासी किशुन मुंडा है। थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी ने बताया की पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय को मिली गुप्त सूचना के अलोक में सूचना के सत्यापन व कार्यवाई हेतु बीडीओ राहुल देव के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल किशुन मुंडा के घर पहुंचकर तलाशी ली गई। जिसमें उसके घर से दो प्लास्टिक के बोरे में रखे 7.100 केजी डोडा बरामद किया गया।



# उपायुक्त ने विशेष परिमंडल के कार्यों की समीक्षा कर दिए कई दिशा निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

लातेहार । बृहस्पतिवार को लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक किया गया।बैठक में उपायुक्त ने ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल द्वारा अब तक किए गए कार्यों की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता को निर्देशित किया गया कि जनोपयोगी योजनाओं के क्रियान्वयन में तत्परता बरतें, योजना समय पर पूर्ण हो तथा गुणवत्ता के साथ कोई समझौता न हो यह सुनिश्चित कराएं। साथ ही कार्य में शिथिलता बरतने वाले संवेदको के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।बैठक में कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल श्री सूरज प्रकाश चौधरी, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश व अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# बीजेपी के चतरा लोकसभा सीट के प्रत्याशी ने कुंदा प्रखंड का किया दौरा

**कुंदा(चतरा)।** चतरा लोकसभा से बीजेपी प्रत्याशी कालीचरण सिंह गुरुवार को कुंदा प्रखंड क्षेत्र का दौरा किया। श्री सिंह टिकट की घोषणा होने के बाद पहली बार कुंदा पहुंचे थे। इस दौरान कार्यकताओं ने पारंपरिक तरीके से श्री सिंह का स्वागत किया। वही ऐतिहासिक तीर्थ स्थल महादेव मठ में सांसद प्रत्याशी ने पूजा अर्चना करने के उपरांत लोगों से मिलकर रूबरू हुए। श्री सिंह ने टिकट मिलने पर जनता के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यह जनता की अडिग आवाज का परिणाम है कि मुझ जैसे साधारण कार्यकर्ता को आला कमान ने टिकट दिया है। क्षेत्र का सवार्गीण विकास हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी, जनता के बीच हमेशा भाई बनकर हर सुख दुरूख में सहभागी बना रहूंगा। इस अवसर पर राजद के पूर्व युवा मोर्चा प्रखण्ड अध्यक्ष अनिल कुमार यादव अपने दर्जनों समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए। भ्रमण में जिलाध्यक्ष रामदेव भोक्ता, जिले के पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, मंडल अध्यक्ष, जयराम भारती, अनुज साव, मनोज यादव, जितेंद्र यादव समेत अन्य शामिल थे।



### बीजेपी प्रत्याशी ने किया पांडेयपुरा का दौरा

**हंटरगंज (चतरा)।** चतरा लोकसभा से बीजेपी प्रत्याशी कालीचरण सिंह गुरुवार को हंटरगंज प्रखंड के पाण्डेयपुरा का दौरा किया। सांसद प्रत्याशी टिकट मिलने के बाद पाण्डेयपुरा में पहली बार पहुंचे थे, जहां कार्यकताओं ने भव्य तरीके से स्वागत किया। उन्होंने जनता और कार्यकताओं से कहा कि इस क्षेत्र के एक-एक घर से जुड़ा हुआ हूं और क्षेत्र के विकास के लिए सदैव तत्पर रहूंगा। दौरे में जिलाध्यक्ष रामदेव भोक्ता, पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, विनय सिंह, विद्यासागर आर्य, सुमन तिवारी, आदि शामिल थे।

# उप विकास आयुक्त ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया



**लातेहार ।** लातेहार जिले में शत प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक करने के उदेश्य से स्कूल ऑफ एक्सीलेंस राजकीय कृत +2 उच्च विद्यालय, लातेहार में मतदाता जागरूकता को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त सुजीत कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की मैं कस्तूरबा गांधी छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का काम किया वही उप विकास आयुक्त ने लोगों से अपील की है मजबूत लोकतंत्र को स्थापित करने के लिए सभी लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करें वही स्कूल के छात्र-छात्राओं को उप विकास आयुक्त ने दीपक के समान माना है और कहा है कि जिस तरह से एक छोटा सा दीपक पूरे अंधेरे को रोशनी देता है इस प्रकार यह दीपक को जलाकर भेज रहे हैं जो अपने घर के सभी को रौशन करेगे और सभी की भागीदारी से बढ़-चढ़कर मतदान करेंगे। मौके पर जिले के कई आला अधिकारी के अलावे सैकड़ों छात्र उपस्थित रहे।

# ट्रक ने विद्यालय की चारदीवारी तोड़ी



**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय रूपिन के चारदिवारी में सिमेंट लोड ट्रक अनियंत्रित हो गुरुवार को टक्कर मार दिया। जिससे विद्यालय के करीब 30 से 35 फीट की चाहरदीवारी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। बताया गया कि विद्यालय गिद्धौर-ब्रह्मपुर मुख्य पथ पर स्थित है। वैसे में इस रास्ते से कई छोटी-बड़ी वाहनों का आवागमन रहता है। ऐसे में विद्यालय प्रबंध समिति काफी चिंतित हैं। चूंकि विद्यालय मुख्य पथ के बगल में है और विद्यालय कक्षा एक से आठ तक संचालित है। वैसे में चाहरदीवारी नहीं रहने के कारण कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है। ग्रामीणों ने वाहन की पहचान कर ली है। इसकी सूचना थाने को भी दे दी गई है।

# ईद व रामनवमी को लेकर हुई इटखोरी में शांति समिति की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**इटखोरी(चतरा)।** इटखोरी थाना परिसर में ईद व रामनवमी महापर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ सोमनाथ वंकिरा ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि दोनों महापर्व शांति व सौहार्दपूर्ण माहोल में मनाया जाएगा। साथ ही पर्व के दौरान शराबियों पर नकेल कसने व अश्लील गाना नहीं बजाने पर चर्चा करते हुए संबंधितों को अवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। वहीं दोनों समुदाय के लोगों ने अपनी-अपनी बातों को रखा। जिसपर विशेष रुप से चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस निरीक्षक अंजू कुमारी, थाना प्रभारी रुद्रप्रताप सिंह, भाजपा जिला महामंत्री डॉ. मृत्युंजय सिंह, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष जागेश्वर यादव, सतीश कुमार सिंह, मुखिया विकास कुमार सिंह, श्यामप्रसाद सिंह, पंचायत समिति सदस्य उर्मिला देवी, प्रीति कुमारी ठाकुर, पवन कुमार सिंह लोकेश कुमार, रमाशंकर राम, संजय रजक, रामवृक्ष सिंह, मकसूद आलम, मोहम्मद फैयाज, मोहम्मद मुजाहिर, विनोद कुमार यादव, आशीष मिश्रा, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष रामाधीन यादव समेत दोनों समुदाय के लोग उपस्थित थे।

# वाहन के धक्के से नेताजी की प्रतिमा हुई ध्वस्त



**सिमरिया(चतरा)।** सिमरिया अनुमंडल मुख्यालय स्थित चौक में बने स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा एवं गोलंबर कौल वाहन की चपेट में आने से ध्वस्त हो गया है। घटना बुधवार देर रात को घटित हुआ। जबकी घटना की जानकारी लोगों को सुबह में प्राप्त हुई। लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सिमरिया चौक पर गोलंबर निर्माण कर सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा स्थापित करने की मांग की है। ज्ञात हो कि इसके पूर्व भी तीन बार इस तरह की घटना घटित हो चुकी है। लोगों का कहना है कि वाहन चलाने वाले चालक नशे में धुत होकर वाहन चलाते हैं। जिसके कारण इस तरह की घटनाएं घटित होते रहती हैं।

### मां दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ 9 से

**मयूरहंड(चतरा)।** मयूरहंड प्रखंड के सोकी पंचायत अंतर्गत ढेबादरी गांव में नौ अप्रैल से नव दुर्गा, हनुमान व विश्वकर्मा भगवान की प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ होगा। जिसकी तैयारी अंतिम चरणों में है। महायज्ञ को लेकर पूरे पंचायत में ग्रामीणों में काफी उत्साह है। महायज्ञ की शुरूआत भव्य जल यात्रा से की जाएगी, जिसे लेकर यज्ञ समिति के सदस्य गांव-गांव जाकर आमंत्रण पत्र व अच्छत वितरण कर रहे हैं। नौ दिवसीय महायज्ञ की समाप्ति 17 अप्रैल को कन्या पूजन व भव्य भंडारे के साथ होगा। महायज्ञ में दस अप्रैल से सोलह अप्रैल तक प्रवचन के साथ गायिका कुमकुम बिहारी द्वारा भक्ति जागरण का आयोजन किया जाएगा।

**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गढ़वा (जिला सामान्य शाखा)**

–: आदेश :–

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त तरीके से सम्पन्न कराने हेतु जिला स्क्रीनिंग समिति की बैठक में लिये गए निर्णय के आलोक में शस्त्र नियमावली 1962 के नियम 63 एवं शस्त्र अनुज्ञप्ति की शर्त्त संख्या–9 एवं 14 के अंतर्गत गढ़वा जिले के सभी शस्त्रों को जमा किया जाना है। सभी अनुज्ञप्तिधारी को दिनांक 27.03.2024 से 02.04.2024 तक निश्चित रूप से अपने शस्त्रों को संबंधित थाना में जमा करने हेतु इस कार्यालय के ज्ञापांक– 296/सा0, दिनांक 22.03.2024 द्वारा आदेश दिया गया था। उक्त तिथि तक अपने शस्त्रों को थाना में जमा नहीं करने वाले अनुज्ञप्तिधारियों को पुनः आदेश दिया जाता है कि अपने शस्त्रों को दिनांक 03.04.2024 से 07.04.2024 तक नजदिकी थाना में जमा करना सुनिश्चित करेंगे। उक्त निर्धारित तिथि तक शस्त्र जमा नहीं करने वाले अनुज्ञप्तिधारियों के अनुज्ञप्ति को शस्त्र नियमावली के सुसंगत धाराओं के तहत् अनुज्ञप्ति निलंबन/रद्द की कार्रवाई की जायेगी।

संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारी अपने–अपने थाना/ओ0पी0 के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को अपने स्तर से भी सूचित करते हुए सभी शस्त्रों को जमा कराना सुनिश्चित करेंगे।

इसे अतिआवश्यक समझा जाय।

ह0/–
उपायुक्त–सह–
जिला दण्डाधिकारी, गढ़वा।

PR.NO. 323555 District(24-25):D


## नंदनी तालाब और अक्सी तालाब का चयन अमृत महोत्सव के लिए हुआ था

# सूख गया 22 लाख की लागत से बना अमृत सरोवर तालाब



**महुआडांड़ प्रतिनिधि।** प्रखंड मुख्यालय में अमृत सरोवर से बना लाखों का तालाब सुख चुकी है।तालाब बनाने से पहले कहीं भी पानी का स्त्रोत नहीं था। फिर भी लोग तालाब बना दिए। किसी तरह योजना पूर्ण करने के लिए तालाब के किनारे मिट्टी कटाई कर उपर से भर दिया गया। हांलिक लाखों की बनाई तालाब में प्रवधन अनुरूप कोई कार्य का पालन नहीं हुआ। पानी की निकासी व बैठक की व्यवस्था नहीं किया गया है। तालाब गहरीकरण करके तालाब के किनारे न ही पत्थर लगाया गया न ही पौधे लगाये गये है।दिलचस्प बात की मछली पालन भी तालाब में नहीं हो सकता है।पानी का स्त्रोत नही होने से जल संचय नहीं होती है।प्रखंड के अक्सी तालाब व राजडण्डा स्थित नंदनी तालाब गहरीकरण योजना भूमि संरक्षण विभाग द्वारा कराया जा रहा है। वही जलस्तर बढ़ाने को लेकर सरकार द्वारा लाखों रुपए खर्च कर रही है। लाखों खर्च करने के बाद भी तालाब का पानी सुखने के कगार पर है। ग्राम राजडण्डा, बेहराटोली के दर्जनों मवेशी के पीने के पानी का संकट मंडरा रहा है। गर्मी आते ही कुछ दिनों में नंदनी तालाब पूरी तरह से सुख जाएगा। लाखों खर्च के बाद भी तालाब गहरीकरण से किसी की फायदा होता नहीं दिख रहा है।

### छिपादोहर बाजार में 10 दिन से जलमीनार खराब, लोगों को हो रही परेशानी



**बरवाडीह।** गर्मी की दस्तक शुरू होने के साथ ही प्रखंड मुख्यालय एवं आसपास क्षेत्रों में पानी की समस्या होनी शुरू हो गई है। प्रखंड के छिपादोहर बाजार स्थित जलमीनार विगत 10 दिनों से खराब पड़ा हुआ है। पूरे छिपादोहर बाजार मैं मात्र एक ही जल मीनार जिससे छिपादोहर बाजार क्षेत्र से आने वाले ग्रामीण बैंक एवं पोस्ट ऑफिस आते हैं। जलमीनार खराब रहने के कारण पीने के पानी के लिए इधर से उधर भटकते रहते हैं। इस संबंध ग्रामीण मुन्ना गुप्ता, अजय सोनी समेत अन्य लोगो ने बताया जल मीनार खराब रहने की जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, पंचायत के मुखिया बेरोनिका कुजूर समेत संबंधित अधिकारियों को दी गई है ।

# साल्वे विद्यालय का जलमीनार व चापानल एक वर्ष से है खराब

### कुएं का दूषित जल पीकर बच्चे हो रहे बीमार

**बारियातु ।** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत साल्वे ग्राम साल्वे स्थित राजकीय मध्य विद्यालय परिसर में स्थित जलमिनार व चापानल पिछले एक साल से खराब पड़ा हुआ है, विद्यालय मे अध्ययनरत सभी बच्चे ने पास के कुएं का पानी पिने को मजबुर है। कुएं का दूषित पानी पीने के वजह से बच्चे अकसर डायरिया व टायफाइड जैसे गंभीर बिमारी से ग्रस्त रहते हैं। विद्यालय परिसर में जल की व्यवस्था नही रहने के वजह से शौचालय बन्द पडा हुआ है। छात्र छात्राओं को खुले मे शौच के लिए जाना पड़ता है। इतना सब होने के बावजूद विद्यालय के प्रधानाचार्य शिक्षक, विद्यालय प्रबंधन समिति, मुखिया तथा प्रखंड जनप्रतिनिधियों ने किसी भी तरह से विद्यालय का निरिक्षण नही किया है।

**कार्यालय अधीक्षक उत्पाद, चतरा**

**सूचना**

लोक सभा आम चुनाव 2024 आदर्श आचार संहिता के दौरान अवैध शराब व्यापार के प्रभावी रोक–थाम हेतु निम्नांकित उत्पाद पदाधिकारियों का नाम एवं मोबईल नम्बर निम्नवत् हैः–

| क्र0स0 | नाम एवं पदनाम | मोबाईल नम्बर |
|---|---|---|
| 1 | शिव कुमार साहु, अधीक्षक उत्पाद, चतरा। | 8292321719 |
| 2 | अभिषेक आंनद, अवर निरीक्षक उत्पाद, चतरा। | 8298078700 |
| 3 | आशिष कुमार पाण्डेय,सहायक अवर निरीक्षक उत्पाद, चतरा। | 7979099323 |

सर्वसाधारण से अपिल किया जाता है कि अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री से संबंधित कोई सूचना हो तो उक्त पदाधिकारी को सूचित कर सहयोग करें।

अधीक्षक उत्पाद
चतरा

PR 323558 Excise(24-25)#D

## एक नजर

### दो दिनों के भीतर पानी देने का दिया निर्देश

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के बलिगढ़ पंचायत के ग्रामीणों ने बीडीओ सावित्री कुमारी को आवेदन देकर गांव के ही ईश्वरी बैठा द्वारा सरकारी चापानल से पानी नहीं पीने देने की शिकायत की थी। ग्रामीणों ने बीडीओ को बताया की उक्त चापानल 2011 में सांसद मद से लगा था। इस पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी ने तत्काल एक्शन लेते हुए कहा की सार्वजनिक चापानल से पानी नहीं पीने देना समता के अधिकार के तहत उलंघन है। दो दिनों के भीतर चापानल से ग्रामीणों को पानी नहीं पीने देने पर उक्त व्यक्ति पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

### संवेदनशील मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**केतार।** लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण व भयमुक्त माहौल में सम्पन्न कराने के लेकर गुरुवार को पुलिस और सीआरपीएफ की टीम ने संयुक्त रूप से फ़्लैग मार्च किया। सीआरपीएफ इंस्पेक्टर अश्विनी कुमार सिंह और थाना प्रभारी रौशन कुमार वर्णवाल ने आधा दर्जन संवेदनशील मतदान केन्द्रों का निरीक्षण भी किया। इस क्रम में सीआरपीएफ की टीम ने मध्य विद्यालय केतार बाजार स्थित मतदान केंद्र संख्या 71,72,73 और लोहिया समता उच्च विद्यालय स्थित मतदान केंद्र संख्या 74,75 और प्राथमिक विद्यालय बेलाबार गांव स्थित मतदान केंद्र संख्या 81 का निरीक्षण किया। मतदान केन्द्रों पर पेयजल शौचालय, रैंप, बिजली सहित बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया। फ़्लैग मार्च करते समय पुलिस की टीम ने केतार,पचाडुमर,बेलाबर,और नावाडीह गांव के मतदाताओं से मुलाकात की और 13 मई को मतदान केन्द्रों पर जाकर शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से मतदान करने की अपील की। पुलिस ने मतदाताओं को निर्भीक होकर अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्र पर जाकर वोट देने की अपील किया।

### न्यायालय के आदेश का उल्लंघन करना पड़ा महंगा, गया जेल

**सेन्हा-लोहरदगा।** न्यायालय के आदेश का उल्लंघन करना युवक को महंगा पड़ गया जिसके कारण उसे जेल जाना पड़ गया। उसपर भरण पोषण भत्ता की निर्धारित राशि समय से उपलब्ध नही कराने के आरोप है। इस मामले में सेन्हा पुलिस ने गिरफ्तार कर युवक को जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार सेन्हा थाना क्षेत्र के गगेया छापर टोली निवासी रंथू उराँव के 38 वर्षीय पुत्र चंद्रनाथ उराँव के विरुद्ध पत्नी बिना उराँव ने मुकदमा दर्ज करवा कर न्याय का गुहार लगाया गया था.जिसमें लोहरदगा न्यायालय के आदेशानुसार पत्नी को खोरीस पोरिस की राशि निर्धारित करते हुए हर माह देने का आदेश निर्गत किया गया था. जिसके आलोक में सेन्हा थाना पुलिस को केस नम्बर 45/23 के तहत अभियुक्त चंद्रनाथ उराँव के विरुद्ध कारवाई करने का आदेश निर्गत होने के पश्चात प्रशिक्षु आईपीएस सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर के निर्देश पर ए एस आई अलबिना लकड़ा द्वारा शस्त्र बल के सहयोग से अभियुक्त को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया गया।

# चोरों को अब भगवान का भी नहीं डर, ले उड़े मुकुट, पैसे और बर्तन

**दो मंदिरों का ताला तोड़कर भगवान के चढ़ावा, मुकुट व बर्तनों की चोरी की**

**हनुमान मंदिर और सिद्धिदात्री दुर्गा मंदिर में हुई चोरी, सीसीटीवी फुटेज में चोर कैद**

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा में आज के समय में अब भगवान के घर भी सुरक्षित नहीं है। लोहरदगा में चोरों का आतंक अब इतना बढ़ गया है कि चोर अब आम लोगों के घरों से गुजरकर भगवान के घरों पर भी चोरी करने से गुरेज नहीं कर रहे हैं। चोरों को भगवान का भी डर नहीं है। ऐसी ही घटना गुरुवार की सुबह सुनने को मिली। शहरी क्षेत्र के दो मंदिरों में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोर इतना बेखौफ हो गए हैं कि वे इंसान तो छोड़ दीजिए अब भगवान से भी नहीं डर रहे हैं। चोरों ने शहरी क्षेत्र के रिहायशी इलाके राणा चौक स्थित हनुमान मंदिर और वीर शिवाजी चौक स्थित मां सिद्धिदात्री दुर्गा मंदिर को निशाना बनाया है। दोनो मंदिरों के दान पेटियों में लगा ताला तोड़कर उसमे रखा दान के पैसे को उड़ा ले गए हैं वही मंदिर के अंदर रखे गोदरेज का भी लॉक तोड़कर उसमे रखा भगवान के मुकुट, पैसे व बर्तनों की चोरी कर ली गई है। दुर्गा मंदिर के दान पेटी का ताला तोड़कर उसमे रखा हुआ दान का हजारों रुपये ले गए। वही मंदिर परिसर में रखे गोदरेज का ताला तोड़कर भी उसमे रखे कपड़े और अन्य सामानों को तीतर बितर कर दिया।




### पुलिस को दे रहे खुली चुनौती



बता दे कि वर्तमान में जिले में रामनवमी की तैयारियां जोरों पर चल रही है वही चोर भी सक्रिय हो गए हैं। रामनवमी से पूर्व हनुमान मंदिर और दुर्गा मंदिर में चोरी की घटना से लोग हैरान हो गए है। इस घटना से यह स्पष्ट होता है कि चोर इस तरह की घटना को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती देने में लगे हैं। वही पुलिस के लिए चोरी की घटना का पदार्फाश करने की चुनौती है। पूरे मामले में पुलिस निरीक्षक सह सदर थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर ने बताया कि चोरों को शीघ्र पुलिस गिरफ्त में लेगी। जो भी इस दुष्कृत्य में शामिल हैं उन्हें पुलिस ढूंढ लेगी।

### भंडरा पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ चलाया छापेमारी अभियान

**भंडरा।** लोकसभा चुनाव को लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन रेस है। पुलिस लगातार अवैध शराब को लेकर छापामारी अभियान चला रही है । गुरुवार की शाम को थाना क्षेत्र अंतर्गत भंडरा बाजार टांड में अवैध महुआ शराब चुलाई के खिलाफ स्थानीय पुलिस ने छापामारी की और कई क्विंटल जावा महुआ को नष्ट किया। पुलिस की धमाचौकड़ी देख उक्त गोरखधंधे में शामिल लोग भागने में सफल रहे। भंडरा पुलिस ने भंडरा बाजार टांड निवासी शिवा राम की पत्नी कांता देवी घर छापेमारी कर जावा महुवा को नष्ट किया साथ ही कांता देवी के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के मामला दर्ज कर अग्रतर करवाई में जुट गई है । छापामारी अभियान का नेतृत्व थाना प्रभारी अरबिंद कुमार सिंह कर रहे थे। उनके साथ स्थानीय चौकीदार तथा पुलिस बल के जवान थे। पुलिस की उक्त कार्रवाई से अवैध शराब चुलाई करनेवालों तथा बेचनेवालों में हड़कंप देखा जा रहा है।

## वनों में तेजी से फैल रही है आग



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा ।** किस्को और पेशरार प्रखण्ड क्षेत्र के जंगलों में आग तेजी से फैल रही है। तिसिया, हुटाप, सेमरडीह, बानपुर, पेशरार क्षेत्र की जंगल सुलग रही है। दिन में धुंआ और रात में जंगल लाल नजर आ रही है। वन विभाग द्वारा आग को बुझाने का भरपूर कोशिश की जा रही है। लेकिन एक ओर आग बुझाइ जा रही हैं, तो दूसरी ओर ग्रामीण महुआ चुनने के लिए आग लगा रहे हैं। वन विभाग के कर्मी आग बुझा कर आते हैं। विभाग के कर्मियों के वापस लौटते ही पुनः जंगल लहलहाती नजर आती है। रात दिन आग बुझाने की कोशिश नाकाम साबित हो रही है। बुधवार रात भर वनकर्मी जंगल बुझाने में जोर शोर से लगे रहे। जंगल बुझाने में कई आधुनिक तकनीक वाले मशीनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। लेकिन आग बुझने का नाम नहीं ले रही है। वनकर्मी जंगल में आग नहीं लगाने की अपील ग्रामीणों से कर रहे हैं। लेकिन लोग सुनने को तैयार नहीं है। वनकर्मियों ने कहा कि आग लगाते हुए पकड़े जाने पर कड़ा दंड का प्रावधान है साथ ही जुमार्ना भी लिया जाएगा।

# अवैध शराब कारोबारी के विरुद्ध उत्पाद विभाग की कार्रवाई

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगाःलोकसभा चुनाव को लेकर जिला उत्पाद अधीक्षक अनिल कुमार शर्मा के निर्देश पर जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में लगातार अवैध शराब कारोबारियो के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में गुरुवार को उत्पाद अवर निरीक्षक महेश कुमार दास की अगवाई में भारी मात्रा में अवैध शराब और जावा महुआ जब कर उसे नष्ट कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार सदर थाना क्षेत्र के महादेव टोली इलाके में अवैध शराब बनाने वाले संभावित ठिकानों पर सघन छापामारी अभियान चलाया गया। उत्पाद अवर निरीक्षक महेश कुमार दास की अगवाई में विभागीय टीम ने संभावित ठिकानों और घरों में तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान अवैध चूलईया महुआ शराब एवं 80 किलोग्राम जावा महुआ



बरामद किया गया। मौके पर उत्पाद विभाग की टीम में इसे नष्ट कर दिया। अवैध शराब के कारोबार से जुड़े छोटे ग्रामीण कारोबारी में छापामारी को लेकर हडक्कम मच गया। उत्पाद विभाग की टीम देख मौके से शराब बनाने वाले कथित कारोबारी भागने में सफल रहे। इस संदर्भ में जिला उत्पाद अधीक्षक अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि, लोकसभा चुनाव को लेकर विभागीय छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। अब तक हजारों लीटर अवैध महुआ शराब जप्त कर उसे नष्ट किया गया है।

### अवैध शराब के खिलाफ चलाया छापेमारी अभियान

**भंडरा।** लोकसभा चुनाव को लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन रेस है। पुलिस लगातार अवैध शराब को लेकर छापामारी अभियान चला रही है । गुरुवार की शाम को थाना क्षेत्र अंतर्गत भंडरा बाजार टांड में अवैध महुआ शराब चुलाई के खिलाफ स्थानीय पुलिस ने छापामारी की और कई क्विंटल जावा महुआ को नष्ट किया। पुलिस की धमाचौकड़ी देख उक्त गोरखधंधे में शामिल लोग भागने में सफल रहे। भंडरा पुलिस ने भंडरा बाजार टांड निवासी शिवा राम की पत्नी कांता देवी घर छापेमारी कर जावा महुवा को नष्ट किया साथ ही कांता देवी के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के मामला दर्ज कर अग्रतर करवाई में जुट गई है।

### सेन्हा में केंद्रीय महावीर महावीर मंडल का गठन अध्यक्ष बने जितेंद्र

**सेन्हा-लोहरदगा।** केंद्रीय महावीर मंडल की बैठक भोला साहू की अध्यक्षता में आयोजित किया गया. बैठक में वर्ष 2024 में रामनवमी पूजा सह भरत मिलाप की भव्य शोभायात्रा एवं अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता कार्यक्रम संपन्न किए जाने को लेकर चर्चा किया गया.जिसमें पुरानी कमेटी को भंग करते हुए नई समिति का पुनर्गठन का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किया गया. जिसमे नई कमेटी का विस्तार करते हुए जितेंद्र महतो को अध्यक्ष व अरविंद कुमार को सचिव बनाया गया है. जबकि उपाध्यक्ष उज्जवल शुक्ला,अजय महतो,रितेश महतो अशोक यादव,रितेश यादव, सहसचिव सचिन कुमार, कोषाध्यक्ष रवि कुमार , सह कोषाध्यक्ष सत्यम महतो को बनाया गया है.मौके पर जितेंद्र महतो ने कहा कि इस वर्ष रामनवमी का त्यौहार 17 अप्रैल को है.जिसे की 18 अप्रैल दशमी के दिन सेन्हा के बेसिक स्कूल मैदान में शोभायात्रा,भरत मिलाप व भव्य मेला का आयोजन किया जायेगा।

# दहेज उत्पीड़न के आरोपी को अंबिकापुर से किया गिरफ्तार

**घाघरा थाना और न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर भेजा गया गुमला जेल**

**थाने में पत्नी ने दर्ज कराई थी दहेज उत्पीड़न से संबंधित प्राथमिकी**

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत घाघरा थाना स्थित देवाकी माइल बाडोटोली निवासी दहेज उत्पीड़न के शातिर आरोपी, सुबोध भगत को अंततः घाघरा थाना पुलिस ने मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ स्थित अंबिकापुर से गिरफ्तार कर बुधवार को घाघरा थाना पुलिस ने दूसरे राज्य से लाने में सफल रही, इस संबंध में घाघरा थाना प्रभारी तरुण कुमार ने बताया की दहेज उत्पीड़न के आरोपी सुबोध भगत की पत्नी सत्य रूपा देवी ने जून 2021 में घाघरा थाना पुलिस को लिखित आवेदन देकर दहेज उत्पीड़न से संबंधित प्राथमिक की दर्ज कराई थी। कि सत्यरूपा देवी के द्वारा उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी, जिसके घबराहट में आकर, दहेज उत्पीड़न के शातिर आरोपी सुबोध भगत एक सोची समझी षड्यंत्र के तहत उक्त आरोपी मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ स्टेट दूसरे राज्य में प्रवेश कर फरार हो गया और वह अपने पिता मंगल भगत के द्वारा सितंबर 2021 में घाघरा थाना में एक लिखित आवेदन देकर सत्य रूपा देवी को डराने के उद्देश्य से सत्य रूपा देवी और उसके परिजनों के विरुद्ध सुबोध भगत का अपहरण और हत्या करने का आरोप लगाते हुए , उक्त आरोपी के पिता मंगल भगत ने घाघरा थाना में लिखित आवेदन देकर सत्य रूपा देवी और उसके परिजनों पर झूठा आरोप लगाते हुए उन्होंने सत्य रुपा देवी और उसके परिजनों पर अपने पुत्र सुबोध भगत का अपहरण कराकर हत्या करा दी गई है।

### क्षेत्र की कला व संस्कृति का संरक्षण सराहनीय पहल : आरआर मिश्रा

**लोहरदगा ।** बगडू हिल बॉक्साइट माइन्स में हिंडालको सीएसआर की ओर से सामाजिक संस्कृति संरक्षण कार्यक्रम के तहत ग्राम दलदलिया, कोरगो, छोट चोरगाई, बड़ चोरगाई, हिसरी नवाटोली, बगडू, सियार पाड़ा, बेटहट, जामुन टोली आदि गांव के ग्रामीणों के बीच 14 मांदर एवं नगाड़ा का वितरण खान सुरक्षा महानिदेशालय, चाईबासा क्षेत्र के निदेशक आर.आर. मिश्रा की अगुवाई में बांटे गए। इस अवसर पर आरआर मिश्रा ने कहा कि संस्कृति संरक्षण के लिए मांदर नगाड़ा का वितरण हिंडालको की सराहनीय पहल है। मौके पर हिंडाल्को के वरीय उपाध्यक्ष (ऑपरेशन) प्रतीक कुमार, महाप्रबंधक (लोहरदगा कलस्टर) राजेश रंजन अम्बष्ठा, बगडु के खान प्रबंधक राज सिन्हा, हिंडालको सीएसआर की ओर से भास्कर सिन्हा, अनिता, सोमे समेत ग्रामवासी महिला एवं पुरुष मौजूद रहे।

# ट्रक व कार में जोरदार टक्कर, कार क्षतिग्रस्त, चालक सुरक्षित

नवीन मेल संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा में ट्रक व कार की जोरदार टक्कर में कार क्षतिग्रस्त हो गया जबकि कार में सवार चालक को कोई क्षति नही पहुंची है। दुर्घटना के पश्चात ट्रक चालक वाहन को रास्ता में छोड़कर फरार हो गया. जानकारी के अनुसार टक्कर इतना जोरदार था कि कार के परखच्चे उड़ गए। वही कार चालक शिक्षक सीट बेल्ट लगाकर गाड़ी चला रहे थे जिस कारण बड़ी दुर्घटना होने के बावजूद उनकी जान बच गई। बताया गया कि सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत लोहरदगा गुमला मुख्य सड़क एन एच 143 ए पर सेन्हा पेट्रोल पंप के समीप कार संख्या जे एच 01बी वाई 9161 में सवार होकर वाहन चलाते पेशरार प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मन्हेपाट में कार्यरत शिक्षक कुंदन कुमार मिंज लोहरदगा से लोकसभा चुनाव का प्रशिक्षण में शामिल होकर प्रशिक्षण समाप्त के बाद अपना घर टोटो जा रहें थे की अचानक सेन्हा पेट्रोल पंप के पास घाघरा तरफ से बॉक्साइड लदा ट्रक संख्या जे एच 09 ए सी 8412 ने कार में टक्कर मार दिया था। दुर्घटना की सूचना के बाद पहुची सेन्हा थाना पुलिस के एस आई मनीष कुमार महतो एवं ए एस आई रामचन्द्र मांझी ने दोनो वाहनो को जप्त कर सेन्हा थाना परिसर में सुरक्षित रख अग्रतर कारवाई में जुट गये हैं।

### सड़क दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल

**केतार।** केतार थाना क्षेत्र के कोसडीहरा गांव के समीप गुरुवार की सुबह सड़क दुघर्टना में दो लोग गंभीर रूप घायल हो गए। घायलों में कोसडीहरा गांव निवासी बुजुर्ग महिला कुमारी देवी (65) और कांडी थाना क्षेत्र के पखनाहा गांव निवासी उमेश रजक (45) वर्ष शामिल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उमेश रजक केतार थाना क्षेत्र के सोनवर्षा गांव में अपने रिश्तेदार के यहां श्राद्धकर्म में आ रहे थे। इसी क्रम में कोसडीहरा गांव के समीप सड़क किनारे बकरी चरा रही महिला में को धक्का लग गया। इसमें बाइक चालक उमेश रजक का एक पैर फ्रैक्चर हो गया है। वहीं महिला को भी गंभीर चोट लगी है। घटना की जानकारी के बाद केतार पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांडी भेजा है।

### आधी रात के करीब हाथी ने घर पर हमला कर किया ध्वस्त

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के सदान बुकमा गांव में एक जंगली हाथी ने रविवार की आधी रात के करीब गरीब किसान अरुण किशोर कुजूर के घर को ध्वस्त कर दिया। मंगलवार को किसान की पत्नी सेलिना कुजूर ने बताया कि उनके पति मजदूरी करने दूसरे राज्य गए हुए हैं। वह अपने दो बच्चों के साथ अकेली घर पर थी तभी आधी रात के करीब एक जंगली हाथी ने उनके घर पर हमला कर घर को ध्वस्त करने लगा घर ध्वस्त होने की आहट से उनकी नींद खुली तो देखा कि एक विशालकाय जंगली हाथी उनके घर को ध्वस्त कर रहा है जिसके बाद किसान की पत्नी ने अपनी दोनों बच्चों को लेकर दीवार फांदकर अपने घर से दूर भाग कर अपनी जान बचाई। इस बीच जंगली हाथी घर को ध्वस्त करता रहा और घर में रखे अनाज को चट कर गया। इसके बाद ग्रामीणों ने एकजुट होकर हाथी को जंगल की ओर खदेड़ दिया। आपको बता दें कि पिछले पांच दिनों के अंदर जंगली हाथी ने पांच घरों को ध्वस्त कर दिया है जंगली हाथी बुकमा गांव के पास बहने वाले शंख नदी के पास जारी प्रखंड क्षेत्र के बूटी जंगल में डेरा जमाए हुए हैं जो शाम होती ही सीमावर्ती गांव सदान बुकमा भगत बुकमा बरटोली छतरपुर आदि गांव में प्रवेश कर गरीब किसानों के घरों को ध्वस्त कर घर में रखें अनाजों को चट कर रहा है। वही वन विभाग जंगली हाथी को क्षेत्र से दूर खड़े में नाकाम साबित हो रही है जिसे लेकर ग्रामीणों में काफी रोश व्याप्त है।

# सहायक शिक्षक पद पर नौकरी दिलाने के नाम पर हुई 14 लाख रुपये की ठगी

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला ।** गुमला सदर थाना स्थित लक्ष्मण नगर निवासी राम अवतार साहू ने गुमला सदर थाना में एक प्राथमिकी दर्ज कराया कि जिला मुख्यालय स्थित लक्ष्मण नगर निवासी की बेटी ममता कुमारी को गुमला सरना टोली निवासी अनीता देवी जो एक महिला समिति की सचिव है। उन्होंने मेरी बेटी ममता कुमारी को आरसी मिशन करौंदा बेड़ा पालकोट में वर्ष 2022 में सहायक शिक्षक के पद पर नौकरी और नियुक्ति दिलाने के नाम पर विभिन्न तिथियां को ऑनलाइन और चेक द्वारा 14 लाख रुपए की ठगी कर ली गई है, नौकरी नहीं दिलाने पर पैसा




वापस मांगने पर अनीता देवी तरह-तरह के बहाने बाजी करते हुए विभिन्न तिथियां को और अब तक कुल 5 लाख 93 हजार रुपया वापस की है, शेष राशि आठ लाख सात हजार रुपया के ऐवज में सेंट्रल बैंक के नाम से दो चेक दिए गए और जब उक्त चेक को सेंट्रल बैंक में राशि निकासी के लिए डाला गया तो दोनों चेक बाउंस कर गया। फिर अपने वकील के माध्यम से अनीता देवी को लीगल नोटिस भेजा गया तो वह 11 जुलाई 2023 को समझौता करते हुए, 20 अगस्त 2023 तक शेष राशि का भुगतान करने की बात कही। परन्तु उक्त बकाए राशि का भुगतान अब तक नहीं किया गया है।

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, गढ़वा**
E mail ID :-computercellkarmik@gmail.com

**सूचना**

आसन्न लोक सभा चुनाव 2024 में प्रतिनियुक्त जिन पीठासीन/मतदान कर्मियों द्वारा अस्वस्थता के कारण निर्वाचन कार्य से मुक्त करने हेतु कार्मिक कोषांग, गढ़वा के कार्यालय में आवेदन पत्र समर्पित किया है, उन्हें निदेश दिया जाता है कि वे दिनांक 06.04.2024 एवं दिनांक 09.04.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में स्वास्थ्य जांच हेतु चिकित्सा दल के समक्ष उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

चिकित्सा दल के निर्णय के आलोक में ही संबंधित कर्मियों को निर्वाचन कार्य से मुक्त करने पर विचार किया जाएगा।

ह0/-
उप विकास आयुक्त-सह-
नोडल पदाधिकारी, कार्मिक कोषांग, गढ़वा

PR 323572 Election(24-25)#D

# राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा जिला समिति की कोर कमिटी का पुनर्गठन

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा जिला समिति लोहरदगा का कोर कमिटी का पुनर्गठन करके नये कोर कमिटी सदस्यों का चयन हुआ।
कोर कमिटी के सभी सदस्यों द्वारा पहले बैठक कर निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता कमिटी सदस्य फूलदेव भगत ने की। जिसमें सभी कोर कमिटी के उपस्थिति में कोर कमिटी सदस्य की सहमति से राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा लोहरदगा के सदस्यों का चयन किया गया। राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा जिला समिति लोहरदगा द्वारा कोर कमिटी ने जिला समिति के संचालन हेतु तीन वर्ष के लिए चयनित किया गया। जो 1 अप्रैल 2024 से 1 अप्रैल मार्च 2027 तक के लिए अवधि कार्य मान्य रहेगा। इसी का 4 अप्रैल 2024 दिन गुरूवार को एम जी रोड वीर शिवाजी चौक स्थित झखरा कुम्बा सभागार में संरक्षक सह कोर कमिटी सदस्य बिरसा उरांव, फूलदेव भगत, अमरनाथ भगत, बुधराम उरांव व सुधु भगत के संयुक्त तत्वावधान में सभी चयनित सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित की गई। उपस्थित सभी नवनियुक्ति सदस्यों को पुष्प माला, शपथग्रहण और डेयरी देकर सम्मानित किया गया।
कोर कमिटी के दो तिहाई सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से नामित जिला सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने क्रमबद्ध समाहित किया गया। दिनांक 1 अप्रैल 2024 से 1 अप्रैल 2027 तक सामाजिक धार्मिक गतिविधियों का संचालन बायलॉज के मध्यनजर रखते हुये कार्यों का निर्वहन करेंगे। चयनित सदस्यों का पद, नाम इस प्रकार हैं - जिला पदाधिकारी अध्यक्ष सोमदेव उरांव, उपाध्यक्ष कृष्णा भगत, सचिव सुकेन्द्र उरांव, कोषाध्यक्ष मगलदास उरांव, धर्म गुरू फूलकेश्वर उरांव, धर्म गुरू सहायक पंकज उरांव, मिडिया प्रभारी नूतन कच्छप, सदस्य मरकुश उरांव, मगरा उरांव और राम किशुन उरांव है।



### भदुआपारा में सरहुल की निकली शोभायात्रा

लोहरदगा। सदर प्रखंड के भदुवापारा गांव में पाहन तिवारी उरांव की अगुवाई में पूजा अर्चना के उपरांत सरहुल शोभा यात्रा निकाली गई। यह शोभा यात्रा गांव के विभिन्न गली मुहल्ले से होकर गुजरी। पाहन तिवारी उरांव ने कहा कि सरहुल प्रकृति पर्व है। सदियों से फूलों और धरती माता की पूजा की जाती है। समस्त प्राणी सुखी रहें,पेड़ पौधे जीवन्त रहे, ऐसी कामना सरना स्थल भदुवापारा पर भगवान से की गई। मौके पर मनोज उरांव, सुनील उरांव, बबलू उरांव, गंगा उरांव, हरी उरांव, समेत कई युवक युवतियों ने कान में फूल खोसकर नृत्य किया।

### बीडीओ ने प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक की

**केतार।** प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर सेक्टर मजिस्ट्रेट, सुपरवाइजर और विद्यालय के प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक की। उक्त बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री ने कहा की जिन मतदान केन्द्रों पर पेयजल, शौचालय, रैंप, बिजली सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं है वहां के सम्बंधित प्रधानाध्यापक तीन दिनों के भीतर विधि व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त कराने का निर्देश दिया। गांवों में शत-प्रतिशत मतदान कराने को लेकर ग्रामीणों को जागरूक को भी कहा। इस दौरान कई प्रधानाध्यापकों ने विद्यालय में सारी बुनियादी सुविधाएं पुर्ण होने का सपथ पत्र बीडीओ को सौंपा। इस बैठक में बीपीआरओ सुरेश राम, प्रखंड समन्वयक राकेश कुमार, प्रधानाध्यापक अखिलेश मिश्रा, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

**कार्यालयः-असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू।**

जेलहाता रोड़, डालटनगंज, पलामू
ईमेल आई0डी:-civilsurgeonpalamu@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

श्रीमती शालिनी देवी, पति-स्व0 प्रणेश कुमार (पूर्व लिपिक, जिला कार्यालय पलामू) आवासीय पता- रेड़मा राँची रोड़ (पशुपालन कार्यालय के पीछे), पो0-चियाँकी, थाना- मेदिनीनगर, जिला-पलामू, झारखण्ड को सूचित किया जाता है, कि माननीय उच्च न्यायालय, झारखण्ड, राँची द्वारा पारित न्यायादेश के अनुपालन में पेंशन/उपादन से संबंधित कागजात पर हस्ताक्षर/अंगुलियों के हस्ताक्षर के निशान हेतु अधोहस्ताक्षरी कार्यालय अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू के प्रकोश्ट में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

कृपया इसे अत्यावश्यक समझें।

असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-,
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू।

PR 323570 District(24-25)D

# सरकारी व गैरमजरुआ भूमि पर अतिक्रमणकारियों की गिद्ध नजर

## भूदान में मिली जमीन की भी खरीद फरोख्त की हो रही है चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
तिसरी प्रखंड मुख्यालय स्थित सरकारी जमीनों पर भूमाफियाओं की गिद्ध नजर है। मुख्य सड़क के किनारे स्थिति लगभग सभी सरकारी व गैरमजरुआ भूमि का पहले ही अतिक्रमण हो चूका है। अब बचे हुए थोड़े बहुत सरकारी जमीनों की भी खरीद - फरोख्त की जा रही है। ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है। गुरुवार को तिसरी में लगने वाले साप्ताहिक हाट - बाजार के बगल स्थित जमीन पर चल रहे ट्रेंच खुदाई के काम का स्थानीय लोगों ने विरोध कर रुकवा दिया। ग्रामीणों ने सरकार द्वारा दिए गए भूमिदान के जमीन को बेचने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार द्वारा भूमिदान में मिले जमीन का खरीद - फरोख्त किया जा रहा है। जमीन खरीदने वाले लोगों द्वारा ट्रेंच खोदकर रास्ते का अतिक्रमण किया जा रहा है। बाजार पर रहने वाले दर्जनों महिला व पुरुषों ने रास्ता अतिक्रमण करने का आरोप लगाकर ट्रेंच खुदाई का कार्य रोक दिया। इस संबंध में बाजार निवासी प्रदीप गुप्ता ने कहा कि भूमिदान में मिले सरकारी जमीन को बेचा जा रहा है। उक्त जमीन को घेरने के साथ - साथ आम रास्ते में भी ट्रेंच खोद दिया गया है। गुड़िया देवी ने कहा कि भूमि दान में मिले जमीन को बेचा जा रहा है साथ ही पूर्वजों के समय से चलते आ रहे रास्ते का अतिक्रमण किया जा रहा है। इसके बदले दूसरे जगह से रास्ता दिया जा रहा है जो स्वीकार नहीं है। इतना ही नहीं जमीन खरीद फरोख्त के मामले में बाजार हाट की जमीन बेचने की भी चचाएं तेज है। चर्चा है कि बाजार हाट की भी कुछ जमीन कथित व्यक्ति द्वारा किसी को बेच दी गई है। हालांकि यह जानकारी प्रामाणिक नहीं है। जांच में सब कुछ साफ हो पाएगा। वहीं इस संबंध में ट्रेंच खुदाई का कार्य करवा रहे शांति सोरेन ने बताया कि सुखनी सोरेन के नाम पर उन्हें 95 डिसमिल जमीन बंदोबस्ती में मिली हुई है। जिसमें ट्रेंच खुदाई कर निर्माण कार्य किया जा रहा है।

## थानसिंहडीह पुलिस ने अभियुक्त केदार यादव को गिरफ्तार कर बिहार पुलिस को सौंपा



**गिरिडीह।** थानसिंहडीह पुलिस ने गुरुवार को बिहार के खैरा थाना के अभियुक्त केदार यादव को गिरफ्तार कर बिहार पुलिस को सौंप दिया। बताया जाता है कि बिहार - झारखण्ड के सीमा पर स्थिति थानसिंहडीह निवासी केदार यादव पिता बाढ़ो यादव बिहार के जमुई जिला अंतर्गत खैरा थाना कांड संख्या 467/20 धारा-302/149/323/147/148/120बी/379/376/511 भा०द०वि० एवं 27 शस्त्र अधिनियम का प्राथमिक अभियुक्त था, जो लम्बे समय से फरार चल रहा था इसी बीच गुप्त सुचना के आधार पर उसे गिरफ़्तार किया गया। जिसके बाद कागजी प्रक्रिया के बाद उसे जमुई पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

## एक नजर

### आबकारी विभाग ने गुड़ासाई नदी किनारे शराब भट्ठी किया ध्वस्त

**चक्रधरपुर।** आबकारी विभाग की टीम ने गुरुवार को चक्रधरपुर थाना क्षेत्र की गुलकेड़ा पंचायत के गुड़ासाई नदी किनारे संचालित अवैध महुआ शराब निर्माण भट्ठी को ध्वस्त कर दिया.लोकसभा चुनाव के मद्देनजर छापेमारी अभियान चलाये जाने के दौरान यह कार्रवाई की गई.आबकारी विभाग को सूचना मिली थी कि गुड़ासाई नदी किनारे अवैध महुआ शराब भट्ठी संचालित हो रही है.इसके बाद आबकारी विभाग की टीम गुड़ासाई नदी किनारे पहुंची जहां पांच अवैध शराब भट्ठी को ध्वस्त कर दिया. साथ ही यहां से भारी मात्रा में देसी महुआ शराब व 10 हजार किलो महुआ जावा भी बरामद किया गया. आबकारी विभाग टीम के सदस्यों ने बताया कि अवैध व नकली शराब बनाने व बेचने वालों पर विशेष नजर रखी जा रही है. अन्य स्थानों पर जल्द ही छापेमारी कर कार्रवाई की जाएगी।

### दो लाख 32 हजार सीएफटी अवैध बालू जब्त

**चांडिल।** बालू का अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ सरायकेला-खरसावां जिला पुलिस-प्रशासन की टीम एक्शन मोड पर आ गई है। जिले के उपायुक्त के निर्देश पर चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में बालू के अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। बुधवार की रात भी उपायुक्त के निर्देश पर चांडिल के अनुमंडल पदाधिकारी शुभ्रा रानी ने जिला खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपथी और चांडिल के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुनील कुमार रजवाड़ के साथ ईचागढ़ व तिरुलडीह थाना क्षेत्र में छापामारी अभियान चलाया.छापामारी अभियान के दौरान ईचागढ़ थाना क्षेत्र के गौरांगकोचा में छापामारी दल को दो स्थानों में बालू का अवैध भंडारण मिला। इनमें एक स्थान पर लगभग दो लाख सीएफटी और एक स्थान पर 32 हजार सीएफटी बालू मिला। दोनों स्थानों में अवैध भंडारण को विधिवत जब्त करते हुए उसे पुलिस को सौंप दिया गया। अवैध रूप से बालू का भंडारण मिलने के बाद जिला खनन पदाधिकारी ने ईचागढ़ थाना में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस पता लगाएगी कि बालू का भंडारण किस जमीन पर और किसके द्वारा किया गया है। इसके पूर्व भी ईचागढ़ थाना क्षेत्र में जांच के दौरान एक ही दिन दस लाख सीएफटी बालू का अवैध भंडारण मिला था। छापामारी दल ने बालू को जब्त किया गया था, इसके बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया।

### जब्त स्क्रैप लदे ट्रक मालिक समेत अन्य पर प्राथमिकी दर्ज

**आदित्यपुर।** आदित्यपुर थाने में जब्त स्क्रैप किए गए ट्रक मामले में पुलिस ने अनुसंधान कर कार्रवाई शुरू कर दी है। इस मामले में ट्रक मालिक समेत दो स्क्रैप कारोबारी के विरुद्ध कांड संख्या 103/ 24 दर्ज कर किया गया है। बता दें कि खरसावां के बंद अभिजीत स्टील प्लांट से स्क्रैप कटिंग चोरी का गोरखधंधा जोरों पर है। वहां से तीन थाना क्षेत्र के पुलिसकर्मियों के आंख में धूल झोंककर रोज रात को लाखों के स्क्रैप की चोरी कर रहे हैं.आदित्यपुर थाना प्रभारी नितिन कुमार सिंह ने बताया कि स्क्रैप से लदे जब्त ट्रक संख्या जेएच 12 जी 4709 में लोड स्क्रैप मामले की जांच के बाद पुलिस ने ट्रक के मालिक ट्रांसपोर्टर अमर जी, स्क्रैप कारोबारी नवनीत इंटरप्राइजेज के नवनीत तिवारी, जुगसलाई के स्क्रैप कारोबारी माँ भगवती इंटरप्राइजेज के पंकज कुमार खंडेलवाल के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि कांड में अन्य आरोपियों की भी तलाश जारी है। जिनकी जल्द गिरफ्तारी होगी। बता दें कि 31 मार्च की रात सरायकेला डीएसपी हेडक्वार्टर प्रवीण उरांव द्वारा आदित्यपुर में खरसावां अभिजीत प्लांट से स्क्रैप कटिंग कर ट्रक में लोड कर ले जाने के क्रम में ट्रक को आदित्यपुर में जब्त किया गया था। इसके बाद पुलिस ने जांच कर आरोपियों के विरुद्ध फर्जी जीएसटी बिल पेश करने समेत अन्य मामलों में कांड दर्ज किया है।


## संदेहास्पद स्थिति में महिला की मौत, मायके वाला ने लगाया हत्या का आरोप



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गावां थाना क्षेत्र के गनपतबागी में एक महिला 27 वर्षीय संगीता देवी पति बंटी यादव की मौत संदेहास्पद स्थिति में हो गई। मामले में मायके पक्ष के लोगो ने दहेज के कारण हत्या कर देने का आरोप लगाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला को नाजुक स्थिति में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गावां में लगभग 11:30 में भर्ती कराया गया। इलाज कर रहे स्वास्थ्य कर्मियो ने कहा कि महिला को काफी उल्टी हो रही थी। महिला का प्राथमिक उपचार किया जा रहा था। लेकिन इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। घटना की सूचना पर महिला के मायके सतगावां थाना क्षेत्र के बदाल से उसके परिवार वाले आये व हो हंगामा करते हुए महिला को दहेज के लिए मार डालने का आरोप लगाया। मामले में मृतका के पिता ने गावां थाना में आवेदन देकर पुत्री को दहेज के लिए मारने का आरोप लगाया है। आवेदन में कहा गया है कि 5 वर्ष पूर्व पुत्री का विवाह बंटी यादव से किया था। मेरी पुत्री को एक तीन वर्ष की पुत्री है। मेरी पुत्री को इनके ससुराल वाले पति, सास, ससुर व ननद बराबर मारपीट करते रहते थे। वे लोग के रूप में रुपये व मोटरसाइकिल के मांग करते रहते थे। वहीं जान से मारने की धमकी भी देते थे। मामले को ले गांव में पंचायत भी हुई व 27 जून 2023 को गावां थाना में भी आवेदन दिए थे।

## सर्व सड़क पर अतिक्रमण को लेकर जनता हो रही एकजुट प्रशासन मौन






**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गरीब लड़की की शादी में सहयोग करना संस्था के मुख्य उद्देश्य मुख्तार अंसारी महिलाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर एवं शिक्षा, स्वास्थ की दिशा में लगातार कार्य कर रही सामाजिक संस्था सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट कमेटी के संस्थापक सह सचिव अमल दास निर्देशानुसार आज गिरिडीह जिला में दो गरीब लड़की के शादी में सहयोग किया गया। जैसा मोहाली चुवान गांव के अनिल दास के पुत्री पूनम कुमारी, और बोडो गांव के शनिचर दास के पुत्री सुनीता कुमारी के शादी में सहयोग हेतु संस्था की ओर से पांच पांच रुपए के चेक संस्था के गिरिडीह जिला प्रभारी मुख्तार अंसारी जी के द्वारा लड़की के माता पिता के हाथो ग्रामीणों के उपस्थिति में सोपा गया।

वहाँ उपस्थित सभी गाव वालो को बताते हुए मुख्तारजी ने बताया कि संस्था 2019 से चंदनकियारी के एक सुदूर गांव पोलकिरी से सुरु करते हुए आज झारखण्ड के लगभग सभी जिलों के साथ साथ बिहार, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, बंगाल में भी संस्था जो कार्य कर रही है जिसकी सराहना सभी कर रहे। संस्था जो स्वास्थ्य मिशन परियोजना के तहत हरेक पंचायत के हरेक घर को सर्वे कराकर निशुल्क दवा वितरण करने के काम करने जा रही , इसे हमारे देश में बीमारी खत्म हो सकता है,क्यूँकि आज के समय में गरीब लोगों की बीमारी के इलाज कराने में बहुत कठिनाई होता है।

## न्यूज बॉक्स

### विहिप हर गाँव में मनाएगी भव्य रामोत्सवः संतोष



**गिरिडीह ।** बिरनी प्रखण्ड के बरहमसिया चौक स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में गुरुवार को विहिप की एक बैठक बुलाई गई । बैठक की अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष संतोष साव ने किया । बैठक में आगामी रामनवमी में सभी गॉवों में भव्य रामोत्सव मनाने पर चर्चा की गई । प्रखण्ड अध्यक्ष संतोष साव ने कहा 500 वर्षों के बाद अयोध्या में रामलला विराजमान हुए हैं जिससे भारत ही नही पूरे विश्व में राममय का वातावरण है । इसी वर्ष 22 जनवरी को रामलला का भव्य प्राण प्रतिष्ठा के साथ अयोध्या नगरी में आगमन हुआ है । उन्होंने कहा हर गाँव में भव्य रामोत्सव मनाया जाएगा। वहीं प्रखण्ड संयोजक प्रेम तरवे ने कहा हम हिंदुओं के लिए यह सौभाग्य है कि हमलोगों ने भगवान राम के जन्मस्थल को बनते और प्राण-प्रतिष्ठा होते देखा तथा देश-विदेश के लोगों ने प्राण-प्रतिष्ठा में भाग लिया। उन्होंने कहा पूरे देश में भव्य रूप से रामनवमी के अवसर पर रामोत्सव मनाने की तैयारी की जा रही है । बैठक में सह संयोजक टेकलाल वर्मा, जिला धर्म प्रचार-प्रमुख बबलू यादव, मनु कुमार, प्रवीण कुमार, जयकुमार राणा, कोलेश्वर पंडित, संजीत बर्णवाल, श्याम सुंदर मोदी, रंजीत यादव, अजय कुमार, पवन यादव, दामोदर वर्मा, कालेश्वर पासवान, राहुल कुमार समेत दर्जनों लोग उपस्थित रहे ।

### एनडीए प्रवेश परीक्षा में कंट्री टॉपर बन कर अनमोल ने किया झारखंड को गौरवांवित



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के छात्र अनमोल ने यूपीएससी द्वारा आयोजित एनडीए प्रवेश परीक्षा-2023 में कंट्री टॉपर होने का गौरव हासिल किया है। इसलिए परीक्षा में उसने अखिल भारतीय स्तर पर रैंक 1 अर्जित किया है। कैडेट अनमोल राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज (आरआईएमसी), देहरादून के छात्र हैं और उनके पिता राजेश कुमार बीएसएफ में डिप्टी कमांडेंट (द्वितीय प्रभारी) हैं। उनकी मां अनुपम आभा एक डेंटल सर्जन हैं. अनमोल ने यह बड़ी उपलब्धि हासिल कर अपने परिवार शहर समेत पूरे झारखंड को गौरवान्वित किया है। विदित हो कि अनमोल का परिवार राजधानी रांची में रहता है और अनमोल ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा रांची से प्राप्त करने के उपरांत आरआईएमसी, देहरादून में दाखिला लिया था। वर्ष में दो बार आयोजित होने वाली राष्ट्रीय सैन्य अकादमी (एनडीए) प्रवेश परीक्षा में पूरे देश से लगभग छह लाख छात्र शामिल होते हैं, जिनमें से लिखित परीक्षा तथा व्यक्तित्व परीक्षण (एसएसबी) के उपरांत राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खड़गवासला, पुणे के लिए लगभग 300 छात्रों का चयन थल सेना, वायु सेना और नौसेना में कमीशंड ऑफिसर बनाने के लिए किया जाता है। अनमोल जमशेदपुर निवासी अजय भार्गव के भतीजे के पुत्र हैं। अजय भार्गव स्पर्धा प्रकाशन, जमशेदपुर के निदेशक हैं।

### एएलसी से मिला मुसाबनी माइंस लेबर यूनियन का प्रतिनिधिमंडल



**घाटशिला।** मुसाबनी माइंस लेबर यूनियन एंव मुसाबनी माइंस वेलफेयर सोसायटी का एक प्रतिनिधि मंडल गुरुवार को यूनियन के महामंत्री सनत काल्टू चक्रवर्ती के नेतृत्व में सहायक श्रम आयुक्त सर्वेश कुमार से चाईबासा स्थित उनके कार्यालय में मिला। इस मुलाकात के दौरान प्रतिनिधि मंडल के द्वारा मुसाबनी माइंस वेल्फेयर फंड के बकाया के भुगतान को लेकर किया गया ऑडिट कार्य के पूरा होने की जानकारी दिया गया एंव ऑडिट रिपोर्ट को सहायक श्रम आयुक्त को सौंपा गया.उनसे मांग की गई कि जिन मजदूरों के द्वारा वेल्फेयर फंड में योगदान राशि जमा किया गया। उन मजदूरों को एचसीएल / आईसीसी प्रबंधन के पास मौजुद सूची एंव उपलब्ध विवरण के आधार पर बकाया राशि का भुगतान किया जाए। इस मुद्दे पर तुरंत एएलसी के द्वारा एचसीएल/आईसीसी के एचआर अर्जुन लोहरा को फोन करके जल्दी से जल्दी मजदूरों के बकाया के भुगतान का आदेश दिया गया। लोहरा के द्वारा उन्हें जल्दी से जल्दी मजदूरों का बकाया भुगतान करने को लेकर अश्वस्त किया गया। प्रतिनिधिमंडल में मुसाबनी माइंस लेबर यूनियन के मुसाबनी माइंस वेलफेयर सोसायटी के सचिव संजय कुमार बोस, पूर्ण चन्द्र भकत, रपिंदर सिंह, विश्वनाथ प्रताप सहित अन्य उपस्थित रहे थे।

### पश्चिमी सिंहभूम में 40 डिग्री से अधिक तापमान



**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम में 40 डिग्री से अधिक तापमान होने से लोगों की मुश्किलें बढ़ गई है। दोपहर को घर से निकालना अब लगभग बंद हो गया है। गर्मी से लोग बेहाल है। बाजार में भी जिस तरह से भीड़ होती है उस तरह से भीड़ नहीं हो रही। जैंतगढ़ आसपास क्षेत्र में पारा 40 डिग्री पार कर चुका है। गर्मी के मारे लोगो का बुरा हाल है। बच्चे शिक्षक लू और डी हाइड्रेशन के शिकार हो रहे है। ऐसे में पंद्रह घंटे के रोजेदार शिक्षको और बच्ची को 9 से 3 तक स्कूल में रखना शोषण से कम नहीं, कई स्कूलों तक नही पहुंची है बिजली। भले ही झारखंड शिक्षा विभाग शत प्रतिशत स्कूलों में विद्युतीकरण का दावा करती है। लेकिन धरातल में ये सफेद हाथी ही है। सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र तो छोड़ मुख्य सड़क के किनारे के स्कूल भी बिजली के अभाव का रोना रो रहे है। जहां बिजली है भी तो हालत जर्जर है। कुछ में मात्र ऑफिस तो कुछ में आधे अधूरे कमरों में बेतरतीब बिजली तार झूलते है हद तो ये है जहां आम चुनाव के बूथ है वहा भी बिजली सुचारू नहीं है. शिक्षकों ने बताया कि हर स्कूल को पैसा मिला है। कई बार मरममति और विद्युतीकरण का पैसा आता है। लेकिन शिक्षक भी अब ठेकेदार बन गए है. आधी मेरी, आधी तेरी जो बची वह स्कूल की यही कहावत अब चरितार्थ हो रही है। विकास मद के साथ मध्याह्न भोजन योजना भी चारा गाह वन गया है। स्वतंत्र एजेंसी द्वारा विकास मद और मद्यहान भोजन का धरातल में गहन पड़ताल किया है तो कई गुरुजी बे आबरू हो जायेंगे। कही बच्चों के निवाला मे डाका है तो कही विकास मद में भारी लूट मची है। आखिर समाज के सबसे सभ्य व्यक्तित्व के मालिक शिक्षक क्यों अपनी मिट्टी पलीद करने पर तुले हुए हैं। ये एक अबूझ पहेली बनी हुई है।

### शहीद गंगाराम कालुंडिया का मनी शहादत दिवस

**तांतनगर।** तांतनगर प्रखंड अतंर्गत इलिगाड़ा में गुरुवार को जल, जंगल जमीन के जन नायक शहीद गंगाराम उर्फ रामनारायण कालुंडिया को उसकी स्मारक पर विभिन्न सामाजिक संगठन समाजसेवी व बुद्धिजीवियों ने श्रद्धांजलि दी। उससे पहले शहीद स्मारक पर ग्रामीण मुंडा अमृतलाल कालुंडिया के नेतृत्व में पुजा अर्चना किया गया। उसके बाद बारी बारी से प्रभावित क्षेत्र के रैयत व विभिन्न सामाजिक व बुद्धिजीवि लोग स्मारक पर पुष्पाजंलि आर्पित व माल्यार्पण कर श्रंद्धाजलि दी। श्रद्धांजलि के बाद कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में सभी ने एक स्वर में ईचा डैम धोखा है, धक्का मारो मौका है नारे लगाकर डैम रद्द करवाने का संकल्प दोहराया है. रद्द करवाने के लिए किसी राजनीतिक पार्टी का सहायोग नहीं की बात। राजनीति पार्टी सिर्फ और सिर्फ अपना रोटी सेंकने का काम करता है। ईचा खड़कई बांध विरोधी संघ अध्यक्ष बिरसिंह बिरूली ने कहा संगठन को मजबूत कर हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर डैम को रद्द करवाने की बात कही। जन संगठन के मध्यम से ही संभव है।

## समस्याओं का समाधान हेतु संघर्ष जारी रहेगा : ललित केरकेट्टा

**किरीबुरु ।** झारखण्ड मजदूर यूनियन के कोल्हान प्रमंडल प्रभारी ललित केरकेट्टा आज सेलकर्मियों व ठेका मजदूरों की समस्या को लेकर अचानक सेल की मेघालया गेस्ट हाउस पहुंचे. गेस्ट हाउस में उन्होंने ठेका मजदूरों व सेलकर्मियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जाना. ललित केरकेट्टा ने लागातार न्यूज से बातचीत में कहा कि सेल किरीबुरु एवं मेघाहातुबुरु खदान के सेलकर्मियों व ठेका मजदूरों की समस्या ऐतिहासिक है. अर्थात जहां तक ठेका मजदूरों की समस्याओं की बात करें तो गुआ व बोलानी के ठेका व सप्लाई मजदूरों की तुलना में किरीबुरु-मेघाहातुबुरु के ठेका मजदूरों को शून्य सुविधाएं मिल रही है।

## सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट कमेटी द्वारा किया गया असहाय कन्या विवाह में सहयोग



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गरीब लड़की की शादी में सहयोग करना संस्था के मुख्य उद्देश्य मुख्तार अंसारी महिलाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर एवं शिक्षा, स्वास्थ की दिशा में लगातार कार्य कर रही सामाजिक संस्था सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट कमेटी के संस्थापक सह सचिव अमल दास निर्देशानुसार आज गिरिडीह जिला में दो गरीब लड़की के शादी में सहयोग किया गया। जैसा मोहाली चुवान गांव के अनिल दास के पुत्री पूनम कुमारी, और बोडो गांव के शनिचर दास के पुत्री सुनीता कुमारी के शादी में सहयोग हेतु संस्था की ओर से पांच पांच रुपए के चेक संस्था के गिरिडीह जिला प्रभारी मुख्तार अंसारी जी के द्वारा लड़की के माता पिता के हाथो ग्रामीणों के उपस्थिति में सोपा गया।

वहाँ उपस्थित सभी गाव वालो को बताते हुए मुख्तारजी ने बताया कि संस्था 2019 से चंदनकियारी के एक सुदूर गांव पोलकिरी से सुरु करते हुए आज झारखण्ड के लगभग सभी जिलों के साथ साथ बिहार, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, बंगाल में भी संस्था जो कार्य कर रही है जिसकी सराहना सभी कर रहे। संस्था जो स्वास्थ्य मिशन परियोजना के तहत हरेक पंचायत के हरेक घर को सर्वे कराकर निशुल्क दवा वितरण करने के काम करने जा रही , इसे हमारे देश में बीमारी खत्म हो सकता है,कियुकी आज के समय में गरीब लोगों की बीमारी के इलाज कराने में बहुत कठिनाई होता है।

## मुश्किल में भाजपा नेता, गोलमुरी थाना में दुष्कर्म का मामला दर्ज

**जमशेदपुर।** सीतारामडेरा निवासी भाजपा के एक नेता मुश्किल में पड़ गए हैं। उनके खिलाफ गोलमुरी थाना में दुष्कर्म सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी युवा नेता सिख समुदाय से हैं। टूइलाडूंगरी की 46 वर्षीय विवाहित महिला ने यह मामला दर्ज कराया है। मामला दर्ज कराने में भाजपा की ही एक सिख महिला नेत्री की बड़ी भूमिका बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार पीड़िता ने पुलिस को बताया है कि वह घर में सिलाई कढ़ाई करती है। टाटा मोटर्स प्लांट का अस्थाई कर्मचारी जगजीत सिंह सोनू अपने परिवार का कपड़ा सिलाई करवाने उसके पास आता था। उसे रुपए की जरूरत थी तो दो किस्त में एक लाख रुपया नगद दिया। रुपया मांगने लगी तो 18 मार्च को उसने कहा कि भुइयांडीह श्मशान घाट के पास होटल में आ जाओ और अपना रुपया ले लो। बताया गया है कि वहां जाने पर उसने रुपए की बजाय तीन चेक दिया। उसने कोल्ड ड्रिंक व नाश्ता मंगा कर पीने को कहा। जैसे ही ठंडा पिया, सिर चकराने लगा और नशा महसूस

## रक्तदान शिविर में 17 यूनिट रक्त संग्रह

**तांतनगर।** जल, जंगल, जमीन के जन नायक शहीद गंगाराम कालुंडिया उर्फ रामनारायण कालुंडिया के शहादत दिवस पर गुरुवार को तांतनगर प्रखंड क्षेत्र के कोकचो में हो उम्बुल ट्रस्ट के सौजन्य से रक्तदान शिविर आयोजन किया गया. रक्तदान शिविर में 17 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया है. इस अवसर पर ट्रस्ट अध्यक्ष ललित बिरुली, सचिव शांति सिद्दू, बासमती सिद्दू, मन्नु तमसोय, साहेब सिंह बिरुवा, जेनाराम, ब्रह्मानंद, सावन आदि मौजूद थे।

## नॉमिनेशन से पहले ही सौरभ विष्णु ने 5 हजार लोगों को नौकरी दिलाने कि दिशा में बढ़ाया कदम

**जमशेदपुर।** निबंधित मुद्दे पर निर्दलीय प्रत्याशी सौरव विष्णु को 15 हजार लोग जो कि टाटा स्टील में रजिस्टर्ड किए जा चुके हैं, उनका समर्थन प्राप्त है। विष्णु ने अपने घोषणा पत्र में हर साल 5000 नये रोजगार देने का वादा किया है। निबंधित कर्मचारी पुत्र के माध्यम से उन्होंने जीतने से पहले ही 5000 लोगों को टाटा स्टील पर दबाव बना कर अपना रोजगार का वादा पूरा करने की ठानी ही। सौरभ ने बताया कि इस मुद्दे पर टाटा स्टील के मैनेजमेंट व यूनियन ने उनसे फोन और वार्ता की थी। विष्णु को यूनियन कार्यालय में बुलाया। विष्णु ने ऑफिस जाने से मना कर दिया। उन्होंने रजिस्टर्ड निबंधित लोगों के साथ खुले में वार्ता करने की बात की। विष्णु ने दावा किया है कि टाटा स्टील के साथ काम करके इन लोगों के रोजगार का समाधान करेंगे। बता दें कि टाटा स्टील ने 4000 लोगों को ओड़िशा से लाकर अप्रेन्टिस की नौकरी दी है। ये लोग बारीडीह में क्वार्टर भी पा चुके हैं।

## हाइड्रोलिक मशीन से दबकर राजधनवार के युवक की गढ़वा में मौत

### बाबूलाल मरांडी ने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर दिया सांत्वना



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गिरिडीह गढ़वा नगर परिषद में कार्य कर रहे एक सुपरवाइजर विकास चौधरी की मौत मंगलवार की दोपहर कंप्रेसर वाहन से दबकर हो गई। मृतक राजधनवार थाना क्षेत्र के दरियाडीह गांव निवासी सदानंद चौधरी का 44 वर्षीय पुत्र विकास कुमार चौधरी था। आज गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी दरियाडीह स्थित घर जाकर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर दुख प्रकट किया और सांत्वना दिया। इस क्रम में उनके साथ विधायक प्रतिनिधि पवन साव, धनवार मंडल अध्यक्ष उत्तम कुमार गुप्ता के साथ कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## अप्रैल में ही जेठ सी दुपहरी का अहसास

# तिसरी में पेयजल संकट, अधिकांश इलाकों में नल जल योजना कारगर नहीं

### जब गर्मी पूरे शबाब पर होगी तो क्या होगा, यह सोचकर ही कांप रही है रूह



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
इस वर्ष गर्मी का प्रकोप अभी से ही बढ़ने लगा है।शुरूआती अप्रैल में ही आलम यह है कि दोपहर के वक्त सड़कें सुनसान होने लगीं हैं तो जब गर्मी अपने शवाब पर होगा तो क्या होगा इसका महज अंदाजा ही लगाया जा सकता है। वहीं गर्मी के दस्तक के साथ आने वाली सबसे बड़ी समस्या पेयजल संकट है। जी हां, गर्मियों का मौसम आने के साथ ही कई इलाकों में पेयजल की भीषण समस्या उत्पन्न हो जाती है। हालांकि सरकार ने इस समस्या के समाधान के लिए विगत वर्ष ही 'हर घर नल जल योजना' की शुरूआत की थी। जिसके तहत पीएचईडी विभाग द्वारा पिछले वर्ष से ही ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक घर को नल से जोड़कर उन्हें शुद्ध पेयजल मुहैया करवाने की कवायद शुरू कर दी गई थी लेकिन कुछ संवेदकों की लापरवाही और सुस्त मिजाजी के कारण शायद इस भीषण गर्मी में भी कई क्षेत्रों में लोगों को पेयजल की समस्या से जूझना होगा। यह हाल तिसरी प्रखंड क्षेत्र का भी है। जहाँ के कई इलाकों में अभी तक नल जल योजना का काम कछुए की गति से चल रहा है। ''भंडारी पंचायत में पेयजलआपूर्ति तो दूर अभी तक एक भी जलमीनार में नहीं लगा है सोलर'' तिसरी प्रखंड के भंडारी पंचायत में नल जल योजना के तहत कई जलमीनार बनाये गए हैं,लेकिन घरों तक कनेक्शन करना तो दूर अभी तक समरसेब्यूल व जलमीनार में सोलर प्लेट तक नहीं लगाया गया है। इतना ही नहीं कई स्थानों पर किए गए बोरवेल में पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं निकला वहीं 8 जगहों पर पुराने बोरिंग में ही कनेक्शन करने की नियत से वहां बोरिंग नहीं की गई। कुछ स्थानीय लोगों ने बताया कि पुराने बोरवेल में भी पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं है लेकिन ऐसे स्थानों पर भी जलमीनार का स्ट्रक्चर खड़ा कर दिया गया है।

## चुनाव में मुद्दों का पता नहीं

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के चुनाव अभियान के दौरान मुख्य मुद्दे क्या बनेंगे ये अभी तक स्पष्ट नहीं है। पिछले पांच विधान सभा चुनावों के दौरान गांरटियों की चर्चा के जवाब में बीजेपी ने मोदी को ही गारंटी बताकर प्रचारित किया। पिछले कुछ चुनावों से चाहे वे लोकसभा के हो या विधानसभाओं के चुनाव हो, सीधे जनता से जुड़े मुद्दे तो आते नहीं खबरिया चैनलों और सोशल मीडिया पर उछाले जाने वाले वैसे मुद्दे चर्चित होते हैं जो पीआर एजेंसियां बनाती हैं। इस आक्रामक प्रचार का असर यह भी है कि जनता से जुड़े मुद्दों को आम जनता भी अब मुद्दे या चुनावी एजेंडा नहीं मानने लगी है। किसी जमाने में गरीबी हटाओ या भ्रष्टाचार मिटाओ या महंगाई या बेरोजगारी से लेकर विकास के मापदंड महत्वपूर्ण मुद्दे होते थे पर अब ये बातें करने वाले अप्रासंगिक हो गई हैं या ये मुद्दे वोट में तब्दील नहीं हो पा रहे हैं। मोदी जी की नई शैली के बाद शायद अब नकारात्मक प्रचार राजनीतिक दलों पर उलटा पड़ने लगा है। पिछले दो लोकसभा के चुनावों में चौकीदार, सेना के साक्ष्य, चाय वाला आदि ऐसे वक्तव्य रहे जिसका जितना अधिक उपयोग हुआ वह भाजपा और नरेन्द्र मोदी के पक्ष में ही गया। झारखंड में मौसमी पलायन से लेकर स्थायी पलायन के कारण मतदान का प्रतिशत चुनाव आयोग के पुरजोर प्रयास के बाद भी बढ़ नहीं पाता। विपक्षकी रणनीति है कि सत्तारुढ़ भाजपा द्वारा संबैधानिक संस्थाओं यथा ईडी, आईटी आदि जांच एजेंसियों का हथियार के रुप में उपयोग, चुनावी बॉण्ड, बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार आदि को प्रभावी तरीके से चुनावी मुद्दा बनाया जाये पर अभी तक जो दिखाई दे रहा है उसमें साफ है कि यह मतदाताओं को प्रभावित करने वाले मुद्दे बन नहीं पा रहे हैं। चुनावी बॉण्ड का मुद्दा जिस तरह से उछला वह अपनी धार नहीं दिखा पाया क्योंकि चुनावी चंदा सभी ने लिया चाहे वो कम हो या ज्यादा। दूसरी बात आमजन का यह सोच माना जा सकता है कि सभी राजनीतिक दल चुनावी चंदा लेते हैं और साफ है कि इसका फायदा सत्तारुढ़ दल को अधिक ही मिलता है। चंदा देने वाला अपने निहितार्थ देखता है और यही कारण है कि वह सत्तारुढ़ दल को अधिक चंदा देता है। इसलिए जिस तरह से यह बड़ा मुद्दा बनने की संभावना देखी जा रही थी वह कहीं पीछे ही रह गई। इसी तरह से केजरीवाल सहित आप नेताओं पर ईडी छापों और जेल का मुद्दा भी अधिक असर दिखाता नहीं लग रहा। इसका कारण भी साफ है कि केजरीवाल जो भ्रष्टाचार के खिलाफ ही सत्ता में आये थे पहली बात तो उनके नेताओं पर शराब ठेकों में भ्रष्टाचार के आरोप लगे, दूसरी और बार बार सम्मन आने पर भी रेस्पांस नहीं करने और गिरफ्तारी के बाद भी पद पर बने रहने का आमजन में अभी तो नकारात्मक असर ही दिखाई दे रहा है। इस मामले में लोग लालू की बड़ाई करने लगे हैं कि लालू ने गिरफ्तार होते ही अपना पद त्याग दिया और भले ही राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बनाया पर पद की गरिमा को तो बनाये रखा। केजरीवाल द्वारा बार बार सम्मन की अवहेलना करने और त्यागपत्र नहीं देने से लोगों में केजरीवाल के पदलोलुपता का संदेश गया अन्यथा निश्चित रुप से केजरीवाल के प्रति सहानुभूति होती और इसका लाभ समस्त विपक्ष को मिलता पर लगता है एक अच्छा अवसर खो दिया गया है। अब सवाल महंगाई को लेकर आता है तो महंगाई किसी जमाने में अपना असर दिखाती थी और प्याज के भाव बढ़ने के कारण सरकार को जाते हुए हमनें देखा है पर लगता है अब यह मुद्दा भी कुंद पड़ता जा रहा है। इसका कारण है बेरोजगारी और मंहगाई को जिस तरह से विपक्ष को चुनावी इशु बनाना चाहिए था उसमें वह सफल नहीं हो पा रही हैं।इस चुनाव में किसानों का मुद्दा तो अभी तक दिखाई ही नहीं दे रहा।एक बात और चुनाव घोषणा पत्रों में मुफ्त की सुविधाओं की भरमार भी अब लोगों को अधिक लुभाने वाली नहीं लगती। मोदी जी विपक्षी नेताओं द्वारा कही गई बात को तत्काल अपने पक्ष में भुनाने में सिद्धहस्त है, ऐसे में विपक्ष को मोल तोल के बोल पर भी अधिक ध्यान देना होगा।

संकट

# नकली दवाओं से जीवन-रक्षा पर बढ़ते खतरे



ललित गर्ग




**दवाओं** में मिलावट एवं नकली दवाओं का व्यापार ऐसा कुत्सित एवं अमानवीय कृत है जिससे मानव जीवन खतरे में हैं। विडम्बना है कि दवा बनाने वाली कंपनियों के लिए गुणवत्ता नियंत्रण का कोई नियम नहीं है और स्वयं कंपनियां ही अपनी दवाओं की गुणवत्ता का सत्यापन करती हैं। यह ठीक नहीं और ऐसे समय तो बिल्कुल भी नहीं, जब दवाओं की गुणवत्ता को लेकर दुनिया भर में जागरूकता बढ़ रही है। चूंकि भारत एक बड़ा दवा निर्यातक देश है और उसे विश्व का औषधि कारखाना कहा जाता है, दुनिया भर में भारत की दवाओं का निर्यात होता है, ऐसे समय में बार-बार नकली दवाओं का भंडाफोड़ होना या कैंसर जैसी असाध्य बीमारी की नकली दवाओं का व्यापार करने वालो का पर्दापाश होना, न केवल चिन्ता का विषय है, बल्कि एक जघन्य अपराध है। यह भारत की साख को भी आहत करता है। इसलिए सरकार के लिए यह आवश्यक है कि वह दवा कंपनियों के लिए क्वालिटी कंट्रोल का कोई भरोसेमंद नियम बनाए एवं नकली दवाओं का व्यापार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। कुछ दिन पहले ही कैंसर जैसी असाध्य बीमारी की नकली एलोपैथिक दवाओं की फैक्टरियां गाजियाबाद से हैदराबाद तक पकड़ी गईं? हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार ने 22 से अधिक नकली या मिलावटी आयुर्वेदिक दवाओं की बिक्री पर रोक लगाई है। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने कैंसर से जुड़े नकली दवाओं के एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया है। सुप्रीम कोर्ट में स्वामी रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण के खिलाफ दायर भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) की याचिका की सुनवाई करते हुए सख्त नाराजगी जाहिर की है। समय आ गया है, आयुर्वेदिक दवाओं के निर्माण से जुड़ी कंपनियों की दवा परीक्षण-प्रणाली की ठोस निगरानी सुनिश्चित की जाए। यह आवश्यक है कि दवा कंपनियों के लिए क्वालिटी कंट्रोल के भरोसेमंद एवं सख्त नियम बनाए जाये। इन नियमों के दायरे में निर्यात होने वाली दवाएं भी आनी चाहिए और देश में बिकने वाली दवाएं भी, क्योंकि जहां नकली और खराब गुणवत्ता वाली दवाएं निर्यात होने से भारत की प्रतिष्ठा धूमिल होती है, वहीं इनका उपयोग देश में होने से लोगों का जीवन खतरे में आ जाता है। यह तय है कि हमारे देश में आयुर्वेद की बेहद समृद्ध चिकित्सा पद्धति है और करोड़ों लोग इस प्रणाली से लाभान्वित भी हुए हैं। इस बात से आधुनिक चिकित्सा पद्धति (एलोपैथी) या आईएमए का कोई झगड़ा या विरोध भी नहीं है, परेशानी प्रामाणिकता की कसौटी पर खरी आधुनिक चिकित्सा पद्धति को निराधार चुनौती देने और लोगों को गुमराह करने को लेकर है। इन दोनों पद्धतियों के पेशेवरों और दवाओं का अंतिम उद्देश्य मरीजों को स्वस्थ करना है। मगर दुर्योग से दोनों पद्धतियों में कुछ लोभी कारोबारी नकली दवाओं के जरिये बेबस लोगों की सेहत से खिलवाड़ करते हैं। जीवन रक्षक दवाइयों के मामलों में दवा बदलने का मौका नहीं होता है, यहां मिलावट आपको सीधा मौत देती है। दवा व्यवसाय में चलने वाली यह अनैतिकता एवं अप्रामाणिकता बेचैन करने वाली है। मिलावट व्यवसाय की एक बड़ी विसंगति एवं त्रासदी है। दूध में जल, शुद्ध घी में वनस्पति घी अथवा चर्बी, महँगे और श्रेष्ठतर अन्नों में सस्ते और घटिया अन्नों आदि के मिश्रण को साधारणतः मिलावट या अपमिश्रण कहते हैं। किंतु मिश्रण के बिना भी शुद्ध खाद्य को विकृत अथवा हानिकर किया जा सकता है और उसके पौष्टिक मान-फूड वैल्यू को गिराया जा सकता है। दूध से मक्खन का कुछ अंश निकालकर उसे शुद्ध दूध के रूप में बेचना, अथवा एक बार प्रयुक्त चाय की साररहित पत्तियों को सुखाकर पुनः बेचना मिश्रणरहित अपद्रव्यीकरण के उदाहरण हैं। इसी प्रकार बिना किसी मिलावट के घटिया वस्तु को शुद्ध एवं विशेष गुणकारी घोषित कर झूठे दावे सहित आकर्षक नाम देकर, लुभावने विज्ञापनों से जनता को ठगा जाना अपराध है। पतंजलि आयुर्वेद संस्थान ऐसा ही करते हुए मोटा मुनाफा कमाता रहा है। दरअसल, पतंजलि के भ्रामक विज्ञापनों का पूरा मसला ही अपने आप में एक बड़ा मामला है, खासकर दवाओं के मामले में इसके परिणामों की प्रकृति इसे और गंभीर बना देती है। ऐसे में, अदालत ने केंद्र व राज्य सरकारों के रवैये पर भी गंभीर टिप्पणी की है, विडंबना यह है कि जिस आईएमए ने पतंजलि आयुर्वेद के भ्रामक विज्ञापन और इसके ऊंचे ओहदेदारों के बड़बोलेपन के खिलाफ अदालत की शरण ली है। लेकिन प्रश्न है कि आईएमए ऐसे कितने मामलों में ऐसी जागरूकता बरतती है। अदालत ने अपनी टिप्पणियों में एक बार फिर जता दिया है कि कोई कितना भी रसूखदार क्यों न हो, कानून की महिमा सबसे ऊपर है। दवा व्यवसाय में एक से बढ़कर एक घातक एवं विडम्बनापूर्ण स्थिति सामने आ रही है। अब आयुर्वेदिक औषधियों को तत्काल राहत देने वाली बनाने के लिए एलोपैथी दवाओं के रसायनों को अवैज्ञानिक तरीके से मिलाने का खतरनाक कारोबार चर्चा में है, जो गंभीर चिंता का विषय बन रहा है। मध्यप्रदेश में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने राजधानी सहित आसपास के नगरों की दवा दुकानों पर छापा मारकर आठ करोड़ 23 लाख रुपये मूल्य की ऐसी आयुर्वेदिक दवाएं जब्त की हैं जिनके बारे में दावा किया जा रहा था कि इनमें रोगों से लड़ने की चमत्कारी शक्ति है। जांच में तथ्य सामने आये हैं कि आयुर्वेदिक दवा वताहारी वटी तथा चंदा वटी में एलोपैथी दवा डाइक्लोफेनिक व एसिक्लोफेनिक को मिलाकर अवैध फॉमूला विकसित किया गया है जिसे दवा विक्रेता जादुई बताकर देश के विभिन्न हिस्सों में बेच रहे थे। उक्त दोनों रसायनों का उपयोग एलोपैथी में दर्द निवारक के रूप में किया जाता है। चिकित्सकों के अनुसार इस फामूर्ले का तात्कालिक प्रभाव भले ही चमत्कारी लगे किंतु दूरगामी परिणाम घातक हैं। इसका यकृत, गुर्दा तथा पेट के अन्य अंगों पर स्थाई दुष्प्रभाव हो सकता है। पिछले दिनों विदेश व्यापार महानिदेशालय ने एक अधिसूचना जारी कर कहा कि एक जून से कफ सिरप निर्यातकों को विदेश भेजने के पहले अपने उत्पादों का निर्धारित सरकारी प्रयोगशालाओं में परीक्षण कराना आवश्यक होगा। लेकिन यह दवाओं की मिलावट एवं नकली दवाओं के उत्पाद पर नियंत्रण के लिये पर्याप्त नहीं है। यह ठीक है कि विदेश व्यापार महानिदेशालय ने कफ सिरप के मामले में एक आवश्यक कदम उठाया, लेकिन ऐसा कदम तो निर्यात होने वाली सभी दवाओं के मामले में उठाया जाना चाहिए। बात केवल निर्यात होने वाली दवाओं का ही नहीं है, बल्कि देश में उपयोग में आने वाली नकली एवं मिलावटी दवाओं का भी है। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कुछ समय पहले एक भारतीय फार्मा कंपनी की ओर से अमेरिका भेजी गई आई ड्राप में खामी मिलने की बात सामने आई थी। प्रश्न यह है कि यह नया नियम केवल खांसी के सिरप पर ही क्यों लागू हो रहा है? क्या इसलिए कि पिछले वर्ष गांबिया और उज्बेकिस्तान में भारतीय दवा कंपनियों की ओर भेजे गए कफ सिरप में खामी पाई गई? विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारतीय कंपनियों की ओर से इन देशों में निर्यात किए गए कफ सिरप से कुछ बच्चों की मौत का भी दावा किया। यद्यपि इस दावे को भारत-सरकार ने चुनौती दी, लेकिन देश से निर्यात होने वाले कफ सिरप की गुणवत्ता को लेकर विश्व के कुछ देशों में संशय पैदा होना स्वाभाविक है और दुखद भी है। स्पष्ट है कि भारत को अपने दवा उद्योग की साख को बचाने के लिए हरसंभव जतन करने होंगे। जिस तरह विदेश व्यापार महानिदेशालय कफ सिरप के निर्यात के मामले में सक्रिय हुआ, उसी तरह औषधि महानियंत्रक को भी यह सुनिश्चित करना चाहिए कि देश में बनने वाली दवाओं की गुणवत्ता को लेकर कहीं कोई सवाल न उठने पाए। मिलावटी दवाओं के कारोबार पर नकेल कसने के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय ने देश में पहली बार बड़े पैमाने पर एक अभियान शुरू किया है, जल्द ही इसके नतीजे सामने आने की संभावना है।

**(ये लेखक निजी विचार हैं।)**

## आपकी बात

### पुरानी जीवन शैली अपनायें

गर्मी का मौसम प्रारंभ होते ही सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता है। लोग गर्मी से बचने के लिए तौलिया और गमछा लेकर चलते हैं। कई सम्पन्न लोग अपने घरों कुलर और एसी लगाकर गर्मी में राहत पाने का प्रयास करते हैं। वहीं, वर्षो पहले लोग गर्मी में एसी और ना ही कुलर और फ्रीज के आदी हुए थे। उस समय बाहर सड़को पर अपनी खाट निकाल कर आराम से गप्प करते हुए सो जाया करते थे,लेकिन फ्रीज,कुलर और एसी के रहते हुए भी लोग चैन की नींद नहीं ले पाते हैं। गर्मी के दिनों में नदी के किनारे मुहल्ले में रहने वाले लोग नदी में ही रात को बिछौना लगाकर गहरी नींद में सो जाया करते थे। एक साथ दर्जनों लोग खाट और बिछावन लगाकर नदी में सोये मिल जाते थे। अब वक्त ने करवट बदली,अब लोग बाहर की ताजा हवा छोड़कर एसी और कुलर की हवा ले रहे है। घड़े का पानी छोड़कर को फ्रीज का पानी पी रहे हैं। अमझोरा और नारियल का पानी छोड़ कोल्ड ड्रिंक पी रहे हैं। लोग अपना स्वाभाविक जीवन छोड़कर बनावटी जीवन जी रहे हैं। इसका कारण यह हुआ कि हमारा शरीर कई बीमारियों का अड्डा बन गया है। आज लोग अस्पतालों की ओर दौड़ रहें है। साथ ही अपनी मेहनत की जमा पूंजी वहीं खर्च कर दे रहें है। आज प्रायः प्रत्येक घर में शुगर बीपी के मरीज मिल जायेंगे। देखा जाये तो इन सब बीमारियों का जड़ हम सब की जीवन शैली है। लोग अपने स्वाभाविक जीवन को छोड़कर कृत्रिम जीवन शैली अपना रहें है। इसका दुष्परिणाम यह है कि आज हम अस्पतालों और डॉक्टरों के चक्कर लगा रहें है। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है हमें फिर से अपने पुराने स्वाभाविक जीवन की ओर लौटना होगा। आज हम श्रम से विमुख हो चुकें है। हमने श्रम वाली जिंदगी छोड़कर आराम तलब जिंदगी अपना ली है। इन सब का ही परिणाम आज सामने आ रहा है। अभी देखा जाये तो बाबा रामदेव ने हमारी यही कमजोरियों को चिन्हित कर योग के सहारे हमलोगों को फिर से पुरानी जीवन शैली की ओर लौटाने का प्रयास किया है। उनकी लोकप्रियता यह बताती है कि हमारी पुरानी जीवन शैली हमारे स्वास्थ्य के लिए उत्तम है।

**- अभिनव प्रकाश, मेदिनीगर।**

परिचर्चा

# भाजपा ने राजनीति को सेवा करने का सर्वोत्तम माध्यम बनाया



डॉ. अशीष वशिष्ठ

**देश** के राजनीतिक इतिहास में छह अप्रैल का दिन खास अहमियत रखता है। 'अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा' भारतीय जनता पार्टी के पहले अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी ने आज ही के दिन, 1980 में यानी 44 साल पहले, पार्टी की स्थापना के समय ये शब्द कहे थे। शायद उन्होंने यह बात पार्टी के कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए कही होगी लेकिन उस समय पार्टी कार्यकर्ताओं या फिर विपक्षी दलों में शायद ही किसी ने सोचा होगा कि आने वाले दिनों में अटल जी की बातें सही साबित होंगी। 1984 के लोकसभा चुनाव में केवल दो सीटें हासिल करने से लेकर 2019 के चुनाव में 303 सीटें जीतने वाली भाजपा ने अपने इस शानदार सफर में कई उतार-चढ़ाव भी देखे, बड़े झटके भी खाए और

> **1984 के लोकसभा चुनाव में केवल दो सीटें हासिल करने से लेकर 2019 के चुनाव में 303 सीटें जीतने वाली भाजपा ने अपने इस शानदार सफर में कई उतार-चढ़ाव भी देखे, बड़े झटके भी खाए और मायूसी भी महसूस की।**

मायूसी भी महसूस की। धरातल पर बदलाव लाने के लिए राजनीति सबसे सशक्त माध्यम है। राजनीति के माध्यम से हम समाज के दबे-कुचले लोगों और उपेक्षित समुदायों को ऊपर उठाते हुए सामाजिक-आर्थिक विषमताओं को दूर करने का भरसक प्रयास कर सकते हैं। एक व्यापक बदलाव लाने का जो कार्य, बड़े से बड़े वेतन वाली प्रतिष्ठित नौकरी करके भी नहीं किया जा सकता है, उसे राजनीति के माध्यम से आसानी से किया जा सकता है। इसी सिद्धांत पर चलते हुए भाजपा ने आरंभ से ही राजनीति को सत्ता की बजाय सेवा का माध्यम माना है। आजादी के बाद के लंबे कालखंड तक भारतीय राजनीति में परिवार और व्यक्ति केंद्रित दलों ने राजनीति को कमाई का जरिया बनाया और सेवा भाव को नदी के जलधारा में प्रवाहित कर दिया। बीच-बीच में केंद्र की सत्ता पर आसीन गैरकांग्रेसी सरकारों ने लोक कल्याण के लिए कुछ करने की सोची तो उन्हें अस्थिर कर दिया गया। 2014 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में पूर्ण बहुमत की एनडीए सरकार का गठन हुआ, तब से तस्वीर में बदलाव आया है। पिछले दस वर्षों में आम आदमी को इस बात का आभास हुआ है कि राजनीतिज्ञ अगर सेवा करने के भाव से राजनीति करें तो कितना बड़ा और व्यापक बदलाव देश और आम आदमी की जिंदगी में लाया जा सकता है। **(ये लेखक निजी विचार हैं।)**



बोधि वृक्ष

## बोधगया : बुद्ध की ज्ञान प्राप्ति का स्थल

***उन्होंने*** एक मंदिर का वर्णन किया है जो '160 या 170 फीट ऊंचा है। विभिन्न मंजिलों में आलों के साथ सुनहरी आकृतियाँ धारण किए हुए। इमारत के चारों किनारे अद्भुत सजावटी काम से ढंके हुए हैं। जुआनजैंग और अन्य तीर्थयात्रियों के विवरण के अनुसार, महाबोधि मंदिर में बैठे हुए बुद्ध की एक गढ़ी हुई छवि है, जिसमें उनका दाहिना हाथ पृथ्वी को छू रहा है, जो ज्ञान प्राप्ति के उस क्षण की याद दिलाता है जब बुद्ध ने 'पृथ्वी को साक्षी बनने के लिए बुलाया था।' यह छवि 7वीं शताब्दी ईस्वी के आसपास बौद्ध कला में एक तेजी से लोकप्रिय विषय बन गई, जैसा कि हम बुद्ध में पृथ्वी को साक्षी बनने के लिए बुलाते हुए देखते हैं। बाद की शताब्दियों में इस 'पृथ्वी को छूने वाली' बुद्ध छवि को महाबोधि मंदिर के अभ्यावेदन के साथ जोड़ दिया गया। महाबोधि मंदिर की ये 'तीर्थ पट्टिकाएँ' और लघु 'मॉडल' इतिहासकारों को यह अंदाजा देते हैं कि इस समय यह मंदिर कैसा दिखता था।



महाबोधि मंदिर के चित्रण से यह भी पता चलता है कि बोधगया और वहां की घटनाओं के संकेत के रूप में बुद्ध की छवि वाले मंदिर के बढ़ते महत्व का पता चलता है, हालांकि डायमंड सिंहासन और बोधि वृक्ष को उनके साथ चित्रित किया जाना जारी है। इसी समय के आसपास शिलालेखों में महाबोधि मंदिर को 'वज्रासन-गंधकुटी' के रूप में संदर्भित किया जाने लगा, जिसका शाब्दिक अर्थ 'हीरे के सिंहासन के साथ इत्र कक्ष (यानी मंदिर)' है। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से

**Swayam Prakash**
23 m

**राजनीति एक ऐसा खेल है जिसे चतुर लोग खेलते है और मूर्ख लोग दिन भर चर्चा करके अपने ही मित्रों से संबंध खराब करते है**

Binod Kumar and 3 others · 1 comment

Like · Comment · Send · Share

**Binod Kumar**
Very nice 👍

## X - से

**All India Radio News** @airn... · 23m
#GeneralElections2024 ||

For the first time, postal voting for the differently abled and those who are 85 years and above have begun in Dharmapuri District, TamilNadu.

Report: Dhandapani M
@airnews_Chennai

#LokSabhaElections2024 | @ECISVEEP



1 · 4 · 30 · 2K

**अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

# टीएमयू की इसरो के साथ ऊंची उड़ान



प्रो. श्याम सुंदर भाटिया

***तीर्थंकर*** महावीर यूनिवर्सिटी (टीएमयू) मुरादाबाद ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के संग मिलकर एक ऊंची उड़ान भरी है। गर्व की बात यह है कि इसरो ने टीएमयू को अपना नोडल सेंटर बनाने की सहमति जता दी है। इसरो के स्टार्ट प्रोग्राम के तहत इस नोडल सेंटर में यूजी और पीजी स्टूडेंट्स को प्रशिक्षित किया जाएगा। बशर्ते यूजी के फाइनल ईयर के स्टुडेंट्स पात्र होंगे। नोडल सेंटर के जरिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुसंधान के लिए संभावनाओं के द्वार खुलेंगे। इस प्रोग्राम के तहत वैज्ञानिकों को स्पेस टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में नवीनतम एवं उत्कृष्ट तकनीकों के अध्ययन के संग-संग रिसर्च करने का स्वर्णिम अवसर मिलेगा। टीएमयू के कुलाधिपति सुरेश जैन, जीवीसी मनीष जैन और एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन ने इसरो की इस हरी झंडी को यूनिवर्सिटी के लिए बड़ा दिन बताते हुए कहा, इसरो के इस स्टार्ट प्रोग्राम के संग टीएमयू की साझेदारी नया इतिहास लिखेगी। अक्षत जैन ने कहा, हम अपने स्टुडेंट्स को ज्ञान-विज्ञान के संग-संग प्रौद्योगिकी के नए क्षेत्रों में प्रशिक्षित करने के प्रति संकल्पित हैं। टीएमयू की ओर से सीसीएसआईटी के प्रिंसिपल प्रो. आरके द्विवेदी सेंटर को-ऑर्डिनेटर बनाये गये हैं। प्रो. द्विवेदी ने बताया कि इसरो के स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी अवेयरनेस ट्रेनिंग-स्टार्ट प्रोग्राम की ओर से ई-क्लासेज 15 अप्रैल से 08 मई तक चलेंगी। इस स्टार्ट प्रोग्राम से टीएमयू के बीटेक सीएस, बीटेक एआई, बीटेक डेटा साइंस, एमटेक सीएस, एमसीए, बीसीए, बीएससी ऑनर्स- सीएस, बीएससी एनिमेशन, बीसीए- मोबाइल एप्लीकेशन एंड वेब टेक्नोलॉजी, बीसीए-क्लाउड टेक्नोलॉजी एंड इंफॉर्मेशन सिक्योरिटी आदि कोर्सेज के स्टुडेंट्स लाभांवित होंगे। उल्लेखनीय है, इसरो देशभर के शैक्षणिक संस्थानों में स्टार्ट-2024 प्रोग्राम का शंखनाद करने जा रहा है। देशभर के फिजिकल साइंसेज और टेक्नोलॉजी के यूजी और पीजी कोर्स चलाने वाले संस्थान इसके पात्र होंगे। इसरो के इन मानकों की कसौटी पर ही तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी को इसके लिए चुना गया है। स्टार्ट प्रोग्राम का मुख्य मकसद युवाओं को अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र के प्रति आकर्षित करना है ताकि हम वैश्विक चुनौतियों का सामना कर सकें। इस प्रशिक्षण के दौरान अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विभिन्न मॉडयूल शामिल होंगे, जिसमें चयनित स्टूडेंट्स को प्राथमिक जानकारी दी जाएगी। इसरो ने विषयवार प्रशिक्षण की तीन श्रेणियां निर्धारित की हैं। टीएमयू के प्रशिक्षण की पात्रता प्रथम श्रेणी के दायरे में आती है। इस सघन प्रशिक्षण के दौरान भारतीय अंतरिक्ष अन्वेषण कार्यक्रमों एवं अनुसंधान अवसरों को लेकर भी सत्र आयोजित किए जाएंगे। टीएमयू की ओर से हिना हाशमी को कोऑर्डिनेटर बनाया गया है। हिना का कहना है कि इच्छुक स्टुडेंट्स 08 अप्रैल से 12 अप्रैल तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। स्टार्ट प्रोग्राम में चयन का आधार एप्टीटयूड के अलावा शैक्षणिक प्रदर्शन और मेरिट होगी।

**(ये लेखक निजी विचार हैं।)**

टेक वर्ल्ड

## व्हाट्सएप में नया सिक्योरिटी फीचर

***व्हाट्सएप*** एक ऐसे फीचर पर काम कर रहा है जिसमें आप ना सिर्फ प्राइमरी डिवाइस बल्कि लिंक्ड डिवाइस के व्हाट्सएप चैट को भी लॉक कर सकेंगे। लेकिन इसके लिए आपको उसे एक कोड बताना होगा। व्हाट्सएप पर प्राइवेसी का ये फीचर पहले से ही है। WABetaInfo की एक रिपोर्ट के अनुसार, व्हाट्सएप एक ऐसे फीचर पर काम कर रहा है जिसमें आप ना सिर्फ प्राइमरी डिवाइस बल्कि लिंक्ड डिवाइस के व्हाट्सएप चैट को भी लॉक कर सकेंगे। लेकिन इसके लिए आपको उसे एक कोड बताना होगा। व्हाट्सएप पर प्राइवेसी का ये फीचर पहले से ही है। लेकिन केवल प्राइमरी डिवाइस के लिए वहीं अब इसे सभी लिंक्ड डिवाइस के लिए भी उपलब्ध कराया जाएगा। नए फीचर की फिलहाल बीटा वर्जन पर टेस्टंग हो रही है। कुछ ही दिनों में इसका अपडेटेड वर्जन जारी हो सकता है।



हाल ही में एक रिपोर्ट आई थी जिसमें कहा गया था कि व्हाट्सएप का यूपीआई पेमेंट जल्द ही विदेश में भी सपोर्ट करेगा। लेकिन ऐसा नहीं है कि व्हाट्सएप ये सर्विस देने वाली पहली कंपनी बनने जा रही है। बल्कि इससे पहले गूगल पे और फोन पे जैसे ऐप्स इस तरह की सेवाएं दे रहे हैं।

**(समाप्त)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### केटीआर ने कांग्रेस सरकार से टेस्ला प्लांट को तेलंगाना में लाने का आग्रह किया

**हैदराबाद।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने गुरुवार को तेलंगाना सरकार से टेस्ला को राज्य में लाने के लिए हर संभव कोशिश करने का अनुरोध किया। उन्होंने उन रिपोर्ट्स पर प्रतिक्रिया दी, जिसमें कहा गया कि टेस्ला भारत में 2 से 3 अरब डॉलर के इलेक्ट्रिक कार प्लांट के लिए जगह तलाश रही है। केटी रामा राव ने अपने एक्स अकाउंट से पोस्ट किया, तेलंगाना सरकार से अनुरोध है कि वे आगे आएं और उन्हें हमारे राज्य में लाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करें। सुनिश्चित करें कि टेस्ला टीम हैदराबाद का दौरा करे और तेलंगाना सरकार की प्रगतिशील औद्योगिक नीतियों को समझे। रिपोर्ट्स के मुताबिक टेस्ला प्रस्तावित कार प्लांट की जगह तलाशने के लिए इस महीने भारत में एक टीम भेज रही है।

### तेलंगाना की दवा फैक्ट्री में विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर छह हुई

**हैदराबाद।** तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में एक दवा फैक्ट्री में विस्फोट में मरने वालों की संख्या, गुरुवार को मलबे से एक और शव बरामद होने के बाद, बढ़कर छह हो गई। हथनूर मंडल के चंदापुर गांव में बुधवार शाम दवा बनाने वाली कंपनी एसबी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड में एक रासायनिक रिएक्टर में विस्फोट होने से पांच लोगों की मौत हो गई और 16 घायल हो गए। केमिकल रिएक्टर में विस्फोट के बाद प्लांट में आग लग गई। विस्फोट के प्रभाव से औद्योगिक परिसर की एक संरचना ढह गई। बचावकर्मियों ने गुरुवार को मलबे से एक और शव बरामद किया। मृतक की पहचान उसी मंडल के निवासी वड्डे रमेश (38) के रूप में हुई।

### महिला ने अस्पताल के बाहर ही दिया बच्चे को जन्म

**जयपुर।** जयपुर के एक अस्पताल में कर्मचारियों के भर्ती करने से इनकार करने पर महिला ने अस्पताल के बाहर ही बच्चे को जन्म दिया। घटना बुधवार रात की है जब स्टाफ ने महिला को दूसरे अस्पताल में रेफर कर दिया और एम्बुलेंस की व्यवस्था नहीं की। तीव्र प्रसव पीड़ा से जूझ रही महिला ने अस्पताल गेट के सामने ही एक बच्ची को जन्म दिया। अस्पताल के बाहर भारी भीड़ जमा हो गई जिसके बाद कर्मचारी महिला को महिला वार्ड में ले गए। सूत्रों के अनुसार, अशोक वर्मा अपनी पत्नी को प्रसव पीड़ा होने पर कांवटिया अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे जनाना अस्पताल रेफर कर दिया।

## अमेठी में राहुल गांधी को हराने वाली स्मृति ईरानी का वायनाड में रोड शो, उमड़ी भीड़

**एजेंसी। वायनाड**

उत्तर प्रदेश की अमेठी लोकसभा सीट पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को हराने वाली स्मृति ईरानी ने गुरुवार को केरल के वायनाड लोकसक्षा क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार के. सुरेंद्रन के समर्थन में मेगा रोड शो किया। इससे एक दिन पहले राहुल गांधी ने इस सीट से नामांकन दाखिल किया था। 2019 के चुनाव में स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी को अमेठी लोकसभा सीट से हराया था। कोझिकोड एयरपोर्ट पर पहुंचकर रोड शो के



लिए स्मृति ईरानी हेलीकॉप्टर से वायनाड पहुंचीं। उन्होंने विशाल सभा को भी संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने उत्तर प्रदेश में अपनी पारंपरिक सीट अमेठी के लिए काम नहीं करने के लिए गांधी परिवार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि भाजपा के आने से अमेठी में विकास शुरू हुआ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बहुत कुछ कर रही है। स्मृति ईरानी ने कांग्रेस और सीपीआई की भी आलोचना की, जो विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के सहयोगी हैं, लेकिन वायनाड में एक-दूसरे के खिलाफ लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह लोगों के साथ धोखा है। "जिस तरह राहुल को अमेठी से बाहर किया गया, इस बार वायनाड में भी वैसा ही होगा।" कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सीपीआई उम्मीदवार एनी राजा ने बुधवार को अपना नामांकन दाखिल किया।


## मंडी में कांग्रेस पर जमकर बरसीं एक्ट्रेस कंगना रनौत

**मंडी।** कंगना ने गुरुवार को मंडी जिला के विधानसभा क्षेत्र सुंदरनगर में मंडल भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकताओं को संबोधित करते हुए मंच से कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस ने अयोध्या में बने राम मंदिर को लेकर इकट्ठा किए गए चंदे को भाजपा का स्कैम बताया था। अभिनेत्री ने कहा, कांग्रेस को होश नहीं रहा है और कुछ भी बयानबाजी कर रहे हैं।

## चित्तौड़गढ़ में चुनावी जनसभा में भाजपा पर बरसे मल्लिकार्जुन खड़गे

**एजेंसी। चित्तौडगढ़**

लोकसभा चुनावों को लेकर राजनीतिक पार्टियों ने अपना प्रचार अभियान शुरू कर दिया है। चित्तौड़गढ़ से चुनावी अभियान का बिगुल फूंकते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर जमकर निशाना साधा। खड़गे गुरुवार दोपहर चित्तौड़गढ़ पहुंचे, जहां उन्होंने लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी उदयलाल आंजना के समर्थन में जनसभा की। इस सभा में उन्होंने



भाजपा और पीएम मोदी पर जमकर हमला बोला। भाजपा पर हमला बोलते हुए मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, "देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टियों के लोगों को ईडी की कार्रवाई करने की धमकी दे रहे हैं। हमारे पार्टी फंड, हमारी मेहनत के पैसे जो चंदे के रुप में पार्टी के खाते में यूथ कांग्रेस, महिला कांग्रेस, विद्यार्थियों और आम लोगों ने जमा कराए, उसकी चोरी की गई। 135 करोड़ रुपए बीजेपी ने हमारे बैंक के खाते से निकाल लिए और वह पेनल्टी में लगा दिए, आज कांग्रेस पर 3,567 करोड़ रूपए की पेनल्टी लगी है।" उन्होंने कहा कि भाजपा ने जो पैसा लिया है उसका आज तक देश की जनता को कोई हिसाब नहीं दिया है।

## भाजपा चुनाव घोषणा पत्र समिति की दूसरी बैठक

### रामनवमी से पहले भाजपा जारी कर सकती है चुनावी घोषणा पत्र

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भाजपा की चुनाव घोषणा पत्र समिति की दूसरी बैठक गुरुवार को आयोजित की गई। भाजपा लोकसभा चुनाव को लेकर रामनवमी से पहले अपना घोषणा पत्र जारी कर सकती है। पार्टी सूत्रों की माने तो रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को भाजपा मुख्यालय में हुई चुनाव घोषणा पत्र समिति की दूसरी बैठक में मुद्दों पर अंतिम मुहर लग गई है।



हालांकि, घोषणा पत्र के अंतिम रूप, शब्दावली और मुद्दों के क्रम पर अंतिम फैसला करने के लिए चुनाव घोषणा पत्र समिति की एक और यानी तीसरी बैठक भी जल्द बुलाई जाने की संभावना है। इसके बाद पार्टी रामनवमी से पहले अपना चुनाव घोषणा पत्र जारी कर देगी। भाजपा अपने चुनाव घोषणा पत्र को 'संकल्प पत्र' के नाम से जारी करती है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में पार्टी मुख्यालय में गुरुवार को हुई बैठक में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, अश्विनी वैष्णव, भूपेंद्र यादव, किरेन रिजिजू, अर्जुन मुंडा, अर्जुन राम मेघवाल, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े एवं राधामोहन दास अग्रवाल, ओपी धनखड़, रविशंकर प्रसाद और मनजिंदर सिंह सिरसा सहित चुनाव घोषणा पत्र समिति के अन्य सदस्य शामिल हुए।

सूत्रों के मुताबिक, भाजपा इस बार अपने चुनाव घोषणा पत्र (संकल्प पत्र) में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के मुताबिक ज्ञान अर्थात जी.वाई.ए.एन. फॉमूर्ले के तहत गरीब, युवा, अन्नदाता (किसान) और नारी (महिला) पर विशेष फोकस कर सकती है। पार्टी अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में हासिल की गई उपलब्धियों को सामने रखते हुए तीसरे कार्यकाल में भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को भी संकल्प पत्र में जगह दे सकती है।

विकसित भारत-2047 के संकल्प को पूरा करने पर रहेगा जोर चुनाव घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष राजनाथ सिंह ने ट्वीट करके कहा कि केंद्रीय कार्यालय में चुनाव घोषणा पत्र समिति की दूसरी बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के निर्माण के संकल्प को पूरा करने की दृष्टि से तमाम विषयों एवं सुझावों पर चर्चा हुई।

## मालदा-दक्षिण लोकसभा क्षेत्र को बरकरार रखना कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती

**एजेंसी। कोलकाता**

लोकसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में मालदा-दक्षिण लोकसभा क्षेत्र को बरकरार रखना कांग्रेस के लिए 'करो या मरो' जैसा है। 2009 के बाद से, मालदा-दक्षिण के मतदाताओं ने लगातार तीन बार पार्टी के मौजूदा लोकसभा सदस्य अबू हासेम खान चौधरी को चुनकर कांग्रेस को कभी निराश नहीं किया है।

साल 2019 के लोकसभा चुनाव में मालदा जिले के कांग्रेस नेता और पूर्व रेल मंत्री स्वर्गीय अबू बरकत अताउर गनी खान चौधरी के



छोटे भाई ने केवल 8,226 वोटों के मामूली अंतर से हराया था। 2019 में तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार मोअज्जम हुसैन कुल मतदान का केवल 27 प्रतिशत वोट हासिल कर उपविजेता रहे थे।

इस बार अबू हासेम खान चौधरी अपनी उम्र संबंधी बीमारी के कारण चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। उनकी जगह पर कांग्रेस नेतृत्व ने उनके बेटे ईशा खान चौधरी को मैदान में उतारा है। अगर ऑल इंडिया सेक्युलर फ्रंट (एआईएसएफ) अपना उम्मीदवार उतारती है तो इस अल्पसंख्यक बहुल निर्वाचन क्षेत्र में कांग्रेस के लिए मुश्किल हो जाएगी। अबू हासेम खान चौधरी ने एआईएसएफ नेतृत्व से निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने से परहेज करने का अनुरोध किया है।

अनुरोध पत्र में उन्होंने कहा कि एआईएसएफ अगर चुनाव में उतरती है तो भाजपा को ही मदद करेगी। हालांकि, एआईएसएफ नेतृत्व की ओर से अभी तक कोई आश्वासन नहीं आया है।

## 'एक राष्ट्र, एक राजनीतिक दल' बीजेपी का एजेंडा है : ममता बनर्जी

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि बीजेपी 'एक देश एक चुनाव' के नाम पर 'एक देश और एक राजनीतिक दल' की अपनी अवधारणा को मूर्त रूप देने का प्रयास कर रही है। दरअसल, उन्होंने यह बात कूचबिहार जिले में पीएम मोदी की रैली से पहले एक जनसभा में कही। उन्होंने कहा, ₹बीजेपी एक देश और एक राजनीतिक दल की अपनी अवधारणा को मूर्त रूप देने का प्रयास कर रही है। यह बीजेपी का एकमात्र मकसद और नीति है।

## इलेक्टोरल बॉन्ड लाने के पीछे का यह था असली मकसद

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव के पहले ही चुनावी बॉन्ड का मुद्दा गहरा गया। सत्ता पक्ष और विपक्ष इसको लेकर एक-दूसरे के सामने हैं। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर जो विपक्ष आरोप लगा रही है, उसमें कितनी सच्चाई है। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि इलेक्टोरल बॉन्ड क्या है? सरकार का इसको लाने के पीछे का मकसद क्या था? और, इससे क्या फायदा होता? क्या इलेक्टोरल बॉन्ड से ब्लैक मनी की आवाजाही पर रोक लगाया जा सकता है?

## नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस एक साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे : उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कांफ्रेंस के वाइस प्रेसिडेंट उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को कहा कि कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस आगामी लोकसभा चुनाव एक साथ लड़ेंगे। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी द्वारा घाटी में तीन लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार उतारे जाने के बाद नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि उनकी पार्टी और कांग्रेस संयुक्त रूप से चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि नेशनल कांफ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में जम्मू में चुनावी कैंपेन कर रहे हैं।

## सपा विधायक इरफान सोलंकी पर पांचवीं बार टला फैसला

### विधायक ने अपने को कहा जानवर, पुलिस पर लगाया हत्या का आरोप

**एजेंसी। कानपुर**

सपा विधायक इरफान सोलंकी के खिलाफ दर्ज आगजनी के मामले में पांचवीं बार गुरुवार को फैसला टल गया। एमपी/एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी अब छह अप्रैल को फैसला सुना सकते हैं। हालांकि इरफान सोलंकी और रिजवान सोलंकी समेत सभी आरोपी कोर्ट में पेश हुए और फैसला आने की संभावना पर भारी पुलिस बल



तैनात रहा। वहीं विधायक ने अपने को जानवर तक कह डाला और पुलिस पर हत्या का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कहीं मेरी भी खबर हार्ट अटैक की न आ जाये। महाराजगंज जेल में बंद सपा विधायक इरफान सोलंकी को भारी सुरक्षा के बीच गुरुवार को कोर्ट में पेश किया गया। इस दौरान आरोपी विधायक के भाई रिजवान समेत अन्य भी पेश हुए।

## कांग्रेस अपना मानसिक संतुलन खो बैठी है, महिलाओं के प्रति मानसिकता भी कुत्सित है : सुधांशु त्रिवेदी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने छत्तीसगढ़ कांग्रेस के नेता चरण दास महंत द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रणदीप सुरजेवाला द्वारा भाजपा सांसद हेमा मालिनी को लेकर किए गए विवादित बयानों की आलोचना करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में हार की आशंका से घबराई हुई कांग्रेस अपना मानसिक संतुलन खो बैठी है। भाजपा मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि लोकसभा का चुनाव जैसे-



जैसे आगे बढ़ता जा रहा है, वैसे-वैसे जनता के अंदर अपने खिलाफ बढ़ रहे विरोध और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व के प्रति लगातार बढ़ रहे समर्थन और स्नेह को देखते हुए ऐसा लग रहा है कि विपक्षी दल, खासकर कांग्रेस अपना मानसिक संतुलन खो बैठी है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के नेता नेता चरण दास महंत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति एक बार फिर से वैसे ही घटिया और आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया है, जो कांग्रेस निरंतर करती आ रही है। पीएम मोदी के प्रति जो ईर्ष्या है, द्वेष है, उसके कारण ऐसे बयान निश्चित रूप से भारत की राजनीति के लिए एक बहुत दुखद संकेत हैं। कांग्रेस नेता ने कहा था कि 'मोदी से मुकाबला करने के लिए एक ऐसा व्यक्ति चाहिए, जो लाठी मारकर उनका सिर फोड़ सके'।

## तेलंगाना में पानी की टंकी में 30 बंदर मृत पाए गए

**हैदराबाद।** तेलंगाना के नलगोंडा जिले में बुधवार को एक पानी की टंकी में लगभग 30 बंदर मृत पाए गए। नंदीकोंडा नगर पालिका के अंतर्गत नागार्जुन सागर के पास पानी की टंकी से नगर निगम कर्मियों ने बंदरों के शव बाहर निकाले। पानी की टंकी का उपयोग हिल कॉलोनी में लगभग 200 परिवारों को पीने के पानी की आपूर्ति के लिए किया जा रहा था। नगर निगम के कर्मचारियों ने इसके ऊपर धातु की चादरें लगा दी थीं।

## संजय सिंह अन्य विधायकों के साथ पहुंचे राजघाट, बापू का लिया आशीर्वाद

**एजेंसी। नई दिल्ली**

तिहाड़ जेल से बाहर निकलने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद संजय सिंह ने बुधवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के परिवार से मुलाकात की। आप सांसद पार्टी के दफ्तर भी पहुंचे। गुरुवार को संजय सिंह ने राजघाट पहुंचकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का आशीर्वाद लिया। संजय सिंह ने राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उनके साथ पार्टी के कई नेता भी मौजूद रहे।



राजघाट से बाहर निकलकर संजय सिंह ने कहा कि जिस तरह से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल में डाला गया है, दूसरे विपक्षी नेताओं को भी जेल में डालने की तैयारी है। यह तानाशाही की शुरूआत है, यह लोकतंत्र और देश के लिए सबसे बड़ा खतरा है।

## आज का राशिफल

**मेष:** लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

**वृषभ:** लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। पदोन्नति की संभावना है। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ।

**मिथुन:** अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेगी। प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। मेहमानों का आगमन होगा।

**कर्क:** श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

**सिंह:** अपने काम को प्राथमिकता से करें। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा।

**कन्या:** कन्या : समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। दिमाग में निर्मूल तर्क पैदा होंगे। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी।

**तुला:** जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। धन के लेन-देन में सतर्क रहें।

**वृश्चिक:** परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान है अतः वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें। अपना कार्य स्वयं करें, किसी के भरोसे न रहें।

**धनु:** मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है। घर तथा व्यवसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**मकर:** धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें।

**कुम्भ:** सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी। स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेंगे। बकाया धन की प्राप्ति के योग हैं।

**मीन:** उत्साह में वृद्धि होगी। आलस्य का त्याग करें। नये आय के स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता हैं। व्यवसायिक क्षेत्र में आपकी मेहनत व लगन की परीक्षा होगी।

## दिल्ली एच सी ने एसिड अटैक के दो पीड़ितों को 5-5 लाख का मुआवजा देने का आदेश दिया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण (डीएसएलएसए) को 2009 के एसिड अटैक में बचे दो पीड़ितों को 5-5 लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की पीठ ने एसिड हमला करने के आरोपी दो लोगों को बरी करने के फैसले को बरकरार रखते हुए यह आदेश पारित किया। अदालत ने कहा कि पीड़ितों पर एसिड फेंकने के अपराध के हमलावर की पहचान स्थापित नहीं की गई है, तो




अदालत इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं कर सकती कि पीड़ितों को गंभीर चोटें आई हैं, जिसके निशान जीवन भर उनके साथ रहेंगे। इसके अलावा, अदालत ने डीएसएलएसए को बचे लोगों के लिए दिल्ली सरकार के किसी भी विभाग में नौकरी तलाशने को कहा है।

## कांग्रेस को समाप्त करने के महात्मा गांधी के सपने को राहुल गांधी पूरा कर रहे : शिवराज सिंह चौहान

**एजेंसी। नर्मदापुरम**

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को समाप्त करने की महात्मा गांधी की बात जवाहर लाल नेहरु ने नहीं मानी। मगर, राहुल गांधी उनका सपना पूरा करेंगे। नर्मदापुरम में भाजपा उम्मीदवार दर्शन सिंह का नामांकन पत्र भरवाने पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस ने भारत को क्या दे दिया, मैं सच कह रहा हूं कांग्रेस और इंडी गठाबंधन के पास न



नियत है, न नीति है और न नेता हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की आजादी के बाद महात्मा गांधी ने कहा था कि अब कांग्रेस को भंग कर देना चाहिए क्योंकि कांग्रेस तो आजादी का आंदोलन थी, लेकिन, पंडित जवाहर लाल नेहरू ने महात्मा गांधी की बात नहीं मानी और अपने राजनीतिक स्वार्थों की पूर्ति के लिए कांग्रेस को भंग नहीं किया। नेहरू ने तो महात्मा गांधी की बात नहीं मानी, लेकिन, राहुल गांधी ने कसम खाकर रखी है कि वे महात्मा गांधी के सपने को पूरा करेंगे, कांग्रेस को खत्म करके ही चैन की सांस लेंगे। उन्होंने आगे कहा कि 500 साल के लंबे संघर्ष के बाद अयोध्या में दिव्य और भव्य मंदिर में रामलला विराजमान होने वाले थे, सारा देश आनंद उत्सव में डूबा था। राम हमारे अस्तित्व हैं, राम हमारे आराध्य हैं, राम हमारे प्राण हैं, राम हमारे भगवान हैं और राम भारत की पहचान हैं। राम हमारे रोम-रोम में बसे हैं।

## पीएम मोदी को चाय पिलाने के लिए सभी सभाओं में पहुंचते हैं मुजफ्फरपुर के अशोक

**जमुइ।** बिहार में मुजफ्फरपुर जिले के ब्रह्मपुरा के रहने वाले अशोक सहनी अगर आपको प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में लोगों को चाय पिलाते नजर आ जाएं, तो चौंकिएगा नहीं। दरअसल, अशोक प्रधानमंत्री मोदी को एक कप चाय पिलाने की हसरत लिए उनकी लगभग सभी जनसभाओं में पहुंचते हैं और लोगों को चाय पिलाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी की गुरुवार को जमुई में होने वाली सभा के पहले ही अशोक जमुई के खैरा पहुंच गए। प्रधानमंत्री को भगवान मानने वाले सहनी कहते हैं कि वे सात वर्षों से प्रधानमंत्री मोदी की होने वाली सभाओं में पहुंचते हैं।

## पीएम मोदी के बिहार आने से पहले परिवारवाद को लेकर तेजस्वी का एनडीए पर हमला

**एजेंसी। पटना**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए बिहार के जमुई आ रहे हैं। उनके आगमन से पहले राजद के नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने परिवारवाद को लेकर एनडीए को घेरा है। यादव ने कहा कि पहले चरण में बिहार की जिन चार सीटों पर चुनाव होने हैं, वहां एनडीए के प्रत्याशी विशुद्ध रूप से परिवारवादी उम्मीदवार हैं। पूर्व उप मुख्यमंत्री यादव ने एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री मोदी आज बिहार में प्रथम चरण की चार सीटों पर प्रचार करने आएंगे। चारों सीटों पर विशुद्ध 100 प्रतिशत परिवारवादी उम्मीदवार हैं। इनमें से दो कथित क्षेत्रीय परिवारवादी पार्टियों के तथा दो उम्मीदवार देश की सबसे बड़ी परिवारवादी एवं वंशवादी नेताओं से भरी पड़ी भाजपा के है।

उन्होंने आगे लिखा कि जमुई से प्रत्याशी अरुण भारती पूर्व एमएलसी ज्योति पासवान के पुत्र, पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व.



रामविलास पासवान के दामाद एवं लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष के बहनोई हैं। इसी तरह औरंगाबाद के प्रत्याशी सुशील कुमार सिंह पूर्व सांसद राम नरेश सिंह के बेटे हैं जबकि गया के प्रत्याशी जीतनराम माँझी बिहार के मंत्री और एमएलसी संतोष सुमन के पिता हैं। यादव ने आगे लिखा कि नवादा के प्रत्याशी विवेक ठाकुर पूर्व केंद्रीय मंत्री सी.पी. ठाकुर के बेटे हैं। उन्होंने अन्य सीटों का जिक्र करते हुए आगे लिखा है कि इसके अलावा अभी तक घोषित उम्मीदवारों में भी विशुद्ध परिवारवादी उम्मीदवार है। उन्होंने आशा जताते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी अपने संबोधन में इस परिवारवाद के बारे में भी जिक्र करेंगे।

## दो दिवसीय चुनावी दौरे पर उत्तराखंड में जेपी नड्डा

**एजेंसी। देहरादून**

उत्तराखंड में 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने अपना चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। गुरुवार को बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा दो दिवसीय चुनावी दौरे पर उत्तराखंड आ रहे हैं। जेपी नड्डा गुरुवार को पिथौरागढ़ और विकासनगर में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी उनके साथ रहेंगे। अध्यक्ष जेपी नड्डा देव सिंह ग्राउंड, पिथौरागढ़ में आयोजित जनसभा को संबोधित



करेंगे और बीजेपी प्रत्याशी के समर्थन में जनता से वोट की अपील करेंगे। इसके बाद जेपी नड्डा दोपहर तीन बचे टिहरी लोकसभा क्षेत्र के विकासनगर देहरादून में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। यहां भी धामी मौजूद रहेंगे। देर शाम नड्डा देहरादून में टिहरी लोकसभा क्षेत्र की कोर कमेटी की बैठक लेंगे।





# 'हॉकी इंडिया की वजह से मैं परिवार की मदद कर सकती हूं': सलीमा टेटे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय महिला हॉकी टीम की मिडफील्डर सलीमा टेटे ने रविवार को हॉकी इंडिया छठे वार्षिक पुरस्कार 2023 में महिला वर्ग में प्लेयर ऑफ द ईयर 2023 के लिए प्रतिष्ठित हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार जीता। सलीमा, जो भारतीय हॉकी टीम का एक अभिन्न हिस्सा बन चुकी है और लगातार अपने प्रदर्शन से टीम की एक अहम खिलाड़ी बन चुकी हैं। 23 वर्षीय खिलाड़ी भारत की कांस्य पदक विजेता एशियाई खेल हांगझोऊ 2022 टीम का भी हिस्सा थी और उन्होंने टूर्नामेंट में 1 गोल किया था। सलीमा ने रांची में झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2023 में भी पांच गोल किए, जिससे भारत को ट्रॉफी जीतने में मदद मिली और उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी चुना गया। झारखंड के सिमडेगा जिले की रहने वाली सलीमा ने पुरस्कार जीतने पर खुशी व्यक्त की और कहा, मेरे करियर में पहली बार इतने बड़े पुरस्कार से सम्मानित होना बहुत अच्छा लग रहा है। यह एक बड़ा सम्मान है और मेरे पूरे करियर के दौरान मुझे इससे प्रेरणा मिलेगी।



**सलीमा ने आगे कहा ये पुरस्कार युवाओं को बेहतर प्रदर्शन और नई पीढ़ी को हॉकी के खेल को अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं**

सलीमा ने आगे कहा, इस पुरस्कार ने मेरे अंदर और भी बेहतर प्रदर्शन करने की इच्छा पैदा की है। मेरी योजना प्रशिक्षण शिविर में एक मिनट भी न चूकने और हर सत्र में अपना 100 प्रतिशत देने की है। मुझे पता है कि मैंने पुरस्कार जीता है, लेकिन अब मेरे लिए यह जिम्मेदारी है कि मैं आगे भी अपने खेल में और सुधार करूं।" सलीमा ने 2016 में मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया बनाम भारत मैच में भारतीय सीनियर महिला हॉकी टीम के लिए डेब्यू किया, लेकिन फिर टीम की नियमित खिलाड़ी बनने के लिए उन्हें तीन साल तक इंतजार करना पड़ा। सीनियर टीम के लिए अब तक 107 अंतर्राष्ट्रीय कैप पहन चुकीं सलीमा ने अपने करियर में 15 गोल किए हैं। वह उस भारतीय महिला हॉकी टीम का हिस्सा थी, जिसने टोक्यो ओलंपिक 2020 में ऐतिहासिक चौथा स्थान हासिल किया और राष्ट्रमंडल खेल 2022 में अपनी टीम को कांस्य पदक जीतने में भी मदद की। वह स्पेन में 2022 में महिला नेशंस टूनार्मेंट में स्वर्ण जीतने वाली टीम की भी प्रमुख खिलाड़ी थीं। उन्होंने पांच मैचों में पांच गोल किये थे।

पुरस्कार के साथ-साथ सलीमा को 25 लाख रुपये का चेक भी प्रदान किया गया।

# मुस्ताफिजूर रहमान के बिना सनराइजर्स हैदराबाद से होगा सीएसके का सामना

**एजेंसी। हैदराबाद**

फॉर्म में चल रहे तेज गेंदबाज मुस्ताफिजूर रहमान के बिना चेन्नई सुपर किंग्स शुक्रवार को आईपीएल के मैच में सनराइजर्स हैदराबाद से खेलेगी जो अपना दिन होने पर किसी भी आक्रमण की बखिया उधेड़ने में सक्षम है। दिल्ली कैपिटल्स से पिछले मैच में पराजय झेलने के बाद चेन्नई टीम जीत की राह पर लौटने उतरेगी।

इतने लंबे टूर्नामेंट में प्रदर्शन में उतार चढ़ाव आना लाजमी है और चेन्नई के कप्तान रूतुराज गायकवाड़ ने पिछले मैच में मिली हार के बाद यही कहा था। उन्हें और उनके सलामी जोड़ीदार रचिन रविंद्र को हालांकि घूमती गेंदों का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा जिसमें वे दिल्ली के खिलाफ चूक गए थे। क्रिकेट प्रेमी महेंद्र सिंह धोनी को आठवें नंबर से ऊपर बल्लेबाजी करते देखना चाहते थे। उन्होंने पिछले मैच में अपना पुराना फिनिशिर फॉर्म दिखाते हुए 16 गेंद में 37 रन बनाए थे।

धोनी के ऊपर आने की संभावना कम ही है क्योंकि वह शिवम दुबे और समीर रिजवी को फिनिशर की भूमिका निभाते देखना चाहते हैं। गेंदबाजी में चेन्नई को संयोजन पर विचार करना होगा क्योंकि मुस्ताफिजूर अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए वीजा की प्रक्रिया पूरी करने बांग्लादेश लौट गए हैं। अभी तक मुस्ताफिजूर और मथीषा पथिराना की जोड़ी सीएसके के लिए अच्छा प्रदर्शन कर रही थी। मुस्ताफिजूर की जगह मुकेश चौधरी ले सकते हैं जबकि शार्दुल ठाकुर ने अभी तक एक भी मैच नहीं खेला है।



दूसरी ओर सनराइजर्स हैदराबाद को घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा मिलेगा। उसके बल्लेबाजों ने मुंबई के खिलाफ दूसरे मैच में आईपीएल के इतिहास का सर्वोच्च स्कोर बनाया था हालांकि सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल अभी तक प्रभावित नहीं कर सके हैं। गुजरात टाइटंस के खिलाफ पहली बार सनराइजर्स के बल्लेबाज नाकाम रहे। गेंदबाजी में जयदेव उनादकट, मयंक मार्कण्डेय और भुवनेश्वर कुमार महंगे साबित हुए हैं । भुवनेश्वर ने नयी गेंद से निराश किया है और तीन मैचों में तीन ही विकेट ले सके हैं। क्प्तान पैट कमिंस ने आठ रन प्रति ओवर की दर से रन दिये हैं लेकिन उन्हें दूसरे छोर से सहयोग चाहिए।

**चेन्नई सुपर किंग्स :** रचिन रवींद्र, समीर रिजवी, मथीशा पथिराना, शिवम दुबे, दीपक चाहर, रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अजिंक्य रहाणे, रवींद्र जड़ेजा, तुषार देशपांडे, एमएस धोनी (विकेटकीपर), डेरिल मिशेल

**सनराइजर्स हैदराबाद :** ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, एडेन मार्करम, मयंक अग्रवाल, अब्दुल समद, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), पैट कमिंस (कप्तान), शाहबाज अहमद, मयंक मारकंडे, भुवनेश्वर कुमार, जयदेव उनादकट

**समय : शाम 7.30 से**

## ऋषभ पंत पर 24 लाख रुपये का जुर्माना

**विशाखापत्तनम।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर विशाखापत्तनम में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ बुधवार को खेले गए टाटा इंडियन प्रीमियर लीग 2024 मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए जुमार्ना लगाया गया है। आईपीएल द्वारा गुरुवार को जारी एक आधकारिक बयान में कहा गया, न्यूनतम ओवर गति अपराधों से संबंधित आईपीएल की आचार संहिता के तहत दिल्ली कैपिटल्स की टीम का यह सीजन का दूसरा अपराध था, इसलिए पंत पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।
इसके अलावा इम्पैक्ट प्लेयर सहित प्लेइंग इलेवन के बाकी सदस्यों पर व्यक्तिगत रूप से 6 लाख रुपये या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 प्रतिशत, जो भी कम हो, जुमार्ना लगाया गया है।
मैच की बात करें तो इस मुकाबले में केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सुनील नरेन (39 गेंद, 85 रन, 7 चौके, 7 छक्के), अंगक्रिस रघुवंशी (27 गेंद, 54 रन, 5 चौके, 3 छक्के), आंद्रे रसल (19 गेंद, 41 रन, 4 चौके, 3 छक्के) और रिंकू सिंह (8 गेंद, 26 रन, 1 चौका, 3 छक्का) की विस्फोटक पारियों की बदौलत 20 ओवर में 7 विकेट पर 272 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।



## भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच बने रहेंगे इगोर स्टिमक

**नई दिल्ली।** सीनियर भारतीय पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक कुवैत और कतर के खिलाफ 2026 फीफा विश्व कप के दूसरे दौर के क्वालीफायर पर ध्यान केंद्रित करने के लिए अपनी भूमिका जारी रखेंगे। भारत को फीफा विश्व कप 2026 और एएफसी एशियाई कप 2027 प्रारंभिक संयुक्त क्वालीफायर के तीसरे दौर में जगह बनाने की कोशिश को तब झटका लगा जब टीम पिछले महीने अफगानिस्तान से 1-2 से हार गई।, अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे द्वारा समिति ने मंगलवार को स्टिमक के साथ एक आभासी बैठक की। बैठक के दौरान, स्टिमक से 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर के राउंड 3 के लिए क्वालीफाई करने में भारत के विफल होने पर इस्तीफा देने के अपने हालिया बयान को स्पष्ट करने के लिए कहा गया था।

## ऑलराउंडर आंद्रे रसेल ने आईपीएल में पूरे किये 200 छक्के



**विशाखापत्तनम।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के ऑलराउंडर आंद्रे रसेल ने बुधवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के दौरान इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इतिहास में अपने 200 छक्के पूरे किए। रसेल ने केवल 19 गेंदों में 215.79 के स्ट्राइक रेट से 41 रनों की तेज पारी खेली, जिसमें चार चौके और तीन छक्के शामिल थे। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 17वें ओवर में मिशेल मार्श की गेंद पर छक्का जड़कर अपना 200वां छक्का पूरा किया। इससे पहले पिछले हफ्ते शुक्रवार को रसेल ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में 100 विकेट पूरे किए थे।

## रोजमेरी मैयर पीठ की चोट के कारण इंग्लैंड वनडे सीरीज से बाहर

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड की तेज गेंदबाज रोजमेरी मैयर पीठ की चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर हो गई हैं। साथी तेज गेंदबाज मौली पेनफोल्ड को उनके प्रतिस्थापन के रूप में बुलाया गया है। मैयर राष्ट्रीय टीम में वापसी कर रहीं थीं। उन्होंने सभी पांच टी20 मैच खेले थे और 7.56 की इकोनॉमी से चार विकेट लिए थे। लेकिन पहले वनडे से पहले ट्रेनिंग के दौरान उनकी पीठ में दर्द महसूस हुआ और इसके बाद वह मैच नहीं खेल सकीं। वह दूसरे वनडे के लिए टीम के साथ हैमिल्टन गईं। लेकिन जब वह बुधवार को ट्रेनिंग नहीं कर पाई तो उन्हें बाहर करने का फैसला लिया गया। मुख्य कोच बेन सॉयर ने एक आधिकारिक बयान में कहा, हम सभी रोजमेरी के लिए निराश हैं क्योंकि वह इंग्लैंड के खिलाफ पूरी श्रृंखला में टीम की प्रमुख सदस्य रही हैं।



## चीन अप्रैल में करेगा 2024 आईएफएससी स्पोर्ट क्लाइंबिंग विश्व कप की मेजबानी

**हांग्जो।** 2024 आईएफएससी क्लाइंबिंग विश्व कप का आयोजन 8 से 10 अप्रैल तक पूर्वी चीन के झेजियांग प्रांत के शाओक्सिंग के केकियाओ में यांगशान क्लाइंबिंग सेंटर में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में 33 देशों और क्षेत्रों के 136 रॉक क्लाइंबिंग एथलीट हिस्सा लेंगे। उल्लेखनीय प्रतिभागियों में टोक्यो ओलंपिक की महिला ऑल-राउंड चैंपियन स्लोवेनिया की जंजा गार्नब्रेट और पुरूष वर्ग में हांग्जो एशियाई खेलों के संयुक्त चैंपियन जापान के अरुतो अनाराकु शामिल हैं। सिन्हुआ के अनुसार, मेजबान देश चीन का प्रतिनिधित्व 13 एथलीटों द्वारा किया जाएगा, जिनमें झांग यूटिंग, जिन्होंने पहले ही पेरिस ओलंपिक में स्थान सुरक्षित कर लिया है, लुओ ज़िलू, जो सक्रिय रूप से ओलंपिक योग्यता के लिए प्रतिस्पर्धा रहे हैं।

## बीजिंग डैक्सिंग हाफ मैराथन 2024 का आयोजन 27 को

**बीजिंग।** बीजिंग डैक्सिंग हाफ मैराथन 2024 का आयोजन 27 अप्रैल को होगा। इस साल के आयोजन में, जिसमें 6,000 धावक शामिल हैं, हाफ-मैराथन और 7 किलोमीटर की हैप्पी रन शामिल है। सिन्हुआ के अनुसार, हाफ-मैराथन के लिए धावकों की आयु 16 वर्ष और उससे अधिक होनी चाहिए, जबकि हैप्पी रन के लिए आयु सीमा घटाकर आठ वर्ष कर दी गई है। हाफ-मैराथन के लिए धावकों की आयु 16 वर्ष और उससे अधिक होनी चाहिए, जबकि हैप्पी रन के लिए आयु सीमा घटाकर आठ वर्ष कर दी गई है। हाफ-मैराथन पाठ्यक्रम के मार्ग में बदलाव के अलावा, इस वर्ष के आयोजन में सामग्री वितरण के लिए चेहरे की पहचान तकनीक का उपयोग किया जाएगा, और पहली बार चेहरे की पहचान सत्यापन प्रणाली के बीच डेटा कनेक्शन भी देखा जाएगा।



# दिल्ली में किसी खिलाड़ी के साथ दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं करेंगे : डीडीसीए प्रमुख

**एजेंसी। नई दिल्ली**

हार्दिक पांड्या को आईपीएल 2024 में फैंस के गुस्से का सामना करना पड़ रहा है। हाल ही में मुंबई में उनकी 'हूटिंग' की गई थी और टॉस प्रेंजेटेटर संजय मांजरेकर को मुंबई इंडियंस के कप्तान के समर्थन में आगे आना पड़ा और फैंस से मुंबई के कप्तान के प्रति सही व्यवहार करने की अपील करनी पड़ी। इस मुकाबले में फैंस लगातार हार्दिक पांड्या को घेरते रहे। कई पूर्व क्रिकेटरों ने इसे गलत व्यवहार पाया और प्रशंसकों से क्रिकेटर का सम्मान करने का आग्रह किया। ऐसी चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए, आईएएनएस ने दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के अध्यक्ष रोहन जेटली से भीड़ के व्यवहार पर उनके विचार और आईपीएल मैचों की मेजबानी के दौरान उत्पन्न होने वाली स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए डीडीसीए द्वारा उठाए जाने वाले उपायों के बारे में पूछा। अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है, क्योंकि पिछले तीन वर्षों में आज तक, मैंने ऐसी स्थिति नहीं देखी है जहां हमने दर्शकों या व्यक्तियों को, मैच देखते हुए दुर्व्यवहार करते हुए देखा हो।



भाग लेने वाली टीम या खिलाड़ियों या व्यक्तियों के प्रति दुर्व्यवहार या हूटिंग आदि की संभावना, यह ऐसा कुछ नहीं है जिसे हमने अनुभव किया है। यह ऐसा कुछ नहीं है जिसे हम स्पष्ट रूप से प्रोत्साहित करते हैं। लेकिन अगर जरूरत पड़ी और हमें इस तरह की कोई स्थिति देखने को मिली तो जाहिर तौर पर उस समय उचित निर्णय लिया जाएगा।" अरुण जेटली स्टेडियम 20 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैप्टिल्स के बीच आईपीएल 2024 मैच की मैजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है। यहां आईपीएल 2024 के पहले भाग के मुकाबले नहीं हुए क्योंकि डब्ल्यूपीएल 2024 मैचों की मेजबानी के बाद मैदान को एक अन्य टूनामेंट के लिए तैयार करने में समय लगता है। इसलिए, बीसीसीआई ने दिल्ली कैपिटल्स के दो मैचों को विजाग में स्थानांतरित करने का फैसला किया। लेकिन अब स्टेडियम तैयार है और डीसी मैचों की मेजबानी का बेसब्री से इंतजार कर रहा है।

# थॉमस और उबेर कप फाइनल्स के लिए मजबूत भारतीय टीम घोषित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत आगामी बीडब्ल्यूएफ थॉमस और उबेर कप फाइनल्स 2024 में युवाओं और अनुभव के सही मिश्रण के साथ एक मजबूत टीम उतारेगा, जिसमें वरिष्ठ चयन समिति ने सभी के व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए एकल में अधिक विकल्प रखने का फैसला किया है। भारतीय बैडमिंटन संघ (बाई) ने 27 अप्रैल से 5 मई तक चीन के चेंगदू में खेले जाने वाले आगामी प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए पुरुष और महिला दोनों टीमों की घोषणा की।

थॉमस कप के लिए 10 सदस्यीय टीम में किरण जॉर्ज के साथ पांच एकल खिलाड़ी होंगे, जिसमें एचएस प्रणय, लक्ष्य सेन, किदांबी श्रीकांत और प्रियांशु राजावत शामिल होंगे, जबकि साई प्रतीक दो पहली पसंद के संयोजन, अर्थात वर्ल्ड नंबर 1 जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी और एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला, के लिए बैक-अप युगल खिलाड़ी होंगे। चूंकि अधिकांश शीर्ष खिलाड़ी थॉमस कप 2024 से पहले कठिन पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन चरण से गुजर रहे थे, चयनकर्ताओं को लगा कि टीम में एक अतिरिक्त एकल खिलाड़ी का होना महत्वपूर्ण है। थॉमस कप टीम पर अंतिम निर्णय चयन समिति की एक ऑनलाइन बैठक के बाद लिया गया जिसमें मुख्य राष्ट्रीय कोच पुलेला गोपीचंद, पूर्व भारतीय सितारे यू विमल कुमार, ज्वाला गुट्टा, मंजूषा कंवर, पार्थो गांगुली और मल्लिका बरुआ सरमा शामिल थे। उबेर कप के लिए एकल और युगल दोनों में शीर्ष खिलाड़ियों के हटने के बाद चयनकर्ताओं ने युवाओं को मौका देने का फैसला किया। पीवी सिंधु ने चयनकर्ताओं को सूचित किया कि ओलंपिक से पहले लगातार टूनार्मेंट होने के कारण, उन्होंने और उनकी टीम ने ओलंपिक की तैयारी के लिए उबेर कप को छोड़ने का फैसला किया है। शीर्ष युगल जोड़ियों ने भी इसी तरह के कारण बताए और चूंकि यह पूरी ताकत वाली टीम नहीं है, इसलिए उन्होंने भी नाम वापस ले लिया। इसके बाद चयनकर्ताओं ने उन युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का फैसला किया जिन्होंने हाल ही में राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अच्छा प्रदर्शन किया है। टीम संयोजन के बारे में भारतीय बैडमिंटन संघ के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा, सीनियर चयन समिति ने काफी चर्चा के बाद खिताब की रक्षा के लिए थॉमस कप टीम के लिए सर्वोत्तम संभव संयोजन का फैसला किया है।

**थॉमस कप टीमः** (एकल) एचएस प्रणय, लक्ष्य सेन, किदांबी श्रीकांत, प्रियांशु राजावत और किरण जॉर्ज; (युगल) सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी, चिराग शेट्टी, एमआर अर्जुन, ध्रुव कपिला और साई प्रतीक

# खबरें व्यापार जगत की

## टेस्ला को जल्द भारतीय सड़कों पर लाने का पीएम मोदी का संकल्प



**नई दिल्ली।** यह 2015 की बात है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कैलिफोर्निया के पालो ऑल्टो में टेस्ला सुविधा का दौरा किया था और एलन मस्क उन्हें अपने इलेक्ट्रिक कार प्लांट के दौरे पर ले गए थे और पीएम को आश्वस्त किया था कि इलेक्ट्रिक वाहन बनने जा रहे हैं। लगभग एक दशक बाद टेस्ला भारत में आने और निर्माण करने के लिए तैयार है। टेक अरबपति अंततः देश में 2-3 अरब डॉलर का ईवी संयंत्र स्थापित करने के लिए संभावित स्थान की तलाश के लिए विशेषज्ञों की एक टीम भेज रहा है। रिपोर्टों में कहा गया है कि टेस्ला के सीईओ के दिमाग में सबसे ऊपर तीन राज्य हैं - गुजरात, महाराष्ट्र और तमिलनाडु - जिनके पास ईवी बुनियादी ढांचा है, साथ ही बंदरगाह भी हैं, जो इलेक्ट्रिक कार की दिग्गज कंपनी के लिए ₹कारों का निर्यात करना₹ आसान बनाते हैं। मस्क को टेस्ला गीगाफैक्ट्री स्थापित करने और बाकी दुनिया में ईवी निर्यात करने के लिए भारत को अपने अगले बड़े गंतव्य के रूप में देखने के लिए मनाने में पीएम मोदी के लगातार प्रयासों का श्रेय जाता है। पिछले साल जून में पीएम मोदी ने अमेरिका में मस्क से मुलाकात की थी और विभिन्न क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी को सुलभ और किफायती बनाने के उनके प्रयासों की सराहना की थी। प्रधानमंत्री ने मस्क को इलेक्ट्रिक मोबिलिटी क्षेत्र में निवेश के लिए भारत में अवसर तलाशने के लिए आमंत्रित किया। प्रधानमंत्री से मिलने के बाद मस्क ने भारत में अपनी आपूर्ति श्रृंखला पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करने की खोज शुरू कर दी, जिससे सस्ती इलेक्ट्रिक कारें तैयार की जा सकें, जिनकी कीमत 20 लाख रुपये से भी शुरू हो सकती है। मस्क के शब्दों में, ₹वह (पीएम मोदी) वास्तव में भारत की परवाह करते हैं, क्योंकि वह हमें भारत में महत्वपूर्ण निवेश करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं, जो कुछ ऐसा है जिसे हम करने का इरादा रखते हैं और हम सिर्फ सही समय का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। अरबपति ने पीएम से मुलाकात के बाद संवाददाताओं से कहा, पीएम मोदी वास्तव में भारत के लिए सही काम करना चाहते हैं। वह यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि निवेश से होने वाला लाभ भारत को लाभ मिले। उन्होंने कहा, "दुनिया के किसी भी बड़े देश की तुलना में भारत के पास अधिक संभावनाएं हैं।' पिछले नवंबर में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कैलिफोर्निया में टेस्ला की अत्याधुनिक विनिर्माण संयंत्र का भी दौरा किया था। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया कि ₹प्रतिभाशाली भारतीय इंजीनियरों और वित्त पेशेवरों को वरिष्ठ पदों पर काम करते हुए और गतिशीलता को बदलने के लिए टेस्ला की उल्लेखनीय यात्रा में योगदान करते हुए देखकर बेहद खुशी हुई। केंद्रीय मंत्री ने कहा था, टेस्ला ईवी आपूर्ति श्रृंखला में भारत से ऑटो कंपोनेंट आपूर्तिकर्ताओं के बढ़ते महत्व को देखकर गर्व होता है। यह भारत से अपने कंपोनेंट आयात को दोगुना करने की राह पर है। हालांकि, टेस्ला के मालिक ने गोयल से माफी मांगी थी कि वह अस्वस्थ होने के कारण उनसे नहीं मिल सके। पिछले महीने घोषित नई ईवी नीति में पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने कुछ शर्तों के साथ सीमा शुल्क को घटाकर 15 फीसदी कर दिया है।

## हीरो मोटोकॉर्प को आयकर विभाग से मिला 605 करोड़ रुपये चुकाने का नोटिस

**नई दिल्ली।** ऑटो दिग्गज हीरो मोटोकॉर्प ने गुरुवार को कहा कि उसे इनकम टैक्स विभाग से टैक्स और ब्याज के रूप में 605 करोड़ रुपये का भुगतान करने का नोटिस मिला है। हीरो मोटोकॉर्प ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा, कंपनी को 3 अप्रैल को आयकर विभाग से छह मूल्यांकन वर्षों से संबंधित नोटिस प्राप्त हुए हैं। कंपनी ने खुलासा किया कि टैक्स की मांग 308.65 करोड़ रुपये है, बाकी 296.22 करोड़ रुपये ब्याज के रूप में है। देश की अग्रणी दोपहिया वाहन निमार्ता ने कहा, यह मूल्यांकन वर्ष 2013-14 से 2017-18 और 2019-20 के लिए है। कंपनी ने यह भी कहा कि वह इन आदेशों के खिलाफ अपील दायर करेगी और आदेश में सुधार की मांग करेगी। हीरो मोटोकॉर्प ने कहा, प्रबंधन की राय में टैक्स की मांग से कंपनी की वित्तीय, संचालन या अन्य गतिविधियों पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

## मार्च में सेवा क्षेत्र में वृद्धि से बढ़ा रोजगार : पीएमआई सर्वेक्षण



**नई दिल्ली।** मजबूत मांग के कारण रोजगार में सात महीने की सबसे तेज वृद्धि तथा निर्यात के रिकॉर्ड गति से बढ़ने की वजह से मार्च में देश के सेवा क्षेत्र में बढ़ोतरी दर्ज की गई। एचएसबीसी द्वारा गुरुवार को जारी एक सर्वेक्षण रिपोर्ट में यह बात कही गई है। एसएंडपी ग्लोबल द्वारा संकलित एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) फरवरी के 60.6 से बढ़कर पिछले महीने 61.2 पर पहुंच गया। सूचकांक 50 अंक से काफी ऊपर है जो मजबूत वृद्धि को दशार्ता है। इसका 50 से नीचे रहना गिरावट को दिखाता है। एचएसबीसी के अर्थशास्त्री इनेस लैम ने कहा, भारत की सेवाओं का पीएमआई फरवरी में मामूली सुस्ती के बाद मार्च में बढ़ा है। मजबूत मांग के कारण बिक्री और व्यावसायिक गतिविधियों में तेजी आई। सेवा प्रदाताओं ने उत्पादन क्षमता का विस्तार करने के लिए अगस्त 2023 के बाद से सबसे तेज गति से नियुक्तियां बढ़ाईं। उत्पादन लागत में तेजी से वृद्धि हुई। फिर भी सेवा प्रदाता उच्च आउटपुट कीमतें वसूल कर मोटे तौर पर लाभ बनाए रखने में सक्षम थे। एसएंडपी ग्लोबल के अनुसार, कंपनियों ने मार्च के दौरान नए ऑर्डर में पर्याप्त सुधार का संकेत दिया है। इसकी वृद्धि दर जून 2010 के बाद से सबसे बेहतर थी। मार्च के आंकड़ों से पता चलता है कि सितंबर 2014 में श्रृंखला शुरू होने के बाद से निर्यात कारोबार सबसे तेज दर से बढ़ने के साथ घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्त्रोतों से भारतीय सेवाओं की बेहतर मांग है। सर्वेक्षण प्रतिभागियों ने अफ्रीका, एशिया, ऑस्ट्रेलिया, यूरोप, अमेरिका और मध्य पूर्व से लाभ की सूचना दी।

## सेंटर कोर्ट कैपिटल ने 350 करोड़ रुपये का स्पोर्ट्स और गेमिंग फंड किया जारी

**नई दिल्ली।** वेंचर कैपिटल (वीसी) फर्म सेंटर कोर्ट कैपिटल (सीसीसी) ने गुरुवार को देश के खेल और गेमिंग परिदृश्य में क्रांति लाने के लिए 350 करोड़ रुपये का फंड जारी किया। कंपनी के अनुसार, यह फंड नवीन टेक्नोलॉजी लाने वाले संस्थापकों का समर्थन करेगा और खेल और गेमिंग पारिस्थितिकी तंत्र की सीमाओं को आगे बढ़ाएगा। जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के पूर्व सीईओ मुस्तफा गौस ने टीवीएस कैपिटल और सेबर पार्टनर्स के पूर्व निवेश निदेशक आलोक समतानी के साथ मिलकर इस फंड की स्थापना की, इस फंड में सज्जन जिंदल फैमिली ट्रस्ट एंकर निवेशक है और पार्थ जिंदल इसकी कमान संभालते हैं। गौस ने एक बयान में कहा, "396 मिलियन गेमर्स के साथ यह दुनिया में गेमर्स की दूसरी सबसे बड़ी आबादी है, और गेमिंग सेक्टर 21 प्रतिशत सीएजीआर के साथ वृद्धि जारी रखने के लिए तैयार है।"

# शिबू की बहू और हेमंत की भाभी सीता को टक्कर देंगे नलिन

### गिरिडीह में दो कुरमी नेताओं के बीच मुकाबला

### सीता को छोड़ सोरेन परिवार का कोई सदस्य नहीं लड़ेगा चुनाव



उपेंद्र गुप्ता

**रांची ।** झामुमो ने दुमका से अपने प्रत्याशी के नाम की घोषणा कर साफ कर दिया है कि इस बार दुमका लोकसभा सीट से सोरेन परिवार की बहू सीता सोरेन के बाद कोई दूसरा सदस्य चुनाव नहीं लड़ेगा, इस सीट से पहले ही शिबू सोरेन की बहू सीता सोरेन भाजपा के टिकट पर चुनाव मैदान में उतर चुकी है, ऐसे में सोरेन परिवार से ही कोई सदस्य उनके मुकाबले नहीं उतरेगा। दुमका से पहले हेमंत सोरेन के जेल से ही चुनाव लड़ने की अटकलें तेज थी, लेकिन सीता सोरेन के मैदान में उतरने के बाद हेमंत के लड़ने की चर्चा ठंडी पड़ गई थी। सीता सोरेन के खिलाफ झामुमो ने शिकारीपाड़ा के विधायक नलिन सोरेन को मैदान में उतारा है, जो सोरेन परिवार और हेमंत सोरेन के काफी भरोसेमंद नेता माने जाते हैं।

**हेमंत की भाभी और उनके भरोसेमंद के बीच मुकाबला**

जहां तक दुमका सीट की बात है, तो पार्टी ने तमाम चचाओं पर विराम लगाते हुए नलिन सोरेन पर दांव लगाने का फैसला किया है।नलिन सोरेन पूर्व सीएम हेमंत सोरेन और सोरेन परिवार के काफी भरोसेमंद नेता माने जाते हैं। जहां उनका मुकाबला पूर्व सीएम हेमंत की भाभी और दुर्गा सोरेन की पत्नी सीता सोरेन से होना है।

**शिकारीपाड़ा के विधायक हैं नलिन सोरेन**

संताल का विश्व प्रसिद्ध मलूटी मंदिर इसी शिकारीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र में आता है, जहां से लगातार बार नलिन सोरेन विधानसभा का चुनाव जीत चुके हैं, 2020 में उन्हें राज्य के उतकृष्ट विधायक के पुरस्कार से नवाजा गया था। 1948 में उनका जन्म दुमका के शिवतल्ला में हुआ था। 12 वीं की शिक्षा विज्ञान में स्नातक के लिए भागलपुर गए।लेकिन बीच में ही पढ़ाई छोड़ कर सक्रिय राजनीति में उतर गए और झामुमो से जुड़ गए। शिकारीपाड़ा से चुनाव लड़ा, उसके बाद वे कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा, नलिन सोरेन शुरू से ही शिबू सोरेन से प्रभावित रहे हैं।

**दुमका झामुमो का गढ़,8 बार जीते शिबू**

दुमका लोकसभा सीट झामुमो का गढ़ रहा है, शिबू सोरेन यहां से आठ बार सांसद रहे हैं, दुमका लोकसभा के सात विधान सभा क्षेत्र में झामुमो का तीन पर कब्जा है, जबकि एक पर कांग्रेस के इरफान अंसारी विधायक है, बाकी की दो विधान सभा जामा और सारठ पर भाजपा का कब्जा है। दुमका को झामुमो का गढ़ बताया जाता है, भाजपा ने तीन जीत हासिल की है, पिछली बार शिबू सोरेन को भाजपा से हार मिली थी।

**गिरिडीह में दो कुरमी नेताओं का रोमांचक मुकाबला**

गिरिडीह से झामुमो ने कद्दावर कुर्मी नेता और टुंडी के विधायक मथुरा महतो को चुनाव मैदान में उतारा है। हाला कि गिरिडीह सीट से झामुमो को सिर्फ दो बार जीत मिली है, पहली बार 1991 में झामुमो के संस्थापक बिनोद बिहारी महतो ने जीत दर्ज की थी, उनके निधन के बाद 1992 में उनके बेटे राजकिशोर महतो ने उपचुनाव में जीत दर्ज की थी। मथुरा महतो से पहले जगरनाथ महतो दो बार चुनाव लड़े लेकिन हार का सामना करना पड़ा। इस बार जगरनाथ महतो के निधन के बाद उन्हें प्रत्याशी बनाया गया है, जिनका मुकाबला आजसू के निर्वतमान सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी से होगा। मथुरा महतो का विधानसभा टुंडी गिरिडीह क्षेत्र आता है, जबकि चंद्रप्रकाश चौधरी रामगढ़ के हैं, मथुरा महतो को फायदा हो सकता है। गिरिडीह कुर्मी बहुल सीट मानी जाती है, जहां कुरमी मतदाताओं की संख्या 19 फीसदी है, जबकि 16 फीसदी मुसलमान, 14 फीसदी अनुसूचित जाति और 10 फीसदी अनुसूचित जाति की आबादी है। झामुमो को कुरमी मुस्लिम और आदिवासी वोट पर ही नजर रहेगी, लेकिन उनके राह में छात्र नेता जयराम महतो रोड़ा बन सकते हैं। जयराम महतो के गिरिडीह सीट से चुनाव लड़ने की खबर हैं।

## राज्यवासियों का बढ़ता विश्वास, हमारी बढ़ती जिम्मेदारी का प्रतीक : सुदेश महतो



### जमशेदपुर में समाजसेवियों और व्यवसायियों ने थामा आजसू का दामन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में बड़ी संख्या में जमशेदपुर से आए कई समाजसेवियों और युवा व्यवसायियों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर उन्होंने पार्टी के नीति तथा सिद्धातों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

इस मिलन समारोह नये कार्यकताओं को संबोधित करते हुए सुदेश महतो ने कहा कि सभी वर्ग, समुदाय के विश्वास और साथ को अर्जित कर राज्य में आवश्यक राजनीतिक बदलाव की पटकथा आजसू पार्टी लिखेगी । हमारे संगठन पर राज्यवासियों का विश्वास बढ़ा है। जनता का बढ़ता विश्वास हमारी बढ़ती जिम्मेदारी का प्रतीक है। हमारी तैयारी राज्य के वर्तमान के साथ भविष्य को भी बेहतर बनाने की है। इस दौरान पार्टी के महासचिव रवि शंकर मौर्या भी मौजूद थे।

मौके पर सुदेश महतो ने कहा कि राज्य सरकार ने सवा चार साल के कार्यकाल में अपने गलत नीति निर्धारण से समाज के हर वर्ग को निराश किया है। राज्य में अपराध का ग्राफ बढ़ा और विकास का ग्राफ गिरा है। सत्ता के नशे में चूर इस गठबंधन ने राज्य के बारे में नहीं सोचा। आने वाले लोकसभा चुनावों में जनता इन्हें अपने वोट की ताकत का एहसास दिलाएगी।

पार्टी में शामिल हुए सभी लोगों का सुदेश महतो ने पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि समाज सेवा के क्षेत्र में आपके अनुभव को बेहतर और सशक्त मंच आजसू पार्टी देगी । इस मंच की सहायता से आप सभी जनता के बीच रहकर उनकी सेवा करें और पार्टी के विचारों को जन जन तक पहुँचाने का काम करें।

**इन्होंने ली सदस्यता**

अमन सिंह, विवेक सिंह, नवीन कुमार, धीरेंद्र नायक, विजेंद्र नाथ महतो, रनजय सिंह, देवा सिंह, रणविजय सिंह, सिंटू कुमार, सौरभ सिंह, सचिन सिंह, सतेंद्र कुमार, खगेन्द्र कुमार, मनोज जी, रोहित राज समेत अन्य लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर सरोज सिंह, अरुण सिंह, प्रकाश विश्वकर्मा इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## देवघर एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री से भाजपा नेताओं ने की मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता। देवघर।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विशेष विमान से गुरुवार को देवघर एयरपोर्ट पहुंचे। यहां भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत कई नेताओं ने उनसे मुलाकात की। इसके अलावा देवघर एयरपोर्ट पर मोदी के स्वागत के लिए संथाल परगना के तीन लोकसभा क्षेत्रों दुमका, गोड्डा और राजमहल से भाजपा उम्मीदवार सीता सोरेन, निशिकांत दुबे और ताला मरांडी भी मौजूद थे। देवघर एयरपोर्ट से प्रधानमंत्री हेलीकॉप्टर से चुनाव प्रचार के लिए जमुई रवाना हो गए। इस मौके पर देवघर विधायक नारायण दास, सारठ विधायक रणधीर सिंह और राजमहल विधायक अनंत ओझा भी मौजूद रहे।प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की जानकारी देते हुए गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने अपने सोशल मीडिया 'एक्स' के एकाउंट पर लिखा कि देवघर एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री को भगैया व गोड्डा के बुनकरों के विशेष तौर पर हस्तनिर्मित कमल फूल छपा शॉल भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के साथ दिया। मेरे जैसे कार्यकर्ताओं के लिए यह गौरव का पल है कि मोदी ने जिस पिछड़े क्षेत्र में एयरपोर्ट दिया, आज वे दोबारा इस एयरपोर्ट पर आए। यही विकास है।

**संथाल परगना प्रमंडलीय स्तरीय लोकसभा चुनाव की समीक्षा**

## सोशल मीडिया पर प्रसारित भ्रामक खबर पर होगी सख्त कार्रवाई : के रवि कुमार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार गुरूवार को दुमका समाहरणालय में लोकसभा चुनाव को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर प्रमंडल स्तरीय समीक्षा बैठक में शामिल हुए । बैठक में संताल परगना प्रमंडल के दुमका, गोड्डा, साहिबगंज, जामताड़ा, पाकुड़ एवं देवघर जिलों में लोकसभा चुनाव की तैयारियों में पदाधिकारियों द्वारा किये जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 में तकनीक के इस्तेमाल से फेक न्यूज, डीप फेक वीडियो का उपयोग कर भ्रामकता फैलाई जाने की संभावनाओं पर सक्रियता से ध्यान रखा जाना चाहिए। सभी जिलों में कार्यरत मीडिया मोनीटरिंग सेल प्रो-एक्टिव मोड में कार्य करें और भ्रामक खबरों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए ऐसी खबरों को प्रसारित होने से रोकने के लिए निर्धारित गाइडलाईन के अनुसार त्वरित कार्य करें। सोशल मीडिया पर प्रसारित पोस्ट का तत्काल फैक्ट चेक करें। पोस्ट का पूवार्नुमान लगाते हुए सम्भावित भ्रामक खबरों की रोकथाम की दिशा में सख्ती से कार्रवाई आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा तय की गई जिम्मेवारियों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें। लोकसभा चुनाव 2024 की गंभीरता को समझें और शांतिपूर्ण, स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भयमुक्त निर्वाचन संपन्न कराने के लिए सभी ठोस कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। विधि-व्यवस्था के संधारण में किसी तरह की कोर-कसर नहीं रहे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने संताल-परगना प्रमंडल के जिलों में सुरक्षा के दृष्टिकोण से चिन्हित मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने का संबंधित पदाधिकारियों को निदेश दिया। उन्होंने पुलिस एवं सीआरपीएफ के पदाधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित कर वारंटियों के विरुद्ध सघन छापेमारी करते हुए उन्हें गिरफ्तार करने का निदेश दिया।

**चेक पोस्ट पर सघन चेकिंग अभियान**

के. रवि कुमार ने सभी जिलों के चेक पोस्टों पर सघन चेकिंग करने एवं अंतराज्यीय सीमाओं पर सीसीटीवी के माध्यम से सतत निगरानी रखने का निदेश दिया। साथ ही सघन जांच अभियान चलाकर अवैध शराब, शस्त्र एवं अवैध नगदी की आवाजाही पर पूर्णतया रोक लगाने का निदेश दिया।

**मतदाता एवं मतदान कर्मियों के स्वास्थ्य का रखें ध्यान**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर मेडिकल किट, स्थाई शौचालय एवं उसमें रनिंग वाटर कनेक्शन एवं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित रखें। इसके साथ-साथ मतदाताओं एवं मतदान कार्य में लगे कर्मियों के स्वास्थ्य का भी ख्याल रखा जाना है। चिकित्सा की बेहतर सुविधा के लिए एयर एंबुलेंस की व्यवस्था भी रहेगी। इस बाबत अपने-अपने क्षेत्र के सरकारी एवं गैरसरकारी उच्चतर सुविधा वाले अस्पतालों को चिन्हित कर वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं का आकलन करें और कमियों को दूर कर आकस्मिक सेवाओं के लिए तैयार रखें। समीक्षा बैठक में जिलों में लोक सभा चुनाव में पोस्टल बैलेट से मतदान कराने , यातायात एवं वाहन प्रबंधन, संसाधन प्रबंधन, प्रशिक्षण, वीआईपी मूवमेंट की मानीटरिंग, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग, कम्युनिकेशन सहित विभिन्न कोषांगों को सक्रिय रखते हुए निर्वाचन की गतिविधियों पर ध्यान रखने का निदेश दिया।

**मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा का रखें पुख्ता इंतजाम : ए.वी होमकर**

राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ए.वी.होमकर ने संताल परगना के जिलों में चिन्हित क्रिटकल एवं वर्नलेबल मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम रखने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टी, ईवीएम एवं मतदाता की सुरक्षा के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये जाने हैं। उन्होंने हैलीपैड की व्यवस्था दुरुस्त करायें जाने के लिए संयुक्त अभ्यास करने, हैलीपैड का फिजिकल वेरिफिकेशन करने का निदेश दिया, ताकि पोलिंग पार्टी एवं आकस्मिक सेवाओं में इनका इस्तेमाल किया जा सके। समीक्षा बैठक में राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर, सीआरपीएफ के आईजी राकेश अग्रवाल, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह, संताल परगना के प्रमंडलीय आयुक्त लालचंद डाडेल ,एस.टी.एफ के डी.आई.जी.इन्द्रजीत महथा सहित संताल परगना प्रमंडल के सभी जिले जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, आरक्षी अधीक्षक, सीआरपीएफ कमांडेंट, सहित लोकसभा निर्वाचन से संबंधित वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### रांची शहर में सीवरेज-ड्रेनेज परियोजना को लेकर हाई कोर्ट में हुई सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में रांची शहर में सीवरेज-ड्रेनेज परियोजना को पूरा करने का आग्रह करने वाली अरविंदर सिंह देओल की जनहित याचिका पर सुनवाई गुरुवार को हुई। मामले में कोर्ट ने रांची नगर निगम से कहा कि शहर में सीवरेज-ड्रेनेज परियोजना के फेज वन के लिए एनएचएआई आपको नो ऑब्जेक्शन दे देगा। ऐसे में नगर निगम शेष बचे 15 प्रतिशत काम को जल्द पूरा करे। राज्य सरकार ने फेज-टू, फेज थ्री और फेज फोर के निर्माण कार्य के संबंध में बताया कि डीपीआर की स्क्रूटनी का काम चल रहा है। अभी चुनाव आचार संहिता लगी है, इसलिए टेंडर की प्रक्रिया अभी नहीं की जाएगी। इस पर कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा कि डीपीआर की स्क्रूटनी का काम कब तक पूरा हो जाएगा। इसे शपथ पत्र दाखिल कर बताएं। मामले की अगली सुनवाई 16 अप्रैल को होगी। इससे पूर्व रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन शाहदेव ने कोर्ट को बताया कि जोन-1 का कार्य रांची नगर निगम कर रहा है, जिसका 15 प्रतिशत कार्य बचा है। एनएचएआई से अभी एनओसी नहीं मिली है। एनओसी मिलने पर शेष बचा कार्य जल्द पूरा हो जायेगा।

### राज्य में महिलाओं के खिलाफ हिंसा और ड्रग्स कारोबार से जुड़े लोगों पर करें सख्त कार्रवाई : हाई कोर्ट

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने गुरुवार को दुमका में विदेशी महिला के साथ गैंगरेप मामले में सुनवाई के दौरान राज्य सरकार को मौखिक कहा कि राज्य में महिलाओं के खिलाफ हिंसा की रोकथाम हो और ड्रग्स के कारोबार से जुड़े लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाए। कोर्ट ने राज्य में जमीन पर जबरन कब्जा करने वालों के खिलाफ एक्शन टेकन रिपोर्ट अगली सुनवाई में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई नौ अप्रैल निर्धारित की है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सरकार से मौखिक कहा कि झारखंड में ब्राउन शुगर, अफीम जैसे ड्रग्स की बिक्री पर रोक लगाएं। राज्य में अफीम के खेती को समय-समय पर पुलिस नष्ट करती है, लेकिन इसपर सघन अभियान चलाने की जरूरत है। ताकि, जड़ से ड्रग्स को नष्ट किया जा सके। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से बताया गया कि राज्य में जमीन पर जबरन कब्जा करने से संबंधित मामले में करीब 200 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। इसके बाद कोर्ट ने सरकार से इन लोगों के खिलाफ लिए गए एक्शन के संबंध में रिपोर्ट मांगी है।

### मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष से मिले रामटहल चौधरी



**रांची।** कांग्रेस में शामिल होने के बाद पूर्व सांसद रामटहल चौधरी गुरुवार को मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद के आवास पहुंचे। वहां मूलवासी सदानों और राज्य के वर्तमान स्थिति पर दोनों नेताओं के बीच विस्तार से चर्चा हुई है। दोनों नेताओं ने माना कि झारखंड के विकास लिए मूलवासी सदान और आदिवासी को मिलकर झारखंडियों को संसद और विधानसभा में पहुंचाना होगा, तभी झारखंड का विकास संभव है। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदान मोर्चा इस बार जरूर प्रयास करेगा कि मूलवासी सदानों की अनदेखी करने वाले बड़े नेता संसद नहीं पहुंचने पाएं।

### मतदाता जागरूकता पर फिल्म निर्माण हमारे विद्यार्थियों के रचनात्मकता का द्योतक : डॉ मनोज




**रांची।** मारवाड़ी महाविद्यालय रांची के जेसी बोस सभागार में निर्वाचन विभाग द्वारा मतदाता जागरूकता संबंधी प्रतियोगिता के लिए निर्मित दो लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। नैतिक मतदान के थीम पर लघु फिल्मों का निर्माण महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा किया गया है। फिल्म प्रदर्शन के बाद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार ने कहा कि हमारे विद्यार्थियों का यह रचनात्मक प्रयास प्रशंसनीय और सामाजिक जागरूकता के लिहाज से ज्यादा प्रभावशाली है। ऐसे प्रतियोगिताओं में ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित हो। महाविद्यालय के प्रोफेसर इंचार्ज डॉ आरआर शर्मा एवं फोटोग्राफी एवं फिल्म निर्माण विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ सुशील अंकन ने भी अपने संबोधन में विद्यार्थियों के रचनात्मकता की प्रशंसा की तथा और बेहतर करने के लिए तकनीकी पक्षों पर ध्यान दिलाया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ संजीव चतुर्वेदी, डॉ घनश्याम प्रसाद, डॉ ज्योति किंडो, डॉ सुमंती, डॉ अशोक कुमार, अमित कुमार, जूरा होरो आदि उपस्थित थे। पूरे कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी जय प्रकाश रजक एवं धन्यवाद ज्ञापन अनुभव चक्रवर्ती ने किया।

### बीआईटी मेसरा में विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन 2024



**रांची।** बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी) मेसरा का तीन दिवसीय कार्यक्रम 'विकसित भारत 2024' दूसरे दिन गुरुवार को अपराह्न 3:30 बजे शुरू हुआ। कैट हॉल में शुरुआत पर्यटन, भोजन और पानी पर एक पैनल चर्चा के साथ हुई। पैनल में ईसीई और गणित विभाग के छात्र शामिल थे और सत्र के संचालक डॉ प्रवीण श्रीवास्तव, सहायक प्रोफेसर, होटल प्रबंधन और कैटरिंग टेक्नोलॉजी थे।

उन्होंने विरासत स्थलों की खोज करने की आवश्यकता, पर्यटन उद्योग में निवेश की आवश्यकता और दुनिया भर में पर्यटन को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर चर्चा की। उन्होंने मौजूदा संस्कृतियों और मूल्यों, और सोशल मीडिया के माध्यम से किसी के भोजन, संस्कृति और कला को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर चर्चा की। अगली पैनल चर्चा विरासत और जीवंत संस्कृति पर थर। पैनल में वास्तुकला विभाग के छात्र शामिल थे और सत्र के संचालक एआर थे। अपूर्व आशीष, सहायक प्रोफेसर, वास्तुकला और योजना और डॉ. सुजाता प्रियंबदा दाश, सहायक प्रोफेसर, प्रबंधन ने चर्चा में भाग लिया। उन्होंने मौजूदा संस्कृतियों और मूल्यों को संरक्षित करने, सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम शुरू करने की आवश्यकता, भारत की समृद्ध संस्कृति और विरासत और पुराने मंदिरों और स्मारकों के रखरखाव पर चर्चा की। पानी की गुणवत्ता में सुधार और डाटा साइंस तथा एआई पर कई अन्य पैनल चचाएं हुईं। अभिनव सत्रों के बाद, क्रिएटिव आर्ट्स के छात्रों ने एक मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जहां उन्होंने विविध प्रतिभाएं दिखाईं। उन्होंने राग यमन और राग भैरव के साथ-साथ बंगाली लोक गीत रेटर बेले, पंजाबी लोक गीत जूती कसूरी, अरुणाचली लोक गीत पोलो गे दो लागे, असमिया लोक गीत फागुनेरो मोहय और हिमाचली लोक गीत माये नी मेरिए के साथ शास्त्रीय संगीत का प्रदर्शन किया। उन्होंने आधुनिक गीत सांसों की माला और जमीन आसमान तुम्हारा भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम शाम में करीब 7:30 बजे समाप्त हुआ। मृणाल पाठक, संकाय सलाहकार, क्रिएटिव आर्ट्स ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## पृष्ठ एक के शेष

**एसीबी की बड़ी कार्रवाई...**

इसे लेकर पंचायत सेवक अजय साव पांच प्रतिशत कमीशन (लगभग 10 हजार रुपये) की लगातार मांग कर रहा था। जिसकी शिकायत एसीबी हजारीबाग से की गईं। इस मामले में एसीबी की टीम ने जांच की। जिसके बाद उसकी गिरफ्तारी के लिए टीम ने जाल बिछाया। इसके बाद उसे रिश्वत लेते रंगे हाथ धर दबोचा और अपने साथ हजारीबाग ले गयी।

**सीएम के निर्देश पर कराया...**

बयान में उन्होंने कहा था कि वह उदय शंकर को जानते हैं, जो एक सीएमओ में तैनात अधिकारी हैं और वह उन्हें कई कार्यों के लिए निर्देश देते थे। उदय शंकर को उनके निदेशों के संबंध में एक विशिष्ट प्रश्न पर उन्होंने कहा कि उन्हें याद है कि उन्होंने उन्हें हेमंत सोरेन के निर्देश पर बड़गाई में 8.86 एकड़ संपत्ति की जानकारी प्राप्त करने और सत्यापन करने का निर्देश दिया था। उन्होंने व्हाट्सएप पर उदय शंकर को सत्यापन के लिए दो और संपत्तियां दी थीं, जो हेमंत सोरेन और उनके परिवार की थीं। जानकारी के अनुसार, ईडी ने पिंटू और उदय शंकर के बीच 12 अक्टूबर 2022 को हुई व्हाट्सएप चैट दिखाई, जिसमें पिंटू ने उदय शंकर को दो संपत्तियों के सत्यापन के लिए निर्देश दिया था। ईडी ने 30 मार्च को हेमंत सोरेन के खिलाफ दायर चार्जशीट में यह खुलासा कर बरियातू स्थित 8.5 एकड़ जमीन पर कब्जा करने का हेमंत सोरेन पर ईडी ने आरोप लगाया है। 31 जनवरी को ईडी ने हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद 13 दिनों तक रिमांड पर लेकर ईडी ने पूछताछ की थी। वहीं, निलंबित सीआई भानु प्रताप प्रसाद से 12 दिनों तक ईडी ने पूछताछ की थी।

**हेमंत के खिलाफ ईडी की...**

बड़गाईं अंचल के उप-निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, राजकुमार पाहन और हिलेरियस कच्छप के खिलाफ ईडी की टीम ने चार्जशीट (आरोप पत्र) दाखिल किया था। ईडी के अधिकारी बक्से में चार्जशीट लेकर कोर्ट परिसर पहुंचे थे। लगभग साढ़े पांच हजार पन्नों की चार्जशीट जमा की गई थी। इसमें कोर्ट को जानकारी दी गई है कि जमीन घोटाले के जरिये हुए मनी लांड्रिंग में किसकी क्या भूमिका है। इससे पूर्व, 21 मार्च को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। पूर्व मुख्यमंत्री सोरेन फिलहाल बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में हैं। ईडी ने हेमंत सोरेन को 31 जनवरी 2024 को गिरफ्तार किया था। इसके बाद उन्हें 1 फरवरी को कोर्ट में पेशी के बाद जेल भेज दिया गया था।

**दरोगा मीरा सिंह..**

उनके डिजिटल डिवाइस से डाटा निकाला था। डाटा निकालने का काम पूरा नहीं होने की वजह से मीरा सिंह को फिर से हाजिर होने का निर्देश दिया गया था। इसे लेकर वह फिर से ईडी के समक्ष उपस्थित हुई हैं।

**दूसरे दिन भी...**

कार्यालय पहुंचे थे। दस्तावेज के संबंध में भी पूछताछ की गई। इससे पूर्व बुधवार को भी योगेंद्र साव से ईडी के अधिकारियों ने लंबी पूछताछ की थी।

**केजरीवाल को सीएम पद से...**

याचिका दायर की थी। इसमें कहा गया है कि शराब नीति घोटाले से संबंधित मनी लांड्रिंग मामले में ईडी द्वारा सीएम केजरीवाल की हालिया गिरफ्तारी के बाद पैदा हुई स्थिति संविधान के अनुसार सही नहीं है। ज्ञात हो कि सीएम केजरीवाल 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में हैं। हाईकोर्ट ने गुरुवार को व्यक्तिगत विशेषाधिकारों पर राष्ट्रीय हित की प्रधानता को रेखांकित किया, लेकिन संकेत दिया कि मुख्यमंत्री को हटाना उसके अधिकार क्षेत्र से बाहर है। कोर्ट ने कहा, कभी-कभी, व्यक्तिगत हित को राष्ट्रीय हित के अधीन करना पड़ता है। लेकिन, यह केजरीवाल की निजी राय है। यदि वह ऐसा नहीं करना चाहते, तो यह उन पर निर्भर है। हम कानून की अदालत हैं। क्या आपके पास कोई उदाहरण है कि न्यायालय द्वारा राष्ट्रपति शासन या राज्यपाल शासन लगाया गया है? पीठ ने वकील से कहा कि उन्हें संवैधानिक अधिकारियों से संपर्क करना चाहिए। अदालत ने याचिका को खारिज करते हुए याचिकाकर्ता को सलाह दी कि वह न्यायिक हस्तक्षेप की अपेक्षा करने के बजाय संवैधानिक अधिकारियों से निवारण की मांग करें। पीठ ने कहा, यह एक व्यावहारिक मुद्दा है, कानूनी मुद्दा नहीं। हम इसमें नहीं पड़ेंगे, राज्यपाल पूरी तरह से सक्षम हैं। उन्हें हमारे मार्गदर्शन की जरूरत नहीं है। बता दें कि पिछले हफ्ते हाईकोर्ट ने सीएम केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने की मांग करने वाली इसी तरह की एक याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी थी कि इसमें न्यायिक हस्तक्षेप की कोई गुंजाइश नहीं है।

**इन जिलों से हुए रुपये...**

-01 अप्रैल को गिरिडीह पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान 2.58 लाख जब्त किये।

-03 अप्रैल को लातेहार जिले के बरवाडीह थाना क्षेत्र में बुधवार को चलाए जा रहे वाहन चेकिंग अभियान में पुलिस ने एक कार से लगभग 5 लाख 65 हजार रुपए बरामद किए।

-03 अप्रैल को जामताड़ा के नाला थाना क्षेत्र के इंटरस्टेड चेक पोस्ट से छह लाख 40 हजार रुपये बरामद किए गए।

-03 अप्रैल को निमियाघाट के अरगाघाट के पास वाहन चेकिंग के दौरान अलग-अलग वाहनों से कुल 29.31 लाख रुपये और धनवार के खोरीमहुआ चौक के समीप से 1.60 लाख रुपये नगद राशि जब्त की गई।

04 अप्रैल को गिरिडीह से 1.09 करोड़ बरामद।

**गिरिडीह पुलिस की बड़ी कार्रवाई...**

और बगोदर थाना प्रभारी समेत अन्य कर्मियों को शामिल किया गया। सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने वाहन जांच अभियान चलाया। बगोदर के औरा में बस की जांच की। इस दौरान पुलिस तीन व्यक्तियों को पकड़ा, जिनमें से दो व्यक्ति के पास से करीब 67 लाख और एक व्यक्ति के पास करीब 42.5 लाख रुपया यानी कुल 1.09 करोड़ बरामद किए। तीनों व्यक्तियों बरामद पैसे के संबंध में पूछताछ की जा रही है। एसपी ने कहा कि पैसे कहां से उठाए गए थे और कहां ले जाने की तैयारी थी व इसमें कौन-कौन लोग शामिल हैं, सभी की जांच चल रही है। आयकर विभाग को भी इसकी सूचना दी गई है। गिरिडीह के एसपी ने कहा कि चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू है और 50 हजार से अधिक रकम नगद ले जाने पर प्रतिबंध है।

**वाईएस रमेश बने पलामू के...**

दी। भारत निर्वाचन आयोग की तरफ से इस संबंध में निर्देश जारी कर दिया गया है। चुनाव आयोग ने देवघर एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग को हटा दिया था। इसके साथ ही निर्देश दिया था कि देवघर एसपी, दुमका आईजी, पलामू डीआईजी और रांची के ग्रामीण एसपी के लिए तीन-तीन आईपीएस के नाम का पैनल भेजें, जिसमें से एक की पोस्टिंग रिक्त पदों पर की जाएगी। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को चुनाव आयोग ने पांच राज्यों के आठ डीएम और 12 एसपी को पद से हटा दिया था। उसी दौरान झारखंड में देवघर एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग को हटाया गया था। आयोग ने देवघर एसपी के साथ-साथ पलामू डीआईजी, दुमका आईजी और रांची ग्रामीण एसपी की पोस्टिंग के लिए भी पैनल मांगा था।

**अजित पीटर डुंगडुंग चुनाव कार्य में भाग नहीं लेंगे :** अजित पीटर डुंगडुंग को लेकर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज करवायी थी। उसी के आधार पर देवघर एसपी को हटा दिया गया। इसके साथ ही उन्हें हर तरह के चुनावी कार्य से दूर रखने को कहा गया है।




## एक नजर

### नांगलोई मेट्रो स्टेशन पर सीआईएसएफ जवान ने गोली मारकर आत्महत्या की

**नई दिल्ली।** दिल्ली में नांगलोई मेट्रो स्टेशन पर गुरुवार को सीआईएसएफ के एक जवान ने अपनी सर्विस रिवॉल्वर से कथित तौर पर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान शहरे किशोर के रूप में हुई है। वह 2014 में सीआईएसएफ में कांस्टेबल (जीडी) के रूप में भर्ती हुआ था और जनवरी 2022 से दिल्ली में तैनात था। जवान अपने परिवार के साथ उत्तरी दिल्ली के नरेला में सरकारी क्वार्टर में रह रहा था। पुलिस के अनुसार, सुबह करीब 7.03 बजे नांगलोई मेट्रो स्टेशन पर सीआईएसएफ जवान शहरे किशोर के खुद को गोली मारने की सूचना मिली।

### जाति प्रमाणपत्र मामले में सांसद नवनीत राणा को एससी से राहत

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र की अमरावती सीट से सांसद नवनीत राणा को गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली। शीर्ष अदालत ने बॉम्बे हाई कोर्ट के उस आदेश को पलट दिया जिसमें लोकसभा सदस्य के अनुसूचित जाति प्रमाणपत्र को रद्द कर दिया गया था। न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा , हमारे विचार में स्क्रूटिनी कमेटी का आदेश संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत उच्च न्यायालय के हस्तक्षेप के योग्य नहीं है। पीठ ने कहा कि स्क्रूटिनी कमेटी ने नैसर्गिक न्याय के सिद्धांत का पालन करते हुए सभी पक्षों को विस्तार से सुना।

### ईडी ने फ्रीज किया शेख शाहजहां का अकाउंट



**कोलकाता।** ईडी ने निलंबित तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां के व्यक्तिगत बैंक खातों के साथ-साथ उसके स्वामित्व वाले व्यवसायों से जुड़े खातों को फ्रीज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ईडी के एक सूत्र ने बताया कि प्रक्रिया दो बैंक खातों से शुरू हुई है, एक व्यक्तिगत रूप से शाहजहां के नाम पर है और दूसरा मछली निर्यात इकाई "मेसर्स शेख सबीना फिश सप्लाई ऑनली" का खाता है, जो शाहजहां की बेटी शेख सबीना के नाम पर पंजीकृत है। ईडी के अधिकारियों ने संबंधित बैंकों के अधिकारियों को इन दोनों खातों में पैसों के लेनदेन पर तुरंत रोक लगाने के लिए लिखा है। साथ ही शाहजहां, उसके परिवार के सदस्यों और करीबी सहयोगियों से जुड़े कुछ अन्य बैंक खातों में लेनदेन के विवरण के बारे में कुछ बैंक अधिकारियों से भी पूछताछ की गई है।

### भीलवाड़ा में पूर्व कांग्रेस विधायक विवेक धाकड़ ने की आत्महत्या



**जयपुर।** राजस्थान में भीलवाड़ा जिले के सुभाष नगर स्थित अपने घर पर गुरुवार को पूर्व कांग्रेस विधायक विवेक धाकड़ ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस अधिकारियों ने कहा, "पारिवारिक कलह को आत्महत्या का कारण बताया जा रहा है। विवेक धाकड़ ने अपने हाथ की नस काटी है।"पुलिस अधिकारियों ने कहा कि सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। विवेक धाकड़ का शव महात्मा गांधी अस्पताल की मोर्चरी में रखा गया है। सुभाष नगर थाने के इंस्पेक्टर शिवराज गुर्जर ने कहा, विवेक धाकड़ की आत्महत्या का कारण अभी तक पता नहीं चला है। परिवार दुखी है और दर्द में है, इसलिए हमने अभी तक उनसे बात नहीं की है।

## सफल परीक्षण : दुश्मन के एक साथ कई टारगेट तबाह करेगी अग्नि प्राइम

### उड़ान के दौरान अग्नि प्राइम ने अधिकतम सीमा तक अपने लक्ष्य पर सटीक निशाना लगाया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत ने नई पीढ़ी की परमाणु सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि प्राइम का ओडिशा तट पर बीती आधी रात को सफल परीक्षण किया है। डीआरडीओ में विकसित 2000 किलोमीटर रेंज की इस मिसाइल को जल्द ही सशस्त्र बलों में शामिल किया जाएगा। यह मिसाइल वजन में काफी है, इसलिए इसे पहले से सेवा में शामिल अग्नि-1 की जगह प्रतिस्थापित किये जाने की योजना है। भारत ने अग्नि प्राइम की नाइट लांचिंग करके एयरोस्पेस की दुनिया में धमाका कर दिया है। ओडिशा के तट पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से डीआरडीओ ने यह परीक्षण किया। मिसाइल ने अधिकतम सीमा तक जाकर अपने लक्ष्य पर सटीक निशाना लगाया। यह अग्नि सीरीज की आधुनिक, घातक, सटीक और मीडियम रेंज की परमाणु बैलिस्टिक मिसाइल है। भारत की यह परमाणु मिसाइल एक साथ दुश्मन के कई टारगेट तबाह कर सकती है। अग्नि प्राइम मिसाइल के तीन सफल विकासात्मक परीक्षणों के बाद उपयोगकर्ताओं की ओर से किया गया यह दूसरा प्री-इंडक्शन नाइट लॉन्च था, जिसने सिस्टम की सटीकता और विश्वसनीयता को मान्य किया। परमाणु मिसाइल का पहला प्री-



इंडक्शन नाइट लॉन्च 07-08 जून, 2023 की रात को किया गया था।

बीती रात परीक्षण के दौरान उड़ान डेटा को कैप्चर करने के लिए टर्मिनल बिंदु पर दो डाउनरेंज जहाजों सहित विभिन्न स्थानों पर राडार, टेलीमेट्री और इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम जैसे कई रेंज इंस्ट्रूमेंटेशन तैनात किए गए थे। अग्नि प्राइम मिसाइल ने उच्च स्तर की सटीकता के साथ सभी मिशन उद्देश्यों को पूरा किया। विभिन्न स्थानों पर तैनात राडार, टेलीमेट्री और इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम जैसे कई रेंज इंस्ट्रूमेंटेशन से मिले डेटा ने मिसाइल सिस्टम के प्रदर्शन को पूरी तरह सफल करार दिया है। सशस्त्र बलों में पहले से शामिल अग्नि-1 मिसाइल की जगह इसे प्रतिस्थापित किये जाने की योजना है। अग्नि परियोजना से जुड़े एक रक्षा अधिकारी ने कहा कि अग्नि-क सिंगल-स्टेज की मिसाइल है, जबकि 'अग्नि प्राइम' दो स्टेज के रॉकेट मोटर पर चलने वाली मिसाइल है, जिसका तीसरा स्टेज मैन्यूवरेबल रीएंट्री व्हीकल है। यानी इससे तीसरे स्टेज को दूर से नियंत्रित करके दुश्मन के टारगेट पर सटीक हमला किया जा सकता है। डबल-स्टेज अग्नि प्राइम में एक कनस्तर संस्करण होगा, जिससे इसे सड़क और मोबाइल लॉन्चर दोनों से फायर किया जा सकता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ, एसएफसी तथा सशस्त्र बलों को इस सफल परीक्षण के लिए बधाई दी है।

### चांद की सतह को एक्सप्लोर करने के लिए नासा डेवलप करेगा एलटीवी



**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने लूनर टरेन व्हीकल (एलटीवी) डेवलप करने के लिए तीन कंपनी -- इंटुएटिव मशीन्स, लूनर आउटपोस्ट और वेंचुरी एस्ट्रोलैब को चुना है। नासा ने कहा कि यह व्हीकल चंद्रमा पर एजेंसी के आर्टेमिस कैंपेन और मंगल ग्रह पर ह्यूमन मिशन की तैयारी के दौरान साइंटिफिक रिसर्च करने में मदद करेगा। ह्यूस्टन में नासा के जॉनसन स्पेस सेंटर के निदेशक वैनेसा विच ने कहा, हम चंद्रमा को एक्सप्लोर करने के लिए आर्टेमिस जनरेशन के लूनर एक्सप्लोरिंग व्हीकल के डेवलपमेंट की उम्मीद करते हैं। विच ने कहा, यह व्हीकल हमारे अंतरिक्ष यात्रियों की चंद्रमा की सतह का पता लगाने और एक्सप्लोर करने की क्षमता में काफी वृद्धि करेगा, साथ ही क्रू मिशन के बीच प्लेटफॉर्म के रूप में भी काम करेगा। नासा का मकसद आर्टेमिस वी के दौरान क्रू ऑपरेशन्स के लिए एलटीवी का इस्तेमाल शुरू करने का है। आर्टेमिस मिशनों के बीच, जब क्रू चंद्रमा पर नहीं होंगे तो एलटीवी जरुरत के मुताबिक नासा के वैज्ञानिक सपोर्ट के तौर पर दूर से काम करेंगे। वाशिंगटन में नासा हेड क्वार्टर्स के चीफ एक्सप्लोरेशन साइंसटिस्ट जैकब ब्लीचर ने कहा, हम एलटीवी का इस्तेमाल उन लोकेशन की यात्रा के लिए करेंगे, जहां हम नहीं पहुंच पाएंगे, जिससे एक्सप्लोर करने और डिस्कवरी करने की हमारी क्षमता बढ़ेगी। आर्टेमिस के जरिए, नासा चंद्रमा को एक्सप्लोर करने के लिए अंतरिक्ष यात्रियों को भेजेगा।

## कांग्रेस संसदीय दल की चेयरपर्सन सोनिया गांधी बनीं रास सांसद



**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस संसदीय दल की चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने गुरुवार को बतौर राज्यसभा सांसद शपथ ली। सोनिया गांधी राजस्थान से राज्यसभा के लिए चुनी गई हैं। गौरतलब है कि सोनिया गांधी लगातार लोकसभा चुनाव लड़कर संसद पहुंचती रही हैं। लेकिन, यह पहला अवसर है, जब वह राज्यसभा सांसद के तौर पर संसद में नजर आएंगी।

गुरुवार को सोनिया गांधी के अलावा केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव व 14 अन्य व्यक्तियों ने राज्यसभा सांसद की शपथ ली। अश्विनी वैष्णव ने ओडिशा से राज्यसभा सांसद के तौर पर शपथ ली, कर्नाटक से कांग्रेस के अजय माकन, उत्तर प्रदेश से भाजपा के आरपीएन सिंह व पश्चिम बंगाल से समिक भट्टाचार्य शपथ लेने वाले सांसदों में शामिल रहे।

गुरुवार को हुए राज्यसभा सांसदों के शपथ ग्रहण समारोह में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सभी नेताओं को शपथ दिलाई।

### इन सभी ने ली रास सदस्यता की शपथ

भारत के माननीय उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को संसद भवन में राज्यसभा के निर्वाचित सदस्यों ने अश्विनी वैष्णव, श्रीमती सोनिया गांधी, मदन राठौड़, रवि चंद्र वद्दीराजू, गोला बाबूराव, मेदा रघुनाधा रेड्डी, येरम वेंकट सुब्बा रेड्डी, संजय कुमार झा, कुँवर रतनजीत प्रताप नारायण सिंह, समिक भट्टाचार्य को शपथ दिलाई।

## पीएम ने जमुई के खैरा से बिहार में चुनावी प्रचार का किया आगाज, कहा

# आज का भारत दुश्मनों को घर में घुस कर मारता है

**एजेंसी। जमुई (बिहार)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को जमुई के खैरा से बिहार में चुनावी प्रचार का आगाज किया। इस दौरान उन्होंने जहां विपक्ष पर जमकर निशाना साधा, वहीं विश्व में भारत की बढ़ती साख पर कहा कि आज का भारत बदल गया है, वह दुश्मनों को घर में घुस कर मारता है। उन्होंने विकास को लेकर किए गए कार्यों को लेकर कहा कि मोदी की सोच अलग है। उन्होंने कहा कि 10 साल में किया गया काम तो ट्रेलर है, अभी तो बहुत कुछ करना है।

जमुई लोकसभा के खैरा में बल्लोपुर मैदान में आयोजित एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज देश बदल रहा है और बिहार इसका साक्षी है। जमुई की पहचान नक्सलवाद के लिए होती थी।

उन्होंने कहा कि आपका सपना ही मेरा संकल्प है। बिहार को आगे ले जाना ही मोदी की गारंटी है। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि घमण्डिया गठबन्धन बिहार का भला नहीं कर सकता। प्रधानमंत्री ने बिना किसी का नाम लिए लालू प्रसाद को लैंड फॉर जॉब के मामले में घेरते हुए कहा कि जो लोग रेलवे में भर्ती के नाम पर गरीब युवाओं से जमीन लिखवा लें, वह बिहार का भला नहीं कर सकते।



उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तारीफ करते हुए कहा कि नीतीश कुमार भी रेल मंत्री थे लेकिन आज तक कोई शिकायत नहीं आई। पहले खस्ताहाल ट्रेनें चलती थी, लेकिन आज वंदे भारत चल रही है। पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। चंद्रमा के जिस कोने पर कोई नहीं पहुंचा था, वहां हमारा चंद्रयान और तिरंगा पहुंच गया। भारत जब जी20 की बैठक करता है तो उसकी चर्चा पूरे विश्व में होती है। यह मोदी ने नहीं, ये आपने किया है। आपके एक वोट से यह सब हो पाया है। यही आपके वोट की ताकत है, इसलिए इस सफलता की हकदार जनता है। पीएम ने जोर देकर कहा कि 10 साल पहले दुनिया में भारत को लेकर क्या राय होती थी, आप सब जानते हैं। कांग्रेस राज में भारत को गरीब और कमजोर देश माना जाता था।

उन्होंने पाकिस्तान की ओर इशारा करते हुए कहा कि आज जो देश आटे के लिए तरस रहा है उसके आतंकी हमारे यहां हमले करते थे। कांग्रेस सरकार दूसरे देशों के पास इसकी शिकायत लेकर जाती थी। लेकिन, मोदी ने कहा कि ऐसे नहीं चलेगा।

पीएम मोदी ने कहा कि भारत महान पाटलिपुत्र और मगध वाला देश है। यह चंद्रगुप्त मौर्य वाला भारत है। आज का भारत घर में घुसकर मारता है। इस जनसभा में प्रधानमंत्री ने स्वर्गीय रामविलास पासवान को भी याद किया। उन्होंने कहा कि आज रामविलास की कमी खल रही है। वे मेरे परम मित्र थे। उनकी विरासत को मेरा छोटा भाई चिराग पासवान आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने लोगों की भीड़ को देखते हुए कहा कि यह चुनावी सभा नहीं बल्कि विजय सभा लग रही है।

### संदेशखाली की महिलाओं का शोषण करने वाले होंगे सलाखों के पीछे : मोदी

**कोलकाता।** पीएम ने गुरुवार को कहा कि जो लोग संदेशखाली की महिलाओं के उत्पीड़न के जिम्मेदार हैं, उनको अब अपना बाकी जीवन सलाखों के पीछे बिताना होगा। कूचबिहार में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, हाल ही में पूरे देश ने देखा कि कैसे टीएमसी और राज्य सरकार ने संदेशखाली की महिलाओं का शोषण करने वाले लोगों को बचाया। लेकिन, मैं कहना चाहता हूं कि उन्हें किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। जिन लोगों ने इस जघन्य अपराध को अंजाम दिया है, उन्हें अब अपना शेष जीवन सलाखों के पीछे बिताना होगा। पीएम ने चेताया कि संदेशखाली में जो कुछ भी हुआ है, उसकी भारी कीमत टीएमसी को चुकानी होगी। उन्होंने कहा, संदेशखाली की महिलाओं के साथ जो कुछ भी हुआ है, उसका जिम्मेदार कोई और नहीं, बल्कि टीएमसी ही है। टीएमसी को इसके लिए भारी कीमत चुकानी होगी। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी केंद्र सरकार की योजनाओं का फायदा प्रदेश की जनता को नहीं होने दे रही हैं।

## शरद पवार बनाम अजित पवार

# सुप्रीम कोर्ट का 'घड़ी' चुनाव चिह्न पर अपने आदेश में संशोधन से इनकार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को अपने उस आदेश को संशोधित करने से इनकार कर दिया, जिसमें राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अजित पवार गुट को यह स्पष्ट करने के लिए कि 'घड़ी' चुनाव चिह्न का आवंटन न्यायालय में विचाराधीन है, अखबारों में सार्वजनिक सूचना जारी करने के लिए कहा गया था। इस बात पर गौर करते हुए कि समाचार पत्रों में सार्वजनिक विज्ञापन किसी कोनों में दबे हुए थे, न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने अजित पवार पक्ष से नए सिरे से प्रमुखता से सार्वजनिक सूचना जारी करने को कहा। पीठ में न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन भी शामिल थे।

इसने अजित पवार का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी से राकांपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और उम्मीदवारों को शीर्ष अदालत के निर्देश की अवहेलना नहीं करने के लिए



जागरूक करने को भी कहा। इसके अलावा, अदालत ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार (एनसीपी-एसपी) - जिसके पास 'तुरहा बजा रहा आदमी' का निशान है - भी अदालत के आदेशों का पालन करेगी और 'घड़ी' चिह्न का उपयोग नहीं करेगी। पीठ शरद पवार गुट द्वारा दायर एक आवेदन पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें 19 मार्च के अंतरिम निर्देश का अनुपालन न करने का आरोप लगाया गया था।

उस आदेश में, शीर्ष अदालत ने अजित पवार के नेतृत्व वाली पार्टी - जिसे चुनाव आयोग ने 'असली' एनसीपी के रूप में मान्यता दी है - को अंग्रेजी, मराठी और हिंदी संस्करणों में एक सार्वजनिक सूचना जारी करने के लिए कहा था, जिसमें कहा गया था कि एनसीपी के लिए आरक्षित 'घड़ी' चिह्न सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष लंबित कार्यवाही के अंतिम परिणाम के अधीन है।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश में कहा गया था, इस तरह की घोषणा प्रतिवादियों (अजित पवार के नेतृत्व वाली पार्टी) की ओर से जारी किए जाने वाले प्रत्येक पर्चे, विज्ञापन, ऑडियो या वीडियो क्लिप में शामिल की जाएगी।

## मध्य प्रदेश में नगदी सहित 63 करोड़ की सामग्री जब्त



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद विभिन्न एजेंसियों की कार्रवाई के दौरान नगदी सहित 63 करोड़ से अधिक की सामग्री जब्त की गई है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने गुरुवार को बताया कि आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के बाद पुलिस एवं अन्य एन्फोर्समेंट एजेंसियों द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। 16 मार्च से 2 अप्रैल तक 6 करोड़ 58 लाख 53 हजार 49 रुपए नगद राशि सहित 63 करोड़ 50 लाख 16 हजार 304 रुपये मूल्य की विभिन्न सामग्री जब्त की गई है। इसमें 11 लाख 32 हजार 859 लीटर मदिरा भी जब्त की गई है, जिसका मूल्य 17 करोड़ 95 लाख 55 हजार 629 रुपए है। उन्होंने आगे बताया कि 14 करोड़ 34 लाख 35 हजार 955 रुपए मूल्य के 10 हजार 285 किलोग्राम से अधिक ड्रग्स और 3 करोड़ 92 लाख 71 हजार 21 रुपए मूल्य की 199 किलोग्राम से अधिक कीमती धातुएं भी जब्त की गई हैं। 20 करोड़ 69 लाख 650 रुपए मूल्य की अन्य सामग्री (रेडीमेड गारमेंटस् आदि) जब्त की गई है।

## अपाचे हेलीकॉप्टर की लद्दाख में एहतियातन लैंडिंग, दो पायलट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय वायु सेना के एक अपाचे हेलीकॉप्टर ने 3 अप्रैल को परिचालन प्रशिक्षण उड़ान के दौरान लद्दाख में एहतियाती लैंडिंग की। हालांकि दोनों पायलट सुरक्षित हैं और उन्हें निकटतम एयरबेस पर ले जाया गया। लैंडिंग की प्रक्रिया के दौरान उतार-चढ़ाव वाले इलाके और उच्च ऊंचाई के कारण हेलीकॉप्टर को क्षति पहुंची है। तकनीकी कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी का आदेश दिया गया है। वायु सेना के बेड़े में शामिल 22 अपाचे हेलीकॉप्टरों के लिए सितम्बर, 2015 में अमेरिकी सरकार और बोइंग लिमिटेड के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किये गए थे। यह शक्तिशाली और भारी हथियार ले



जाने में सक्षम होने के बावजूद वजन में भारी होने की वजह से उच्च ऊंचाई वाले इलाकों में पूरी क्षमता से काम नहीं कर पाते हैं। इसी वजह से हर 1-2 महीने में कुछ तकनीकी समस्याओं के चलते अपाचे हेलीकॉप्टर की आपातकालीन या एहतियाती लैंडिंग कराने की नौबत आई हैं। यही वजह है कि बुधवार को एहतियाती लैंडिंग की प्रक्रिया के दौरान उतार-चढ़ाव वाले इलाके और उच्च ऊंचाई के कारण हेलीकॉप्टर को क्षति हुई है। यहां तक कि अमेरिकी वायु सेना ने पिछले 1 वर्षों में 12-13 अपाचे खो दिए हैं और दुनिया भर में इस्तेमाल करने वाली अन्य वायु सेनाओं के इससे अधिक अपाचे दुर्घटनाग्रस्त हुए हैं। अमेरिका में एक वर्ष के भीतर अपाचे हेलीकॉप्टरों को कई बार ग्राउंडेड किया गया है। अमेरिकी हेलीकॉप्टर अपाचे का एएच-64ई (आई) मॉडल भारतीय वायु सेना की उच्च ऊंचाई वाली आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। वायु सेना ने पठानकोट एयरबेस पर और भारतीय सेना ने जोधपुर में अपाचे लड़ाकू हेलीकॉप्टरों की स्क्वाड्रन स्थापित की है। अपाचे लड़ाकू हेलीकॉप्टर फ्लाइंग रेंज 550 किलोमीटर में 16 एंटी टैंक मिसाइल दागकर उसके परखच्चे उड़ा सकता है। इसे दुश्मन पर बाज की तरह हमला करके सुरक्षित निकल जाने के लिए बनाया गया है। हेलीकॉप्टर के नीचे लगी बंदूकों से 30 एमएम की 1,200 गोलियां एक बार में भरी जा सकती हैं। अपाचे एक बार में 2:45 घंटे तक उड़ान भर सकता है।

### भारत ने सीरिया में ईरानी दूतावास परिसर में हवाई हमले पर जताई चिंता

**नई दिल्ली।** भारत ने सीरिया की राजधानी दमिश्क स्थित ईरान के दूतावास परिसर पर विगत 01 अप्रैल को हुए इजरायली हमले पर चिंता व्यक्त की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में कहा कि भारत पश्चिम एशिया में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति पर क्षुब्ध है। इससे क्षेत्र में हिंसा और अस्थितरता बढ़ सकती है। सभी संबंधित पक्षों को अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों का पालन करना चाहिए। गत दिनों हुए हमले में ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड के कई कमांडर मारे गए थे। इस संबंध में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एक बैठक में चिंता व्यक्त की गई थी। रूस से कच्चा तेल खरीदे जाने के सिलसिले में अमेरिकी वित्त विभाग के अधिकारियों की भारत यात्रा से जुड़े सवाल पर प्रवक्ता ने कहा कि भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकता के आधार पर वाणिज्यिक निर्णय लेता है। बाजार में जहां सस्ता तेल उपलब्ध होता है उसकी खरीद की जाती है।

## नौसेना ने नौ समुद्री लुटेरों को मुंबई पुलिस के हवाले किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय नौसेना ने सोमालिया के पूर्व में समुद्र में एक अभियान के दौरान पकड़े गये नौ समुद्री लुटेरों को गुरुवार को मुंबई पुलिस के हवाले कर दिया। इन समुद्री लुटेरों ने 23 पाकिस्तानी चालक दल वाली एक मछली पकड़ने वाली नौका का अपहरण कर लिया था जिसके बाद नौसेना ने नौका को बचाने के लिए एक अभियान चलाया था। नौसेना ने कहा, आईएनएस त्रिशूल 03 अप्रैल 24 को मुंबई पहुंचा और सभी नौ समुद्री लुटेरों को भारतीय कानूनों, विशेष रूप से समुद्री डकैती रोधी अधिनियम 2022 के अनुसार, आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए



स्थानीय पुलिस को सौंप दिया। अधिकारियों ने कहा, 29 मार्च 2024 को सोमालिया के पूर्व में समुद्री डकैती विरोधी अभियानों के दौरान भारतीय नौसेना के जहाजों आईएनएस त्रिशूल और आईएनएस सुमेधा की मजबूत कार्रवाइयों के परिणामस्वरूप एफवी (मछली पकड़ने वाली नौका) अल कंबार और 23 पाकिस्तानी नागरिकों के चालक दल को सफलतापूर्वक बचाया गया था।